3 राजधानी
संघ का पराया कोई नहीं: भागवत

6 अभिमत
एकसाथ चुनाव: प्रगति का रास्ता

10 विदेश
अमेरिका में चुनाव सर्वेक्षण में बाइडेन ट्रंप से पीछे

11 राष्ट्रीय
पंजाब में पूर्व मंत्री बादल पर मुकदमा

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 333
लखनऊ, मंगलवार, 26 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




मुश्किल समय में बने रहें सकारात्मक
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# एशियाई खेलों में शुरू हुई भारत की स्वर्णिम होड़

## ● महिला क्रिकेट टीम और निशानेबाजों ने देश के लिए दो स्वर्ण जीतकर चीन में लहराया तिरंगा

## ● भारत ने खेलों के दूसरे दिन दो स्वर्ण, चार कांस्य पदक जीते

**एजेंसी।** हांगझोउ

**महिला** क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों के दूसरे दिन सोमवार को यहां स्वर्ण पदक जीता जबकि निशानेबाजी और नौकायन में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी रहा, जिससे देश ने सोमवार को छह पदक जीते। भारत ने खेलों के दूसरे दिन दो स्वर्ण, चार कांस्य पदक जीते।

युवा तेज गेंदबाज टिटास साधू के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने सोमवार को श्रीलंका को 19 रन से हराकर एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। बल्लेबाजी के लिए कठिन पिच पर भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 116 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 97 रन ही बना सकी। चार दिन बाद अपना 19वां जन्मदिन मनाने जा रही साधू ने चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए। इससे पहले भारत के लिए स्मृति मंधाना (45 गेंद में 46 रन) और जेमिमा रौड्रिग्ज (40 गेंद में 42 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़े।


हांगझोउ में सोमवार को एशियाई खेलों में श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम


हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में जीत हासिल करने के बाद स्वर्ण पदक के साथ रुद्रांक्ष पाटिल (दाहिने), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (मध्य) और दिव्यांश सिंह पवार।

भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए टीम स्वर्ण पदक सहित तीन पदक जीते। विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल की अगुआई में भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ मौजूदा एशियाई खेलों में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने इसके बाद व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में रुद्रांक्ष को पछाड़ा जो चौथे स्थान पर रहे। आदर्श सिंह, अनीष भानवाला और विजयवीर सिद्धू की भारतीय तिकड़ी ने 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा में 1718 अंक से इंडोनेशिया के साथ टाई रहने के बाद कांस्य पदक जीता। भारत के नौकायन खिलाड़ियों ने दो स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार और आशीष गोलियान की टीम ने पुरुष फोर स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ की जिसके बाद सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जाकर खान और सुखमीत सिंह ने पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स में कांस्य पदक अपने नाम किया। क्वाड्रपल स्कल्स में भारतीय टीम ने छह मिनट 8.61 सेकेंड का समय लिया। चीन (6:02.65) को स्वर्ण जबकि उज्बेकिस्तान (6:04.64) को रजत पदक मिला। भारत के बलराज पंवार हालांकि पुरुष एकल स्कल्स में चौथे स्थान पर रहते हुए एशियाई खेलों में अपना पहला पदक जीतने से चूक गए। भारत की महिला टीम ने सबसे अधिक निराश किया जो महिला ऐट स्पर्धा में पांच टीम की स्पर्धा में सात मिनट 5.71 सेकेंड के समय के समय के साथ अंतिम स्थान पर रही।

टेनिस में एक बड़े उलटफेर में स्वर्ण पदक के दावेदार शीर्ष वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी की जोड़ी पुरूष युगल में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गई। उजबेकिस्तान के सर्जेइ फोमिन और खुमोयुन सुल्तानोव ने यह मुकाबला 2-6, 6-3, 10-6 से जीता। इससे पहले भारत की शीर्ष एकल खिलाड़ी अंकिता रैना ने शानदार शुरूआत करते हुए महिला एकल टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि रूतुजा भोसले को निचली रैंकिंग वाली अरूजान सगनडिकोवा के खिलाफ जीतने में काफी पसीना बहाना पड़ा। बोपन्ना ने बाद में रुतुजा के साथ मिश्रित युगल में उज्बेकिस्तान के अक्गुल अमामुराडोवा और मैक्सिम शिम की जोड़ी को 6-4, 6-2 से हराया।

# मोदी ने की राजस्थान में तूफानी रैली

## ● कहा-गहलोत सरकार ने राजस्थान के युवाओं के पांच साल बर्बाद किए, आज पूरी दुनिया में भारत के सामर्थ्य की वाहवाही हो रही है

**एजेंसी।** जयपुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि आज देश का गौरव नए आसमान पर है और पूरी दुनिया में भारत के सामर्थ्य की वाहवाही हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति पाने का बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने कहा, पिछले पांच साल में कांग्रेस ने यहां जिस तरह की सरकार चलाई है वह जीरो नंबर पाने की हकदार है।

मोदी जयपुर के बाहरी इलाके के दादिया गांव में परिवर्तन संकल्प महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आज मैं जयपुर ऐसे समय में आया हूं, जब देश का गौरव नए आसमान पर है। आज पूरी दुनिया में भारत के सामर्थ्य की वाह-वाही हो रही है। हमारा चंद्रयान वहां पहुंचा, जहां दुनिया का कोई भी देश नहीं पहुंच पाया। जी20 में भारत की सफलता से भारत के विरोधी देश भी हैरान हैं, परेशान हैं। मोदी ने कहा, भारत ने गणेश चतुर्थी के दिन अपनी नई ससंद भवन से काम-काज शुरू किया है और नई ईमारत में सबसे पहला काम भाजपा सरकार ने हमारी माताओं बहनो, बेटियों को भी समर्पित किया है। राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति पाने का बिगुल फूंक दिया है। पिछले पांच साल में कांग्रेस ने यहां जिस तरह की सरकार चलाई है वह जीरो नंबर पाने की हकदार है। गहलोत सरकार ने राजस्थान के लोगों, युवाओं के पांच महत्वपूर्ण वर्ष बर्बाद कर दिए। इसलिए राजस्थान के लोगों ने ठान लिया है कि वे गहलोत सरकार को हटाएंगे भाजपा को वापस लाएंगे। मोदी ने कहा, मैं साफ देख रहा हूं कि राजस्थान में अब परिवर्तन होकर रहेगा। उन्होंने कहा, राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद पेपर लीक माफिया पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस एवं उसके घमंडिया साथी महिला आरक्षण के घोर विरोधी हैं। जो कांग्रेसी आज महिला आरक्षण की बात कर रहे हैं, ये काम वे 30 साल पहले कर सकते थे। जब-जब मौका मिला तब वे कर सकते थे। लेकिन सच्चाई ये है कि कांग्रेसी कभी चाहते ही नहीं थे कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिले।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने राज्य के युवाओं के पांच महत्वपूर्ण साल बर्बाद कर दिए हैं। मोदी ने विश्वास जताया कि राज्य में सत्ता बदलने वाली है। उन्होंने कहा, राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति पाने का बिगुल फूंक दिया है। पिछले पांच साल में जिस तरह की सरकार कांग्रेस ने यहां चलाई है वह जीरो नंबर पाने की हकदार है। गहलोत सरकार ने राजस्थान के लोगों एवं युवाओं के पांच महत्वपूर्ण वर्ष बर्बाद कर दिए।



जयपुर में सोमवार को दादिया गांव में आयोजित परिवर्तन संकल्प महासभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# अन्नाद्रमुक ने भाजपा से चार साल पुरानी दोस्ती तोड़ी

## ● लोकसभा चुनाव में अलग मोर्चे का नेतृत्व करेगी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के बयान के बाद बिगड़ी बात

**कुमार चेलप्पन।** चेन्नई

**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई द्वारा पूर्व मुख्यमंत्रियों सीएन अन्नादुराई और जे जयललिता के खिलाफ लगाए गए कथित आरोपों से नाराज होकर अन्नाद्रमुक ने सोमवार को भाजपा के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया। पार्टी के कद्दावर नेता केपी मुनुसामी ने कहा, 'अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच अब कोई गठबंधन नहीं है। हम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से भी बाहर आ गए हैं।' मुनुसामी नेचेन्नई में पार्टी के राज्य और जिला नेताओं के एक दिवसीय सम्मेलन के बाद मीडिया को जानकारी दी।

मुनुसामी ने यह भी घोषणा की कि भविष्य में अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच कोई गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'पूरा अन्नाद्रमुक कैडर और नेतृत्व अन्नामलाई की उस टिप्पणी से परेशान और हैरान है कि पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के आदर्श अन्नादुरई ने 1956 में एक कार्यक्रम में हिंदू धर्म को अपमानित किया था।

इस फैसले की जानकारी अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री डी जयकुमार ने दी थी कि आज की तारीख में उनकी पार्टी और भाजपा के बीच कोई गठबंधन नहीं है। जयकुमार ने पिछले हफ्ते संवाददाताओं से कहा था 'गठबंधन चुनाव के समय बनते हैं। मैं बस इतना कह सकता हूं कि भाजपा के साथ कोई राजग या गठबंधन नहीं होगा।मुझे नहीं पता कि भविष्य में पार्टी के लिए क्या होगा।'

पिछले कुछ महीनों से भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच कई मुद्दों को लेकर रिश्ते खराब हो रहे थे। जबकि भाजपा के नेता नवीनतम घटनाक्रम के बारे में अनभिज्ञ बने रहे, तमिलनाडु के राजनीतिक पंडितों का मानना ???है कि अन्नाद्रमुक ने भाजपा के साथ संबंध तोड़कर एक राजनीतिक हारा-किरी की है।

अनुभवी टिप्पणीकार जी सी शेखर ने कहा, 'आज अन्नाद्रमुक ने जो किया है वह 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान द्रमुक ने जो किया था उसकी पुनरावृत्ति है। द्रमुक ने कांग्रेस से अपना नाता तोड़ लिया था और इसका परिणाम कांग्रेस के लिए विनाशकारी था। वह राज्य से एक भी सीट जीतने में असफल रही। जयललिता, जिन्होंने आगे बढ़कर अन्नाद्रमुक का नेतृत्व किया, ने खुद को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया और 39 लोकसभा सीटों में से 37 सीटें हासिल कीं। क्या आपको लगता है कि अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पादी पलानीसामी में जयललिता जैसा करिश्मा है? अगर अन्नाद्रमुक अकेले चुनाव लड़ती है तो बड़ी मुसीबत में पड़ जाएगी।' उन्होंने यह भी कहा कि अगर अन्नाद्रमुक एनडीए से बाहर आना चाहती थी, तो ऐसा अगस्त में ही हो जाना चाहिए था जब अन्नामलाई ने अन्नादुरई की निंदा करते हुए बयान दिया था। अगर अन्नामलाई के बयान से अन्नाद्रमुक नेतृत्व नाराज है, तो पलानीसामी ने बाद में केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात क्यों की?' थांथी टीवी के पूर्व प्रधान संपादक रंगराज पांडे का मानना ??है कि अन्नाद्रमुक की नाराजगी केवल भाजपा के राज्य नेतृत्व के प्रति है। उन्होंने कहा, 'एडप्पादी पलानीसामी के गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के अखिल भारतीय प्रमुख जेपी नड्डा के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। अन्नामलाई अन्नाद्रमुक की आंखों की किरकिरी बनते दिख रहे हैं। इसके अलावा द्रमुक नेतृत्व अन्नाद्रमुक नेताओं को भाजपा का गुलाम और पिट्ठू कहकर उनका मजाक उड़ा रहा है। हालांकि यह भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन के लिए सड़क का अंत है, 2024 के चुनावों के बाद कुछ भी हो सकता है।' अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच पिछले कुछ समय से संबंध बिल्कुल भी सहज नहीं थे। 1998 में, अन्नाद्रमुक ने एक साल के लंबे राजनीतिक हनीमून के बाद वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को गिरा दिया। हालाँकि 2004 तक दोनों पार्टियों में समझौता हो गया, लेकिन द्रमुक के नेतृत्व वाले मोर्चे ने राज्य की सभी 39 सीटें जीतकर अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन को पछाड़ दिया। उस दिन के बाद से, अन्नाद्रमुक ने भाजपा गठबंधन से दूरी बना ली थी और इसे 2019 में पुनर्जीवित किया गया, जिसका मतदाताओं पर कोई असर नहीं पड़ा। शेखर का मानना है कि अगर एआईएडीएमके गठबंधन तोड़ने के फैसले पर अड़ी रही तो उसे हार का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'अन्नामलाई के नेतृत्व में भाजपा दिन पर दिन मजबूत होती जा रही है। जबकि अन्नाद्रमुक एक विभाजित घर है। ओ पन्नीरसेल्वन, वीके शशिकला और टीटीवी दिनाकरन को पार्टी से बाहर भेजे जाने से अन्नाद्रमुक को बड़ा वोट शेयर खोना पड़ा है।



## क्विक न्यूज

### मुख्तार को गैंगस्टर मामले में जमानत, जुर्माने पर रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2007 के गैंगस्टर मामले में माफिया मुख्तार अंसारी को सोमवार को जमानत दे दी और साथ ही उस पर लगाए गए पांच लाख रुपए जुर्माने पर रोक लगा दी। मुख्तार अंसारी ने गाजीपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत के निर्णय के खिलाफ अपील दायर की थी। विशेष अदालत ने अंसारी को दोषी करार देते हुए उसे 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी और पांच लाख रुपए जुर्माना लगाया था। न्यायमूर्ति राजबीर सिंह इस मामले मे दोषसिद्धि पर रोक लगाने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि बाद के चरण में मौजूदा अपील पर सुनवाई के दौरान दोषसिद्धि रद्द करने की अपील पर सुनवाई की जाएगी। इससे पूर्व, मुख्तार के वकील ने अपनी अपील में दलील दी थी कि 2005 में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या मे अंसारी की कथित संलिप्तता के आधार पर उन पर गैंगस्टर कानून लगाया गया था और उस मामले मे उन्हे पहले ही बरी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इसलिए गैंगस्टर कानून के तहत दायर मौजूदा मामले में कुछ बचा नहीं है।

# सभी विभागों में रिक्त पदों को तत्काल भरें: मुख्यमंत्री

## ● कहा, पदोन्नति के लिए परफॉर्मेंस को बनाएं आधार 30 सितम्बर तक पूरी हो जाए प्रमोशन की प्रक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभी विभागों में रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव के साथ विभागवार कार्मिकों की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कई दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय विभागों में मानव संसाधन का अभाव विभागीय कार्यक्षमता और जनहित पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। नियुक्तियों में विलंब से केवल बैकलॉग बढ़ता है, बल्कि युवाओं की अपनी योग्यता के अनुरूप अवसर भी नहीं मिलता। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक विभाग अपने यहां नियुक्ति की प्रक्रिया को समय से आगे बढ़ाएं। रिक्तियों के संबंध में जिलों से प्राप्त हो रही जानकारी की समीक्षा भी करें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों में ग्राम, नगर और जिला से लेकर शासन स्तर तक प्रत्येक संवर्ग की गहनता से समीक्षा कर आवश्यक रिक्तियों की स्थिति स्पष्ट की जाए। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के माध्यम से सभी विभागों में रिक्तियों, प्रचलित नियुक्ति प्रक्रिया और आवश्यक मानव संसाधन की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व आरक्षण नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते दौर के साथ नगर विकास जैसे विभागों में अनेक नवीन पदों के सृजन की आवश्यकता है। तदनुसार कार्यवाही की जानी चाहिए। राजस्व विभाग में समायोजित किए गए चकबंदी लेखपालों का विधिवत प्रशिक्षण कराएं। पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर जारी चयन की प्रक्रिया आगामी दिसंबर तक पूरी कर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समयबद्ध पदोन्नति शासकीय सेवा का हिस्सा है। हर कर्मचारी को नियत समय पर इसका लाभ मिलना ही चाहिए। पदोन्नति के लिए परफ ॉर्मेंस को आधार बनाएं। इस वर्ष मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष अथवा लोक सेवा आयोग स्तर पर की जाने वाली पदोन्नति की कार्यवाही प्रत्येक दशा में 30 सितंबर तक पूरी कर ली जाए।

### हर जिले में महिला थाना के अलावा होगी एक और थानाध्यक्ष

लखनऊ। शारदीय नवरात्र से पुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की महिला पुलिस अधिकारियों को बड़ा उपहार दिया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने सभी पुलिस कप्तानों/कमिश्नरों को निर्देश दिए हैं कि हर जिला/कमिश्नरेट में महिला थाना प्रभारी के अतिरिक्त एक अन्य थाना का प्रभार भी महिला पुलिस अधिकारी को दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन महिला थानेदारों को योग्य और कर्मठ पुलिस कार्मिकों की टीम दी जानी चाहिए। सभी पुलिस कप्तानों/कमिश्नरों को इस आदेश का यथाशीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश सोमवार को अपनी एक अभूतपूर्व पहल के दौरान दिये, जिसके तहत मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में पहली बार एक साथ सभी थाना प्रभारियों, सर्किल ऑफिसरों, पुलिस कप्तानों, पुलिस कमिश्नरों, आईजी रेंज व एडीजी जोन के साथ संवाद किया जा रहा था। लाल बहादुर शास्त्री भवन भवन स्थित नव लोकार्पित सीएम डैशबोर्ड कार्यालय से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कठोरतापूर्वक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# सत्ता में आए तो जातिगत जनगणना कराएंगे

## ● छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने जनसभा को किया संबोधित भाजपा पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/ रायपुर

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को घोषणा की कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव में सत्ता में चुने जाते हैं, तो उनकी पार्टी 'जाति जनगणना' कराएगी क्योंकि ऐसा करने से ही 'ओबीसी, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं की भागीदारी' सुनिश्चित होगी।

उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार से यह भी जानना चाहा कि उन्होंने कांग्रेस (जब वह सत्ता में थी) द्वारा कराए गए 'जाति जनगणना' का विवरण क्यों जारी नहीं किया और यह भी पूछा कि क्या प्रधानमंत्री इस तरह की कवायद से डरते थे। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी द्वारा जाति जनगणना पर जोर देते हुए राहुल ने कहा कि ऐसी जनगणना हिंदुस्तान का एक्स-रे है जो देश में ओबीसी, एससी, दलित, एसटी, महिलाओं और सामान्य वर्ग की वास्तविक ताकत दिखाती है। उन्होंने कहा कि जब ऐसे आंकड़े उपलब्ध होंगे तो देश उन्हें साथ लेकर, अपना हिस्सा और योगदान देकर आगे बढ़ सकता है। बिलासपुर में छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'कांग्रेस ने जाति जनगणना कराई थी, जिसमें देश की हर जाति की आबादी का रिकॉर्ड होता है। केंद्र सरकार के पास यह रिपोर्ट है, लेकिन पीएम मोदी इसे उजागर नहीं करना चाहते।' यदि पीएम जाति जनगणना नहीं कराते हैं, तो जब हम सत्ता में चुने जाएंगे तो हमारा पहला कदम ओबीसी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना करना होगा। राहुल गांधी ने नौकरशाही का मुद्दा भी उठाया और कहा कि एनडीए सरकार सचिवों और कैबिनेट सचिवों द्वारा चलाई जाती है, न कि सांसदों और विधायकों द्वारा, और फिर भी विभिन्न केंद्र सरकार के मंत्रालयों में 90 सचिवों में से केवल तीन ही ओबीसी हैं। राहुल ने कहा, 'ये तीन व्यक्ति देश के बजट का केवल 5 प्रतिशत नियंत्रित करते हैं और सवाल किया कि क्या भारत में केवल 5 प्रतिशत ओबीसी आबादी है।' उन्होंने लोक सभा में महिला आरक्षण विधेयक पर बहस में भी यही मुद्दा उठाया था। लोकसभा सांसद ने भीड़ की ओर रिमोट कंट्रोल भी लहराया और कहा कि जब कांग्रेस दबाव डालती है तो गरीबों और जरूरतमंदों को फायदा होता है।



# सभी योजनाओं के पीछे अंत्योदय का ही संकल्पः योगी

## ● पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107 वीं पुण्यतिथि पर चारबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का कल्याण व विकास उनका सपना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार पंडित जी के उसी सपनों को पूरा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्त्योदय के प्रणेता, एकात्म मानववाद की दृष्टि को भारत की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बनाने वाले एवं राजनीति में शुचिता व ईमानदारी के प्रबल समर्थक की आज पावन जयंती है। सीएम योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म मथुरा जनपद के एक छोटे से गांव में हुआ।

भारत और भारतीयता के प्रति उनका दृष्टिकोण बहुत स्पष्ट था। उनका कहना था कि भारतीय दृष्टिकोण विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के बारे में उनकी धारणाएं बहुत ही स्पष्ट थीं। उन्होंने कहा था कि आर्थिक उन्नति और प्रगति का पैमाना ऊंचे पायदान पर बैठे व्यक्ति से नहीं बल्कि सबसे नीचे पायदान पर बैठे व्यक्ति से किया जाना चाहिए। अन्त्योदय की उनकी अवधारणा स्वतंत्र भारत में गरीब कल्याण का माध्यम बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1998 से 2004 तक कार्य करने वाली सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को प्रेरणा मानते हुए गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं शुरू की। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में चलने वाली सभी योजनाओं के पीछे प्रेरणा पंडित जी के अन्त्योदय का संकल्प ही है। पिछले साढ़े 9 साल में देश के जिस सर्वांगीण विकास को हम सब देख रहे हैं, यह चमत्कार पंडित जी की ही प्रेरणा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, बीजेपी महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सुषमा खरकवाल, डॉ नीरज बोरा, मुकेश शर्मा, जय देवी, रामचंद्र प्रधान, निर्मल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, नीरज सिंह मौजूद रहे।

# अनुमोदित परियोजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता पर दें विशेष ध्यानः मुख्य सचिव

## ● विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की हुई उच्च स्तरीय समीक्षा, कई विभागों के 11 प्रस्ताव अनुमोदित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल में प्रयुक्त होने वाले स्टोन की गुणवत्ता उच्च श्रेणी की होनी चाहिए तथा स्ट्रक्चरल स्टेबिल्टी दीर्घकालिक हो। प्रेरणा स्थल को उच्च श्रेणी का भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिये स्टोन के कलर का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि अनुमोदित सभी परियोजनाओं के निर्माण में समयबद्धता, मानक एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्य सचिव सोमवार को विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास, गृह विभाग के 1-1 तथा पर्यटन के 3 व लोक निर्माण के 11 प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया।

अनुमोदित प्रस्ताव में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग का बसंतकुंज योजना में गोमती नदी किनारे अवस्थित मास्टर प्लान ग्रीन में राष्ट्र प्रेरणा स्थल, को विकसित किए जाने का प्रस्ताव शामिल है, जिस पर 2786.06 लाख रुपए का व्यय संभावित है।

इसके अलावा राज्य स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत 864.52 लाख रुपए लागत से नगर निगम फिरोजाबाद में जोनल कार्यालय व अर्बन फैसिलिटेशन सेन्टर निर्माण कार्य की डीपीआर के मूल्यांकन व स्वीकृति के प्रस्ताव पर बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया। जनपद मुरादाबाद में डॉ. भीम राव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद की क्षमता को दोगुना करने के लिए 5272.80 लाख रुपए की लागत से अनावासीय भवनों के निर्माण के प्रस्ताव को उच्च स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

जनपद लखनऊ के विधानसभा क्षेत्र बक्शी का तालाब स्थित मां चन्द्रिका देवी परिसर का सौन्दर्यीकरण कराने हेतु 629.67 लाख रुपए के प्रस्ताव को बैठक में मंजूरी प्रदान की गई। इसी तरह बैठक में जनपद चित्रकूट के सीतापुर में रामघाट के पास कार पार्किंग की स्थापना एवं पर्यटन विकास कार्य कराने के लिए 2332.39 लाख रुपए के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया। इसके अतिरिक्त जनपद मीरजापुर में विन्ध्य कॉरिडोर के अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे विन्ध्यवासिनी मन्दिर की गलियों के फसाड ट्रीटमेन्ट के निर्माण कार्य कराने के प्रस्ताव को समिति द्वारा मंजूरी प्रदान की गई, जिस पर 4330.76 लाख रुपए व्यय संभावित है। जनपद वाराणसी में एनएच-29 कैथी मारकण्डेय महादेव मार्ग (गोमती ब्रिज डाईवर्जन मार्ग चैनेज 0.00 से 2.450 तक) में 5.50 मी0 चौड़ाई से बढ़ाकर 4 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किए जाने हेतु पीसीयू में शिथिलीकरण के प्रस्ताव को समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। यह मार्ग कैथी मारकण्डेय मंदिर को सीधे वाराणसी-गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ता है। प्रतिवर्ष शिवरात्रि व अन्य पर्वों पर देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु व अतिरिक्त महानुभाव तथा गणमान्यजनों का सदैव आवागमन रहता है। इस मार्ग के चौड़ीकरण से पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों को गंगा-गोमती संगम घाट व डाल्फिन सफारी तक आवागमन सुलभ होगा।

बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम, प्रमुख सचिव कारागार प्रशासन राजेश कुमार सिंह, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान, प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा एम. देवराज, सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य रंजन कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 2024 में 62 हजार मार्गों का कायाकल्प करेगी प्रदेश सरकार

## ● पीडब्ल्यूडी ने रीस्टोरेशन कार्यों के टारगेट का 30 प्रतिशत कार्य किया पूरा, राष्ट्रीय मार्गों ने की 75.30 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में वर्ष 2023-24 के बीच गड्ढा मुक्ति व रिस्टोरेशन कार्यों के लक्ष्यों को हासिल करने में लोक निर्माण विभाग ने अपने टारगेट का 30 प्रतिशत कार्य पूरा किया है। वहीं राष्ट्रीय मार्गों की बात करें तो उसने अब तक 75.30 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति में सफलता पायी है। कुल मिलाकर वर्ष 2023-24 में 62 हजार से अधिक मार्गों को गड्ढामुक्त व रीस्टोरेशन वर्क्स से सुदृढ़ बनाने की प्रक्रिया को विस्तृत कार्ययोजना क्रियान्वयन के जरिए धरातल पर उतारा जा रहा है। सीएम योगी की हमेशा से परिकल्पना गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश की रही है और इसी परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष अब तक 275 करोड़ रुपए प्रदेश के सभी जिलों को निर्धारित मार्ग सुदृढ़ीकरण के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवंटित किया जा चुका है तथा योगी सरकार द्वारा लगातार कार्य पूर्ति की मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के आधीन कुल मिलाकर 1.14 लाख किलोमीटर सड़कें हैं जिनका कुल योग 2.66 लाख किमी है। इसमें से इस वर्ष 62 हजार से ज्यादा सड़कों का मेकओवर करना निर्धारित किया गया है। इसमें से गड्ढा मुक्ति का लक्ष्य 44869 मार्गों का निर्धारित है जबकि 17588 सड़कों के नवीनीकरण व रीस्टोरेशन प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाना प्रस्तावित है। इसमें से गड्ढामुक्ति की दिशा में 1711 व 5277 मार्गों का रीस्टोरेशन वर्क्स इस वर्ष अब तक पूरा कर लिया गया है। यानी कुल 6988 मार्गों पर लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक कार्य किया गया है। इसमें से गड्ढा मुक्ति के कार्यों का प्रतिशत 3.81 रहा जबकि रीस्टोरेशन कार्यों के लक्ष्यों को 30 प्रतिशत पूरा गया है। लोक निर्माण विभाग के आधीन मंडी, पंचायती राज, सिंचाई, ग्राम्य विकास, नगर विकास, गन्ना, आवास एवं शहरी नियोजन व अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग से संबंधित सड़कें आती हैं और इन सभी विभागों के समायोजन से प्रदेश में सड़क सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय मार्गों की कुल 364 गड्ढामुक्ति व रीस्टोरेशन वर्क्स को अभी तक पूर्ण किया जा चुका है। राष्ट्रीय मार्गों पर गड्ढा मुक्ति के कार्यों में अब तक 28.35 प्रतिशत सफलता मिली है जबकि रीस्टोरेशन वर्क्स को 75.30 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। राष्ट्रीय मार्ग विभाग की चार जोन प्रदेश में कार्यरत हैं। इनमें से नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई-पश्चिम यूपी) ने इस वर्ष सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए गड्ढा मुक्ति के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में 62.57 व रीस्टोरेशन वर्क्स को पूर्ण करने में 85.79 प्रतिशत सफलता हासिल की है।

# आरक्षण कब से लागू होगा पता नहींः सुप्रिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



## ● कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, परिसीमन व जनगणना पर निर्भरता गलत, ओबीसी महिलाओं को आरक्षण दे सरकार

**आगामी** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस किसी भी हालत में महिला आरक्षण मिल के नाम पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को वोटों की फसल नहीं उगाने देना चाहती। यही वजह है कि कांग्रेस हाईकामन के निर्देश पर देश के प्रमुख-प्रमुख शहरों में केंद्रीय नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस कर इस बिल को लेकर भाजपा पर करारे हमले प्रारंभ कर दिए हैं। इसी कड़ी में सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस करके एआईसीसी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर महिलाओं को झुनझुना पकड़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बिना बहुमत के स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू किया था। हमने बहुमत के बिना ही राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था।

बीजेपी के पास पूर्ण बहुमत होने के बावजूद मोदी सरकार साढ़े नौ साल तक महिला आरक्षण बिल को पास क्यों नहीं करवा पाई? सरकार अभी भी देर करने के लिए जनगणना और परिसीमन की शर्तें क्यों थोप रही है।

श्रीनेता ने कहा कि वर्ष 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी महिलाओं के लिए स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के लिए एक विधेयक लाए। लेकिन इसके लिए जब बिल पेश किया गया तो बीजेपी के दिग्गज नेता लाल कृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, यशवंत सिंह और राम जेठमलानी ने उसके विरोध में वोट किया। वह बिल लोकसभा में पारित हो गया लेकिन राज्यसभा में केवल 7 वोटों से गिर गया।

उन्होंने कहा कि दिसंबर 1992 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगरपालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। कई राज्यों में, अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कोटे के भीतर महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं।

# विपक्ष के पास ना तो नीति है ना नियत : धर्मपाल

## ● भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतेगी : केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की आईटी एवं सोशल मीडिया कार्यशाला सोमवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में सम्पन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि चुनाव में एक युद्ध बूथ पर, तो दूसरा युद्ध सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर होता है। हमें दोनो युद्ध जीतना है। विपक्ष के हर दुष्प्रचार का, हर हमले का संस्कारित भाषा में करारा जबाव देना है।

उन्होंने कहा कि परिवारवादी, जातिवादी, भ्रष्टाचारी विपक्षी दल गरीब, उपेक्षित पिछडे वर्ग के चाय बेचने वाले के बेटे को देश के प्रधानमंत्री पद पर बर्दास्त नहीं कर पा रहे है। मौर्य ने कहा कि 2019 के लोकसभा सभा चुनाव में सभी विपक्षी दलों ने भाजपा को रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रदेश की जनता ने उत्तर प्रदेश में भाजपा को 51 फीसदी वोट देकर सारे गठबंधन धराशायी कर दिया। इस बार भाजपा के योद्धा बूथ पर भी और सोशल मीडिया पर भी विजय का परचम फहरायेगें। उन्होने कहा कि अब 100 में 75 हमारा है बाकी में बंटवारा हैं और बंटवारे में भी हमारा है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान युग सतत सजगता के साथ तथ्यात्मक रूप से तैयार रहने का है। सोशल मीडिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन चुका है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा के लक्ष्मण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ और ओबीसी वर्ग के अधिकारों को संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त हुई। के लक्ष्मण ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता साइवर योद्धा के रूप में जहां केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचायेगें। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने कार्यशाला में सोशल मीडिया की कार्ययोजना को प्रस्तुत करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा का बूथ स्तर पर राष्ट्रवादी नेतृत्व विकसित करना है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र विवेक को उसके गलत चाल-चलन के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सुनीता W/o स्व0 रमेश, रकीबाबाद, सिकंदरपुर अमोलिया, मोहारीखुर्द, थाना- गोसाईगंज, लखनऊ

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अरहम उल्लाह का नाम पासपोर्ट में अरहम अल्लाह हसन निजामी हो गया है जबकि अरहम उल्लाह और अरहम अल्लाह हसन निजामी दोनों एक ही व्यक्ति का नाम हैं। न्यामत उल्लाह पुत्र सिब्गत उल्लाह निवासी भगवंतपुर गोटे पाली पोस्ट बांगरमऊ उन्नाव यू.पी.

# समाजवादी पार्टी ने निकाला कैंडिल मार्च

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा बस्ती रेप कांड में मृत दंपति की आत्मा की शांति व उनके बच्चों.परिवारजनो को न्याय दिलाने के लिए कैंडिल मार्च राज्यपाल को ज्ञापन देने के लिए निकाला गया। सुशील दीक्षित ने बताया कि एक तरफ प्रदेश मे बीजेपी की डबल इंजन की सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल का बखान किया जा रहा है और दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। जिसके चलते आये दिन महिलाओं के साथ बलात्कार, हत्या, हिंसा व मानसिक शारीरिक शोषण की घटनाएं बढ़ रही है। बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण जनता का विश्वास योगी सरकार से उठ गया है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से रविदास मेहरोत्रा विधायक, सुशील दीक्षित, पूजा शुक्ला, विजय सिंह यादव, पूर्व महामंत्री लखनऊ बार जितेन्द्र यादव जीतू, दीपक रंजन आदि भारी संख्या में नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# यूपी में विशाल भूजल संसाधन क्षमता हैः स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को सीएसआईआर के आडिटोरियम लखनऊ में कौशांबी और कानपुर क्षेत्र के मध्य गंगा यमुना दोआब के 3डी हाई रिजॉल्यूशन एक्विफर मैपिंग पर तकनीकी रिपोर्ट जारी की। इस परियोजना को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जलशक्ति मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित तथा हैदराबाद स्थित सीएसआईआर प्रयोगशालाओं द्वारा क्रियान्वित किया गया।

जलशक्ति मंत्री ने प्रदेश में इस तरह के अध्ययन को करने के लिए सीएसआईआर एनजीआरआई के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि नये भारत में आप जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को धरातल पर उतार रहे हैं। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विभिन्न हाइड्रोजियोलॉजिकल स्थितियों के तहत भूजल के विकास में वैज्ञानिक योजना बनाने और बेहतर भूजल प्रशासन के लिए समुदाय की भागीदारी के साथ प्रभावी प्रबंधन प्रथाओं को विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यूपी एक कृषि प्रधान राज्य है और कृषि क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में 18 से 20 प्रतिशत का योगदान देता है, जो लगभग 50 प्रतिशत आबादी को रोजगार देता है, जहां भूजल सिंचाई स्रोत 70 प्रतिशत से अधिक है।

# लोकसभा चुनाव में जनता बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी : अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में जनता महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी। भाजपा का उत्तर प्रदेश में सफाया होगा। भाजपा प्रदेश में सभी अस्सी सीटे हारेगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बहुत मजबूत है। इंडिया गठबंधन के समर्थन में जनता है। इंडिया गठबंधन जीतेगा।

उन्होनें कहा कि उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा लोकसभा सीटो वाला प्रदेश है। भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। उत्तर प्रदेश में भाजपा बहुत बुरी तरह हारेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का गठबंधन अहंकारियों का गठबंधन है, जो भाजपा के साथ हैं वो अहंकार हैं। उनकी भाषा और उनका तौर तरीका देखिए कितना अहंकार हैए, उनके अन्दर। अखिलेश यादव ने कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। नौकरी और रोजगार पर मुख्यमंत्री जी के पास कोई जवाब नहीं है। हर गांव में नब्बे फीसदी से ज्यादा नौजवान बेरोजगार है। भाजपा ने नौजवानों और किसानों से झूठे वादे किए थे। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। किसानों को फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। महंगाई बहुत तेजी से बढ़ी है। हर वर्ग परेशान है। महंगाई के कारण लोग गैस सिलेण्डर नहीं भरा पा रहे हैं। सांड़ और आवारा जानवरों के टकराने और हमले में हर दिन लोगों की मौतें हो रही है। इन सवालों का भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री के पास कोई जवाब नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सुल्तानपुर में डॉक्टर घनश्याम तिवारी की पीट-पीट कर दर्दनाक तरीके से हत्या कर दी गई। पुलिस सिर्फ आश्वासन दे रही है। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यादव ने डॉ. घनश्याम तिवारी के भाई और अन्य परिजनों से फोन पर बात कर सांत्वना दी और कहा कि समाजवादी पार्टी उनके परिवार के साथ खड़ी है और न्याय दिलाने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगी।

# जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया' मिशन के साथ आप का कार्यकर्ता समागम कल

**लखनऊ** ।'जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया' मिशन को लेकर अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को आगामी 27 सितंबर को आह्वान किया है। आम आदमी पार्टी के लखनऊ जिला अध्यक्ष शेखर दीक्षित ने बताया कि लखनऊ के गांधी प्रेक्षागृह में आम आदमी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं में जहां 2024 के लोकसभा चुनावों के मद्देनजर ऊर्जा भरेगी वहीं संगठन की समीक्षा भी उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह करेंगे।

इस अवसर पर सिंह दिल्ली और पंजाब में अपनी सरकार के कामों को उत्तर प्रदेश में आधार देने के लिए कार्यकर्ताओं को गुर देंगे। इस मौके पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह भी उपस्थित रहेंगे। शेखर दीक्षित ने बताया कि चूंकि 2024 के चुनावों में मात्र तीन-चार महीने का ही समय बचा है। ऐसे में हम अपने कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाने और पार्टी की नीतियों व कामकाज को लेकर गांव-गांव जाने को कहेगी, ताकि केजरीवाल की नीतियों को उत्तर प्रदेश में हर बूथ तक पहुंचा सके और आम आदमी पार्टी की नीतियों से सीधे जुड़ सकें।

**शैक्षिक सूचना**

**UNITY DEGREE COLLEGE**
Justice Murtaza Husain Road,
Sector-B, IIM Bypass Road,
Basantkunj, Lucknow- 226101

डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण -2023 अल्पसंख्यक संस्थान यूनिटी डिग्री कालेज, लखनऊ में संस्थान की वेबसाइट http://unitypgcollege.com/admission/ पर परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा घोषित अन्तिम तिथि 31 अगस्त, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेखीय जाँच / प्रवेश हेतु निर्गत समय-सारिणी निम्नवत् है:-

| संस्थान में शैक्षिक अभिलेखीय जाँच/प्रवेश प्रकिया पूर्ण करने की तिथि |
| --- |
| 7 अक्टूबर, 2023 से 10 अक्टूबर, 2023 |
| 13 अक्टूबर, 2023 से 15 अक्टूबर, 2023 |

नोटः- प्रवेश हेतु संस्थान की वेबसाइट http://unitypgcollege.com/admission/ पर जाकर शैक्षिक अभिलेखीय की चेकलिस्ट देखें एवं उक्त तिथि में आकर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करें।

# योगी सरकार और हिंदुजा की पहल से मोटर सिटी बन सकता है नवाबों का शहर

## ● डेट्रायट शहर सरीखा बनने की रेस में लखनऊ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किसी** जमाने में फोर्ड और मोटर कार एक दूसरे के पर्याय थे। हेनरी फोर्ड नामक एक अमेरिकी उद्यमी ने वहां के डेट्रायट शहर में वाहन बनाने की एक इकाई लगाई। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह शहर न सिर्फ मोटर कारों का बल्कि अन्य कामर्शियल वाहनों के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन गया। बड़ी संख्या में मुख्य इकाइयों और अनुषांगिक इकाइयों में निवेश हुए। बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिला।

आटो इंडस्ट्री के जरिए यही प्रयास हिंदुजा समूह से मिलकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार भी करने जा रही है। पिछले दिनों इसी बाबत मुख्यमंत्री की मौजूदगी में धीरज हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लीलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपये का मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमोयू) हुआ। यह एमओयू इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के लिए हुआ। खास बात यह है कि प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के उत्पादन के लिए पहली बार किसी औद्योगिक घराने से ऐसा (एमओयू) किया है। फिलहाल कंपनी और सरकार का संबंधित विभाग, इसके लिए जमीन तलाश रहे हैं। अधिक संभावना यह है कि प्रस्तावित इकाई लखनऊ के बंद पड़ी स्कूटर्स इंडिया की खाली जमीन पर लगेगी। हालांकि प्रयागराज में भी जमीन देखी गई है।

अगर लखनऊ में हिंदुजा का यह प्लांट लगा तो भविष्य में नवाबों का यह शहर डेट्रायट की तरह मोटर सिटी के रूप में भी जाना जाएगा। यही नहीं हाल के वर्षों गुजरात और दक्षिण भारत को छोड़ दें तो उत्तर प्रदेश में किसी दिग्गज आटो कंपनी का यह पहला और बड़ा निवेश होगा। इसके पहले पश्चिम बंगाल के कोलकाता में अंबेसडर और हरियाणा के मानेसर में मारुति सुजुकी ने इस सेक्टर में बड़ा निवेश किया था।

उल्लेखनीय है की इस तरह का महत्वाकांक्षी निवेश निवेशक के लिए तो लाभप्रद होता ही है इसमें बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार भी मिलता है। मुख्य इकाई के साथ कल पुर्जे बनाने वाली स्थानीय इकाइयों और तैयार वाहनों के ले जाने के लिए ट्रांसपोर्टेशन के भी क्षेत्र में। हिंदुजा की इकाई लगने से ये सारे लाभ उत्तर प्रदेश खासकर जहां यह इकाई लगेगी वहां के लोगों को होंगे। प्रस्तावित इकाई में कमर्शियल इलेक्ट्रिकल वाहन ही बनेंगे। भविष्य में प्रदूषण के मद्देनजर सरकार का पूरा फोकस ऐसी ही वाहनों की ओर है क्योंकि सरकार भविष्य में ऐसे ही वाहनों के संचलन के पक्ष में है। इस इकाई से स्थानीय जरूरत के बाद अन्य प्रदेशों एव देशों में भी इनका निर्यात हो सकेगा।

वैश्विक महामारी कोरोना के कहर के बाद से सर्वाधिक तेजी से उभरे सेक्टर्स में ऑटो इंडस्ट्री ही है। आंकड़ों के मुताबिक जीडीपी की वृद्धि में ऑटोमोबाइल उद्योग का बहुत बड़ा योगदान होता है। देश की कुल जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान करीब 21 फीसद है। करीब दो करोड़ लोगों को इस सेक्टर में रोजगार मिला हुआ है। सेक्टर के प्रगति की दर यही रही तो 2030 तक इस क्षेत्र में करीब पांच करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा।

# उपभोक्ताओं का फीडबैक भी लिया जाएः शर्मा

## ● ऊर्जा मंत्री ने टोल फ्री नंबर 1912 को और प्रभावी व क्रियाशील बनाने दिए निर्देश दिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत कार्य कर रही और उनकी समस्याओं का त्वरित निदान के प्रयास किए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं की बिजली सम्बंधी समस्याओं के निदान के लिए उप्र पावर कारपोरेशन की ओर से अप्रैल 2017 से टोल फ्री नम्बर 1912 संचालित है। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में अब तक 1.52 करोड़ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया।

एके शर्मा ने बताया कि इसी प्रकार अब तक बिल सम्बन्धी लगभग 10 लाख शिकायतों का निस्तारण किया गया। मीटर से सम्बन्धित 17 लाख, स्मार्ट मीटर सम्बन्धी 1.76 लाख, कनेक्शन सम्बन्धी 4 लाख उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया गया। लोड बढ़ाने सम्बन्धी 20 हजार, विद्युत आपूर्ति सम्बन्धी 1.3 करोड़ से ज्यादा समस्याओं और शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार बिजली चोरी सम्बन्धी 1.28 लाख सूचनाओं का निस्तारण किया गया और अन्य सेवाओं के लगभग 33 हजार शिकायतों का निस्तारण किया गया। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि टोल फ्री नम्बर को और प्रभावी एवं क्रियाशील बनाएं। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता जानने के लिए उपभोक्ताओं का फीडबैक लेने का भी प्रयास करें। उन्होनें कहा कि कुछ जगहों से ऐसी शिकायतें भी आ रही हैं कि टोल फ्री नम्बर उठता नही है या रिस्पॉन्स नही करता है। ऐसी शिकायतें आनी बन्द होनी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि टोल फ्री नम्बर क्रियाशील रहे और उपभोक्ता की समस्या का हल होने तक उसके सम्पर्क में रहें। उपभोक्ता की संतुष्टि के बाद ही कॉल निस्तारित समझें।

उन्होंने कहा कि 1912 पर आने वाली सूचनाओं, समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण के लिए लगातार मानीटरिंग की व्यवस्था बनायी गयी है। उपभोक्ता विद्युत से सम्बन्धित शिकायतें 1912 पर देकर उसका समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 26 सितंबर 2023


# संघ का पराया कोई नहीं, विरोध करने वाले भी हमारे : भागवत



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉक्टर मोहन भागवत ने कहा कि संघ का पराया कोई नहीं। जो आज हमारा विरोध करते हैं, वे भी हमारे हैं। यह हमारा पक्का है कि उनके विरोध से हमारी क्षति न हो, इतनी चिंता हम ज़रूर करेंगे। हम लोग तो सर्व लोकायुक्त भारत वाले लोग हैं, मुक्त वाले नहीं।

लखनऊ में अवध प्रान्त प्रवास के अंतिम दिन निराला नगर में सर संघचालक ने प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक की। बैठक में सरसंघचालक ने चर्चा करते हुए कहा संघ सम्पूर्ण समाज को संगठित करना चाहता है, इसमें संघ का पराया कोई नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नाते सबको जोड़ने का हमारा प्रयास है और सबको बुलाने का भी हमारा प्रयास रहता है। संघ के स्वयंसेवकों द्वारा समाज में अनेक अच्छे काम समाज परिवर्तन हेतु किए जा रहे हैं, आप सब प्रबुद्ध जन उन कार्यों में सहयोगी हो सकते हैं।

सामाजिक परिवर्तन एवं राष्ट्र कार्यों में अपनी.अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए राष्ट्र को अपने स्वत्व पर खड़ा करने के लिए और परम वैभव सम्पन्न बनाने के लिए, इस राष्ट्र को समझकर और सारे देश को एक करने की दिशा में जो भी छोटा.बड़ा काम आप अपनी पद्धति से करना चाहते हैं, वह कीजिए, ऐसी इच्छा अभिव्यक्त की।

उन्होंने कहा कि इतिहास में हम यह लिखा देना नहीं चाहते कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कारण देश का उद्धार हुआ, हम यह लिखा देना चाहते हैं कि इस देश में एक ऐसी पीढ़ी निर्माण हुई। उन्होंने उद्यम किया और अपने देश को पूरी दुनिया का गुरु बनाया। उस पवित्र कर्तव्य के प्रारंभ के लिए मैं आप सबका आह्वान करता हूँ।

# नदी में समाहित सौ करोड़ के भूखण्ड के समायोजन निरस्त

## ● जांच रिपोर्ट के आधार पर उपाध्यक्ष ने निरस्त किया समायोजन, भूखण्डों को अपने कब्जे में लेगा प्राधिकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** के तत्कालीन अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलीभगत करके नदी में समाहित 6070 वर्गमीटर भूमि का शहीद पथ के किनारे इतने ही क्षेत्रफल के व्यवसायिक व ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों में समायोजन कर दिया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने पूरे प्रकरण की जांच करायी तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। उपाध्यक्ष ने सम्पत्ति की पत्रावली मंगाकर समायोजन को निरस्त कर दिया। उस भूखण्डों की वर्तमान कीमत लगभग 100 करोड़ रूपये है।

सोमवार को एलडीए में करोड़ों रुपए की जमीनों के फर्जी समायोजन का बड़ा खुलासा हुआ। अधिकारियों और कर्मियों की मिलीभगत से नदी में समाहित 6070 वर्गमीटर भूमि का शहीद पथ के किनारे उक्त क्षेत्रफल का व्यवसायिक व ग्रुप हाउसिंग भूखंडों में समायोजन कर डाला। सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि मेसर्स राज गंगा डेवलपर्स पार्टनर संचित अग्रवाल पुत्र अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा 30 अक्टूबर 2006 को प्रार्थना पत्र दिया गया कि गोमती नगर के ग्राम.मलेशेमऊ के खसरा संख्या.673क क्षेत्रफल 6070 वर्गमीटर के बदले इतने ही क्षेत्रफल की अविकसित भूमि प्राधिकरण की योजना में किसी अन्य जगह उपलब्ध करायी जाए। उल्लेखित किया गया कि ग्राम.मलेशेमेऊ की उस भूमि बन्दोबस्ती अभिलेखों में महादेव प्रसाद पुत्र पुत्तू लाल के नाम दर्ज थी। जिसे महादेव प्रसाद द्वारा 9 जनवरी 2006 को पंजीकृत विलेख के माध्यम से राज गंगा डेवलपर्स के पक्ष में विक्रय किया गया। विक्रय पत्र के आधार पर राज गंगा डेवलपर्स का नामांतरण भी राजस्व अभिलेखों में हो गया। गौरतलब है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अमर शहीद पथ, गोमती नगर विस्तार योजना के अंतर्गत ग्राम.मलेशेमऊ सहित अन्य ग्रामों की 1146.75 एकड़ भूमि का अधिग्रहण वर्ष 2000 में किया गया था। जिसमें ग्राम.मलेशेमऊ का खसरा संख्या.673क गोमती नदी में समाहित होने के कारण इसे सम्मिलित नहीं किया गया था। लेकिन अर्जन अनुभाग में तत्समय तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलीभगत करके उस भूमि के एक अंश खसरा संख्या.673ख को नदी में समाहित दर्शाया। वहींए दूसरे अंश भाग खसरा संख्या.673क को नदी से प्रभावित न दिखाकर प्राधिकरण के कब्जे में होना उल्लेखित कर दिया। जबकिए खसरा संख्या.673क तब भी नदी में था और वर्तमान में भी नदी से आच्छादित है। सौ करोड़ रूपये की सम्पत्ति का समायोजन निरस्त किया है। उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि मेसर्स राज गंगा डेवलपर्स को गोमती नगर विस्तार के सेक्टर.4 में शहीद पथ के पास 18 मीटर चैड़ी सड़क पर ग्रुप हाउसिंग व व्यवसायिक उपयोग के भूखण्ड समायोजित किये गये थे। शिकायत के आधार पर प्रकरण की जांच करायी गयी तो फर्जीवाड़ा उजागर हो गया। इसके आधार पर भूखण्ड संख्या.1269ए, 1269बी, 1269सी, 1269डी और 1269ई का समायोजन निरस्त कर दिया गया है। इन भूखण्डों की वर्तमान कीमत लगभग 100 करोड़ रूपये है। प्राधिकरण द्वारा इन भूखण्डों को कब्जे में लेने की कार्यवाही की जाएगी।

### 25 लाख रूपये प्राधिकरण कोष में जमा कराये

**इसके** आधार पर 12 जनवरी 2007 को उन अनार्जित 6070 वर्गमीटर भूमि के बदले राज गंगा डेवलपर्स को प्राधिकरण की गोमती नगर विस्तार योजना के सेक्टर.4 में 6070 वर्गमीटर भूमि समायोजित कर दी गयी। इसके एवज में फर्म की तरफसे वाह्य विकास शुल्क के रूप में 25 लाख रूपये प्राधिकरण कोष में जमा कराये गये। हालांकि तत्समय उसकी एक्सचेंज डीड फर्म के पक्ष में निष्पादित नहीं की गयी।

### वर्ष 2015 में फर्म के पक्ष में की गयी रजिस्ट्री

**अर्जन** अनुभाग के प्रभारी एसडीएम शशिभूषण पाठक ने बताया कि 8 मई 2015 को तत्कालीन उपाध्यक्ष ने राज गंगा डेवलपर्स द्वारा पूर्व में जमा करायी गयी धनराशि को समायोजित कर दिया और वाह्य विकास शुल्क वर्तमान दर से लेते हुए पूर्व आवंटित भूखण्ड की रजिस्ट्री राज गंगा डेवलपर्स के पक्ष में निष्पादित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। राज गंगा डेवलपर्स द्वारा 84 लाख 98 हजार रूपये जमा कराकर 25 अगस्त 2015 को भूखण्डों की रजिस्ट्री अपने पक्ष में करा ली गयी।

# हर दिव्यांग को मानसिक रूप से बनना चाहिए सबल : पद्मश्री कनुभाई टेलर

## ● स्वाती फाउंडेशन द्वारा कनुभाई टेलर सहित 80 दिव्यांगों को किया गया सम्मानित




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वाती** फांउडेशन द्वारा सोमवार को पद्मश्री कनुभाई हसमुखई भाई टेलर सहित 80 दिव्यांगजनों और उनके लिए काम करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कनुभाई टेलर ने कहा कि यदि मानसिक रूप से स्वस्थ हैं, तो दिव्यांगता हमारे कामों में अवरोध नहीं उत्पन्न कर सकती। प्रकृति ने यदि कोई बांधा उत्पन्न किया है तो निश्चय ही वह कोई अच्छी विशेषता भी देता है। उसे हमें निखारने की जरुरत है।

उन्होंने अपना उदाहारण देते हुए कहा कि हमारा ही देख लीजिए, भगवान ने दोनों पैर से दिव्यांग बना दिया लेकिन उसके बाद भी मैं मन से कभी नहीं हारा और पूरे समाज के लिए काम आ रहा हूं। हम सभी को पहले मन को जीतना चाहिए। यदि मन पर विजय है तो दिव्यांगता को कभी भी हरा सकते हैं। यह बता दें कि पद्मश्री कनूभाई हसमुखभाई टेलर एक दिव्यांग होते हुए भी गुजरात में पूरी जिंदगी दिव्यांजन को समर्पित कर दिये और उन्होंने वहां बहुत बड़ा काम किया है। कार्यक्रम में स्वाती फाउंडेशन की अध्यक्ष और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि प्रकृति जिस भी व्यक्ति को शारीरिक रुप से अक्षम बनाती है, उसको निश्चय ही कुछ विशेष दिव्य दृष्टि देती है। उसको पहचानने की जरूरत है। उसको पहचान कर जो चला वह अपनी दिव्यांगता पर हावी हो गया और वह कर बैठा जो शारीरिक रूप से स्वस्थ भी नहीं कर सकते। स्वाती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक सबसे ज्यादा दिव्यांजनों के लिए काम किया है। उन्होंने आत्मसम्मान का भाव भरने के लिए सबसे पहले विकलांग शब्द को दिव्यांगजन कर दियाए जिससे आत्मग्लानि का भाव न आये। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेकों कार्यक्रम चलाए, जिससे आज दिव्यांगजन आत्मनिर्भर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर दिव्यांगजन को सूरदास से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज आगे आये और दिव्यांगजनों की मदद करे। मैं भी दिव्यांगजनों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहती हूं। इस अवसर समाजसेवी सविता, बिंदू प्रभा, डा सुनील बिझला, कमलेश मौर्य मृदुल, लक्ष्मीकांत सिरके, हुसैन रजा, विजय सिंह विष्ठ, मनोज गुप्ता, पीके वर्मा को सम्मानित किया गया।

# जनपद में डेंगू 19 मरीज मिले, 8 नोटिस जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** जनपद में डेंगू के रोगियों के मिलने का सिलसिला जारी है। सोमवार को जनपद में 19 डेंगू के मरीज मिले हैं। इनमें ऐशबाग में 1, अलीगंज में 4, चन्दरनगर में 1, चिनहट में 1, इंदिरानगर में 4, मलिहाबाद में 1, मॉल में 1, एनके रोड इलाके में 4, टूड़ियागंज में 1,रेडक्रास में 1 मरीज शामिल है। इसके साथ ही जनपद में लगभग 1019 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 8 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों,भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया।

# बच्चे के पेट से निकाला डेढ़ किलो का ट्यूमर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के विशेषज्ञों ने दो माह के बच्चे के पेट की सर्जरी कर डेढ़ किलो का ट्यूमर निकालने में सफलता हासिल की है। सर्जरी के बाद बच्चा स्वस्थ बताया जा रहा है।

गोरखपुर के खोराबाद गाँव निवासी विकास के दो माह के पुत्र के पेट में माँ ने बचपन से एक गाँठ महसूस की जा रही थी। यह गांठ धीरे धीरे बढ़ रही थी। जिस पर परिजनों ने गाँव के डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने बच्चे को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन बच्चे को लेकर केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की ओपीडी में पहुँचे। यहां पर पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में डॉ जेडी रावत और डॉ आनंद पांडेय ने बच्चे का निरीक्षण किया और पाया कि उसके पर में एक बड़ा सा ट्यूमर है, जिसका तुरंत ऑपरेशन किया जाना आवश्यक है। बच्चा मात्र दो माह का था और ट्यूमर का आकर काफी बड़ा था, अतः ऑपरेशन में काफ़ी सावधानी की आवश्यकता थी। ऑपरेशन के दौरान पाया गया कि ट्यूमर लगभग पूरे पेट में था और उसने बच्चे के बाक़ी सभी अंगों को चारों ओर दबा दिया था। जिसे सावधानीपूर्वक ऑपरेशन कर के ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। बच्चे का वजन लगभग 6 किलो और ट्यूमर का वजन लगभग डेढ़ किलो था। ऑपरेशन के बाद बच्चे के पेट और शरीर में पानी जमा होने लगा था, जो उपचार के उपरांत ठीक हो गया। बच्चा अब स्वस्थ है। विभाग प्रमुख डॉ जेडी रावत ने बताया कि ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ आनंद पांडेय, डॉ मुनि वर्मा, एनेस्थीसिया विभाग के डॉ सतीश वर्मा और नर्स सुधा थे।

# शिक्षण संस्थान व अस्पतालों में मना विश्व फार्मासिस्ट दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विश्व** फार्मासिस्ट दिवस सोमवार को शिक्षण संस्थानों से लेकर सरकारी अस्पतालों में धूमधाम से मनाया गया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जे पी पाण्डेय के निर्देशन में फार्मेसी विभाग के छात्र.छात्राओं ने विभिन्न विधाआों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फेस पेंटिंग और विविध प्रकार की रंगोली बनाकर छात्रों ने जहां अपनी कला दिखाया वहीं फार्मा से जुड़े संदेश भी दिये। इस दौरान स्लोगन, लोगो और पोस्टर आदि प्रकार की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसके बाद छात्रों ने शिक्षकों के नेतृत्व में ढोल.नगाड़ों के साथ जागरूकता रैली निकाली। साथ ही जगह.जगह नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में डॉ आकाश वेद ने कहा कि जब हम हेल्थ केयर सेक्टर की बात करते हैं तो इस क्षेत्र में वह सभी लोग सम्मिलित होते हैं जो किसी न किसी रूप में हमारे स्वास्थ्य के लिए कार्य करते हैं। उसी तरह से फार्मासिस्ट भी है जो हमारे स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं। अगर भारत की बात की जाए तो पूरे देश में कुल रजिस्टर फार्मेसी 559408 के आस–पास है। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू प्रो संगीता साहू हेल्थ कैंप का उद्घाटन किया गया। हेल्थ कैम्प में सभी महिला छात्रावास में रहने वाली छात्राओं का थायरॉइड एवं ब्लड टेस्ट किया गया। आयोजन में प्रतिभाग करने वाले छात्र.छात्राओं के बीच अंतर विश्वविद्यालय प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रेजेंटेशन, नुक्कड़ नाटक एवं इनोवेटिव आईडिया, साइंटिफिक प्रेजेंटेशन, स्टोरी टेलिंग एवं फार्माटून्स आदि कार्यक्रम हैं। जिसमें लगभग 350 छात्र.छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**केक काटकर मनाया फार्मासिस्ट दिवस**–विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर बलरामपुर चिकित्सालय के मुख्य.



औषधि भंडार में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन, उप्र द्वारा केक काटकर फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रभारी अधिकारी फार्मेसी व एसोसिएशन के अध्यक्ष केके सचान, चीफ फार्मासिस्ट व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राजीव कनौजिया, मनमोहन मिश्रा, बीपी चौधरी, सुभाष श्रीवास्तव, सीपी चौधरी, फार्मासिस्ट अजय पाण्डेय, सरजून सचान, सेवानिवृत चीफ फार्मासिस्ट के के सचान, मंजू वर्मा, निशा तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक.दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए फार्मासिस्ट के कार्य एवं दायित्व पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर डीपीआरए के महामन्त्री अरविद वर्मा भी उपस्थित रहे।

# शासकीय भूमियों पर अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मोहनलालगंज** में जिलाधिकारी द्वारा जमीनों पर अवैध कब्जों पर सख्त रुख अपनाया गया। जिलाधिकारी द्वारा सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जो के खिलाफ अभियान चलाकर ध्वस्त किया गया। एंटी भू माफिया के तहत चले अभियान में 2.983 हेक्टेयर जमीन पर 4 करोड़ 84 लाख रुपए की जमीन कब्जे से मुक्त करायी।

सोमवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार के आदेश पर मोहनलालगंज में अवैध कब्जे पर कड़ी कार्रवाई की। मोहनलालगंज तहसील के ग्राम नूरपुर बेहटा, तहसील सदर के ग्राम कुसमौरा व तहसील सरोजनीनगर के ग्राम कुरौनी व सकरा की सरकारी भूमि जो कि अभिलेखों में नवीन परती, बंजर, चारागाह, तालाब आदि की श्रेणी में अंकित है से अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। अभियान में उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज, उप जिलाधिकारी मलिहाबाद, उप जिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी बीकेटी, उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर व राजस्व विभाग टीम ने कार्रवाई की। इस अभियान के तहत नूरपुर बेहटा में 0.175 हेक्टेयर भूमि जिसका बाजार मूल्य 21 लाख, तहसील मलिहाबाद स्थित ग्राम गोपालपुर में 0.506 हेक्टेयर भूमि जिसका बाजार मूल्य 70 लाख, तहसील बीकेटी स्थित ग्राम सीवा में 1.418 हेक्टेयर भूमि जिसका बाजार मूल्य 1 करोड़ 86 लाख, तहसील सदर स्थित ग्राम कुसमौरा में 0.126 हेक्टेयर भूमि जिसका बाजार मूल्य 25 लाख व तहसील सरोजनीनगर स्थित ग्राम कुरौनी में 0.594 हेक्टेयर जिसका बाजार मूल्य 1 करोड़ 50 लाख व ग्राम सकरा में 0.1640 हेक्टेयर भूमि जिसका बाजार मूल्य 32लाख 50 हज़ार पर किये गए अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया।

### एलडीए के विशेष शिविर में 49 आवंटियों ने करायी सम्पत्ति की रजिस्ट्री

**लखनऊ।** एलडीए की विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। प्राधिकरण कार्यालय में लगाये गये विशेष शिविर में सोमवार को 49 आवंटियों ने अपने पक्ष में सम्पत्ति की रजिस्ट्री निष्पादित करवायी। यह कैम्प 28 सिंतबर तक आयोजित किया जाएगा।

एलडीए ने विशेष रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा समय.समय पर विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। इनमें काफी संख्या में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री अभी तक नहीं हो पायी है। इसके लिए आवंटियों को प्राधिकरण व निबंधन कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा विशेष निबंधन शिविर लगवाया गया है। जहां प्राधिकरण व निबंधन विभाग के परस्पर सहयोग से सम्पत्तियों के निबंधन की कार्यवाही सुनिश्चित करवायी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण के नवीन भवन के कक्ष संख्या.8 में लगे निबंधन कैम्प में सोमवार को 49 आवंटियों की रजिस्ट्री करवायी गयी। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना की 25, कानपुर रोड योजना की 03, विभिन्न योजनाओं के 08 फ्लैट्स के अतिरिक्त अन्य 13 सम्पत्तियां शामिल हैं।

### गोमती नगर विस्तार में सड़क किनारे एलडीए ने हटाया अवैध 12 दुकानें

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एलडीए द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की गयी। जोनल अधिकारी द्वारा सड़क के दोनों ओर दुकानें हटवायी गयी। अभियान में प्रवर्तन दस्ते द्वारा 50 से अधिक दुकानों को हटवाया गया। वहीं, नेहरू इन्क्लेव योजना में अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान 12 फ्लैटों में नोटिस चस्पा करने की कार्यवाही की गयी। एलडीए ने सोमवार को गोमती नगर विस्तार में अवैध अतिक्रमण के खिलाफअभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनायी गयी 50 से अधिक दुकानों को हटवाया गया। प्रवर्तन जोन.1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा गोमती नगर विस्तार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया था। इसमें उपाध्यक्ष द्वारा सेक्टर.5 एवं 6 के मध्य 45 मीटर चौड़ी सड़क के किनारे अवैध रूप से लगायी जा रही दुकानों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये थे। क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी। इसके अंतर्गत जोनल अधिकारी के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता मनोज सागर एवं अजीत कुमार के साथ अभियंत्रण व प्रवर्तन अनुभाग की टीम ने दुकानों को हटवाया।

# चिनहट में अवैध प्लाटिंग को एलडीए ने किया ध्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चिनहट** में आबादी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर एलडीए द्वारा बुल्डोजर चलाया गया। प्लाटिंग से पूर्व बिल्डर द्वारा प्राधिकरण से कोई लेआउट पास नहीं कराया गया था, जिससे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विरुद्ध विहित प्राधिकारी द्वारा वाद दर्ज कर ध्वस्तीकरण का निर्देश दिया गया। आदेश पर प्रवर्तन टीम द्वारा ध्वस्तीकरण किया गया।

सोमवार को एलडीए की टीम ने चिनहट में आबादी क्षेत्र में की जा रही एक अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। प्रवर्तन जोन.1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि राजेश कुमार पाण्डेय व अन्य द्वारा चिनहट की गंगा विहार कालोनी में भवन संख्या.92/ख के बगल में लगभग 5000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले.आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। इस आदेश पर सहायक अभियंता अवधेश कुमार सिंह, अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी व सत्यवीर द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लॉटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। इस दौरान स्थल पर विकसित सड़कें, नाली व बाउन्ड्रीवॉल आदि को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

# एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता के लिए दौड़ा लखनऊ

## ● उप्र राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के तत्वावधान में मैराथन रेड रन उत्तर प्रदेश आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** में सोमवार सुबह के करीब छह बजे का वक्त... जनेश्वर मिश्रा पार्क के गेट नम्बर.4 पर सैकड़ों की तादाद में छात्र.छात्राओं और ट्रांसजेंडर का जमावड़ा। इनके चेहरे पर तैर रही खुशियाँ साफ कह रहीं थीं आज की सुबह कुछ खास होने वाली है। इनका मकसद सिर्फ एक था, अपने जिले, प्रदेश और देश के लोगों को एचआईवी, एड्स से महफूज करना। इसके प्रति जागरूकता के लिए उन्होंने 10 किलोमीटर की दौड़ भी लगायी।

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) भारत सरकार के तत्वावधान में यूथ फेस्ट कार्यक्रम के तहत सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी द्वारा राज्यस्तरीय मैराथन रेड.रन उत्तर प्रदेश का आयोजन किया गया। जनेश्वर मिश्रा पार्क के गेट नम्बर.चार से आयोजित 10 किलोमीटर के मैराथन में 17 से 25 साल के छात्र.छात्राओं और ट्रांसजेंडर ने भाग लिया। रेड रन मैराथन का शुभारम्भ करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियन्त्रण सोसायटी के अपर परियोजना निदेशक डॉ हीरा लाल ने कहा कि एक वक्त था जब कोविड से भी अधिक भयावह स्थिति एड्स को लेकर थी। समय बदला और लोगों में जागरूकता आई जिससे एड्स पर नियन्त्रण पाया गया लेकिन इसको पूरी तरह से ख़त्म करने के लिए अभी और जागरूकता की जरूरत है। आज सुबह इतनी बड़ी तादाद में आपकी उपस्थिति यह एहसास जरूर दिलाती है कि हम जल्दी ही इसमें भी कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि इलाज से बेहतर बचाव है, इसलिए जागरूक बनें और बीमारियों से बचें। इसके साथ ही उन्होंने जल, जंगल, जमीन के साथ ही जिन्दगी को सुरक्षित बनाने के लिए प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने का आह्वान किया। छात्र और छात्रा वर्ग के प्रथम दो.दो विजेता नेशनल मैराथन गोवा में भाग लेने जायेंगे। मैराथन में पुरुष वर्ग (छात्र) के प्रथम विजेता अंकित शुक्ला रहे, जबकि दूसरे स्थान पर अमन वर्मा और तीसरे स्थान पर शिवम कुमार रहे। महिला वर्ग (छात्रा) में पहले स्थान पर साक्षी यादव, दूसरे स्थान पर वर्षा रानी और तीसरे स्थान पर दीपिका रहीं। ट्रांसजेंडर वर्ग में पहले स्थान पर सचिन गुप्ता उर्फ़ ख़ुशी, दूसरे स्थान पर हरीश और तीसरे स्थान पर मुन्ना जनानी रहे। छात्र.छात्रा वर्ग के पहले दो.दो विजेताओं को अगले महीने गोवा में होने वाले नेशनल मैराथन में भाग लेने के लिए यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी ले जायेगी। इस मौके पर डॉ हीरा लाल ने सोसायटी से कहा कि इन विजेताओं के खानपान का उचित प्रबंध किया जाए ताकि वह अच्छी तरह से अभ्यास कर नेशनल मैराथन में भाग ले सकें।

### नुक्कड़ नाटक के जरिये एचआईवी,एड्स के प्रति किया जागरूक

इस मौके पर विविध सेवा संस्थान की नाट्य मण्डली ने आकर्षक अंदाज में एचआईवी के बारे में जागरूकता का अहसास कराया। इस मौके पर स्टेट एचआईवी.टीबी कोआर्डिनेटर डॉ नरेंद्र सिंह, मद्य निषेध विभाग से राजीव श्रीवास्तव, यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव, डॉ गीता अग्रवाल, अनुज दीक्षित के साथ ही सहयोगी संस्था यूपीएनपी प्लस, पाथ और सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आईआईएमएल ने की राधाकृष्णन गोपालन युवा संकाय शोधकर्ता अवार्ड की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** प्रबंधन संस्थान, लखनऊ ने सोमवार को 1996 के आईआईएम लखनऊ बैच द्वारा शुरू की गई राधाकृष्णन गोपालन युवा संकाय शोधकर्ता अवार्ड की घोषणा की। यह अवार्ड हर साल 25 सितंबर को दिया जायेगा। 25 सितंबर को स्वर्गीय राधाकृष्णन गोपालन का जन्मदिन होता है। लगभग 75 लाख रुपये की प्रारंभिक निधि और 700000 रुपये के वार्षिक पुरस्कार मूल्य के साथ, इस पुरस्कार का उद्देश्य आईआईएम लखनऊ में युवा संकाय शोधकर्ताओं को पहचानना और प्रोत्साहित करना है।



अवार्ड के उद्घाटन समारोह में डीन फैकल्टी प्रोफेसर अजय गर्ग ने सभी का स्वागत किया और पहल का विवरण साझा किया। निदेशक प्रोफेसर अर्चना शुक्ला ने आभार व्यक्त किया और 1996 के बैच और स्वर्गीय राधाकृष्णन गोपालन के दोस्तों की उनकी उदार पहल के लिए सराहना की। इस मौके पर बैच 1996 से रवि थोटा और सत्या को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे। साथ ही इस अवसर पर राधाकृष्णन के भाई जय गोपालन भी उपस्थित थे।

# जीवन में उतार-चढ़ावों का दृढ़ता से सामना करें : राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को प्रो राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज का छठा दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ।




दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल ने कुल 142482 विद्यार्थियों को उपाधि दी, जिसमें स्नातक पाठ्यक्रम में 92611, स्नातकोत्तर में 26166 तथा 23705 व्यावसायिक पाठ्यक्रम में उपाधियां दी गई। मेधावी विद्यार्थियों को 161 पदक वितरित किए गए। वितरित पदकों में 47 स्वर्ण पदक, 52 रजत पदक तथा 57 कांस्य पदक प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 1 कुलाधिपति पदक, 2 प्रायोजित स्वर्ण तथा 2 प्रायोजित रजत पदक दिए गए।

छात्राओं ने कुल पदकों में 63 प्रतिशत जबकि छात्रों ने 37 प्रतिशत पदक हासिल किए। कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के 6वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण के साथ.साथ 120 एक परिसर में आवागमन को सुगम और प्रदूषण रहित बनाने के लिए ई.कार्ट सुविधा का शुभारम्भ तथा 6 नए भवनों का लोकार्पण भी किया। इन भवनों में शैक्षणिक भवन ब्लाक.बी, लर्निंग रिसोर्स सेण्टर, विश्वविद्यालय अतिथिगृह, पुरूष छात्रावास टाइप.2 ब्लाक.बी, आवास टाइप.3 ब्लाक बी शामिल हैं।

उन्होंने दीक्षान्त में आए राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों को पठन.पाठन एवं पोषण सामग्री का वितरण भी किया। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्र.छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं के बढ़े प्रतिशत को देखकर शैक्षिक उन्नति में समर्पण के साथ उन्नति करती महिलाओं के सशक्तिकरण पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसी क्रम में उन्होंने हाल ही में सदन में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण को सुनिश्चित करने वाले विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने जाने की चर्चा की और कहा कि ये लोकतंत्र में जनता के भरोसे को मजबूत करेगा। उन्होंने अपने सम्बोधन में वैश्वीकरण के दौर में शिखा के बदलते परिदृश्य, जी.20 शिखर सम्मेलन में भारतीय संस्कृति और विरासत की वैश्विक पहचान, वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का प्रसार जैसे विविध महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों का ध्यान भारत की आवश्यकताओं की ओर आकर्षित करते हुए इन्हें विश्वविद्यालय स्तर और जनभागीदारी से सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए कठिन परिश्रम, सहनशीलता और लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में उतार.चढ़ावों का दृढ़ता से सामना करें और अपने कार्यों में दक्षता हासिल करें। यहाँ उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने आज के कार्यक्रम का उद्घाटन जल संवर्द्धन के साथ किया।

उन्होंने मटकी में जलधारा प्रवाहित कर जल संरक्षण का संदेश दिया। समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष शासी निकाय, राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार प्रो प्रदीप कुमार जोशी ने अपने अनुभवों को विद्यार्थियों से साझा करते हुए उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विद्यार्थियों को भावी जीवन में देश के लिए अपना योगदान देने और लोकहित कार्यों से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने सभी उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को आगामी जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कुलपति प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

# 1984 में हुए पास, अब नाम में हो सका संशोधन

## ● माध्यमिक शिक्षा परिषद ने छात्रों के 60 हजार मामले निपटाये, 45 हजार से अधिक मामले 2010 से 2017 तक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से वर्ष 1984 में मेरठ निवासी संजय कुमार, जिनका हाईस्कूल अनुक्रमांक 0646199 था। इनके प्रकरण में पिता के नाम की स्पेलिंग गड़बड़ थी। इन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ के लम्बे चक्कर काटे पर, सही नहीं हुआ। परिषद की पहल पर अब जाकर नाम संशोधन संभव हो सका। इसी प्रकार क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज में भी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1986 अनुक्रमांक 0443164, जनपद रायबरेली का एक प्रकरण था, जो परीक्षार्थी रमेश चन्द्र के पिता के नाम की स्पेलिंग के संशोधन से सम्बंधित था। दोनो ही प्रकरण का निस्तारण किया गया।

इसी तरह माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से विभाग में लम्बित चल रहे 60 हजार के करीब छात्रों से जुड़े मामलों का निस्तारण कर दिया गया। इसके लिए जिले स्तर पर कैंप लगाकर छात्र.छात्राओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया। इससे पहले छात्र.छात्रायें अपनी समस्याओं को लेकर निदेशालय से लेकर क्षेत्रीय कार्यालय के चक्कर लगाने के लिए मजबूर थे। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा

### क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन इस तरह हुआ समाधान

| | | |
|---|---|---|
| मेरठ | - | 24512 प्रकरण |
| बरेली | - | 5188 प्रकरण |
| प्रयागराज | - | 8356 प्रकरण |
| वाराणसी | - | 18591 प्रकरण |
| गोरखपुर | - | 3213 प्रकरण |

परिषद सचिव दिव्यकांत शुक्ल की ओर से सोमवार की ओर से दी गई जानकारी में बताया कि समस्या निस्तारण के लिए जिले स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षकों के नेतृत्व में कैंप लगाया गया। इसके साथ ही मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों की भी जिम्मेदारी तय गई थी। विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक अलग.अलग जिलों के करीब 60 हजार छात्र.छात्रायें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट थे इसमें 45 हजार मामले 2010 से 2017 तक के थे। सालों से छात्र अपनी समस्या लेकर विभाग के चक्कर काटने को मजबूर थे। अधिकारियों ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद में लम्बित संशोधन सम्बंधी कुल 59,860 प्रकरणों में 45,000 अधिक प्रकरण वर्ष 2010 से 2017 तक की परीक्षाओं से सम्बन्धित हैं। इसके अलावा अन्य कुछ त्रुटियों से जुड़े मामले थे इनका निस्तारण अब जिले स्तर पर किया गया।

**विद्यालयों और डीआईओएस की ओर से हुई लापरवाही**

विभाग ने इस सभी लंबित प्रकरणों में डीआईओएस और माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित कॉलेजों के प्रधानाध्यापकों की गलती व लापरवाही मानी है। बताया जा रहा है कि बैकलाग प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक साक्ष्य, प्रमाणित दस्तावेजों को उपलब्ध कराने के लिए बार.बार नोटिस देने के बावजूद सम्बन्धित छात्र. छात्राओं व विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और जिला विद्यालय निरीक्षकों की ओर से लापरवाही की गई है। यही कारण है कि प्रकरण सालों तक लटके रहें।

**वेबसाइट पर अपलोड, अब सभी कार्रवाई होगी आनलाइन**–निस्तारित हुये प्रकरणों को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर भी अपलोड करा दिया गया है जिसे कोई भी छात्र.अभिभावक देख सकता है। सचिव परिषद दिव्यकांत शुक्ला ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार से बैकलाग प्रकरणों की पुनरावृत्ति न हो सके, इस हेतु परिषद् द्वारा निकट भविष्य में केवल आनलाइन व्यवस्था से ही आवेदन लेने, उनका ट्रैकिंग सिस्टम डेवलप करने, संशोधन हेतु आवश्यक साक्ष्य अभिलेख आनलाइन मंगाने की व्यवस्था की है।

### पॉलीटेक्निक में फॉर्मेसी की सीटों पर प्रवेश के लिए कॉउंसिल आज से

**लखनऊ।** प्राविधिक शिक्षा परिषद से डिप्लोमा इन फॉर्मेसी में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए सोमवार से प्रक्रिया शुरू हो गयी। परिषद सचिव एसके श्रीवास्तव की तरफ से जारी सूचना के अनुसार फॉर्मेसी में 30 नवंबर तक प्रवेश लिए जा सकते है। इसको लेकर काउंसलिंग तीन चरणों में आयोजित होगी।

### अंर्तजनपदीय स्थानांतरण को लेकर शिक्षकों ने निदेशालय का किया घेराव

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत शिक्षकों के अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के अंतिम चरण को शिक्षकों की प्रमोशन प्रक्रिया से पूरा करने की मांग को लेकर सोमवार को सैकड़ो की संख्या में शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा निदेशालय का घेराव किया। शिक्षकों का आरोप है कि परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में कार्यालय शिक्षकों का अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया को विभाग के अधिकारी जानबूझकर रोड़ा अटका रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों का कहना है कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत शिक्षकों का अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण करने का शासनादेश 20 जनवरी 2023 को जारी किया गया था। शासनादेश जारी होने के 7 महीने से अधिक समय बीत चुका है। स्थानांतरण गर्मियों की छुट्टी में पूरे करा लिए जाने चाहिए थे, पर विभागीय अधिकारियों की उदासीनता की वजह से अब तक लंबित है।

# पॉलिटेक्निक के नये इंजीनियरिंग व फॉर्मेसी संस्थानों का फिर से होगा इंस्पेक्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पॉलिटेक्निक** से सम्बद्ध हुए नये इंजीनियरिंग और फॉर्मेसी संस्थानों का एक बार फिर निरीक्षण कराने की तैयारी है। प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा एम देवराज ने इसके निर्देश जारी कर दिए हैं। प्राविधिक शिक्षा परिषद अब पोर्टल पर एनओसी के लिए आवेदन करने वाले संस्थानों की एक बार फिर जांच कराने जा रहा है। पोर्टल पर 950 से ज्यादा आवेदन आए हैं। विभाग की तरफ से जांच में सही पाए गए फार्मेसी कॉलेज के मान्यता संबंधी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए चार सितंबर को पोर्टल ओपन किया था। ऐसे में पोर्टल पर उन कॉलेजों ने भी आवेदन कर दिया है, जिनके आवेदन को जांच कमेटी ने निरस्त कर दिया था। ऐसे में जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोबारा से सभी कॉलेजों के इंस्पेक्शन करने की तैयारी की गयी है। निदेशक प्राविधिक शिक्षा के राम ने बताया कि सितंबर में सम्बद्धता एनओसी के लिए पोर्टल खोला गया था, इसमें विभाग शासन और जिलाधिकारी ने जिन संस्थानों को उचित नहीं पाया है। उन्होंने भी इसमें आवेदन किया है।

**मुख्यमंत्री के आदेश पर फार्मेसी कॉलेज की शुरू हुई थी जांच**–बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्राविधिक शिक्षा परिषद पॉलिटेक्निक में करीब 950 कॉलेज को संबद्धता प्रदान करने के लिए एनओसी जारी किया था। इस मामले में जून जुलाई के महीने में गलत एनओसी जारी करने की सूचना मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के जिला अधिकारी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी की रिपोर्ट पर प्रदेश में 950 फार्मेसी कॉलेज में से केवल 216 फार्मेसी कॉलेज के प्रस्ताव को ही सही पाया था।

# फार्मेसिस्ट को उनका सम्मान दिलाएगी सरकार : अपर्णा यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में फार्मासिस्टों का सम्मान बढ़ाने के लिए सरकार कार्य करेगी। मुख्यमंत्री के समक्ष जल्द ही सभी मांगों को रखा जायेगा और मांगों का समाधान भी कराया जाएगा। उक्त वक्तव्य सोमवार को भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर पशुपालन सभागार में वैज्ञानिक सेमिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।

पद्मश्री अरुणिमा सिन्हा ने कहां के युवाओं को आगे जाकर कार्य करने की जरूरत है। कभी भी किसी चीज को असंभव नहीं मानना चाहिए। उन्होंने अपने पर्वतारोहण के समय के वृतांत भी सुनाएं, साथ ही कहा कि एक फार्मासिस्ट की वजह से ही आज हम जीवित है। मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉक्टर जी एन सिंह ने प्रदेश में जल्द ही फार्मा हब विकसित किए जाने को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि फार्मेसी एक्ट को रिव्यू करने में फार्मेसिस्ट फेडरेशन ने बड़ी भूमिका निभाई है। प्रदेश के 2 लाख फार्मेसिस्टो को एक साथ फेडरेशन के मंच पर आना होगा। परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत,वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा इंडियन पब्लिक इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने कहा कि पूरे प्रदेश का कर्मचारी फार्मासिस्ट फेडरेशन के साथ है और हर लड़ाई में पूरा सहयोग करेगा। फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने प्रदेश में फार्मासिस्टों के सम्मान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्टों का पदनाम परिवर्तित कर फार्मेसी अधिकारी किया जाना चाहिए। साथ ही दवा उद्योग और मार्केटिंग में फार्मासिस्ट की भूमिका को और बढ़ाए जाने की जरूरत है । महामंत्री अशोक कुमार, यूथ के संरक्षक उपेंद्र कुमार ने अन्य विधाओं के समस्याओं को भी उठाया। यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के सचिव पीएस पाठक द्वारा युवाओं के रोजगार पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

# आंदोलनकारियों के समागम पर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जन** उद्घोष सेवा संस्थान द्वारा राजाजीपुरम में अयोध्या, काशी, मथुरा और भोजशाला आंदोलन प्रकरण पर सोमवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रबुद्ध जन एवं सनातनी संगठनों के प्रमुखों की मौजूदगी में संस्थापक द्वारा ज्ञानवापी और भोजशाला प्रकरण पर चर्चा हुई। चर्चा में आगामी 29 अक्टूबर को लखनऊ में प्रस्तावित ज्ञानवापी मंदिर मॉडल, ज्ञानवापी एवं भोजशाला से जुड़े प्रतीक चिन्हों की प्रदर्शनी एवं वृहद बौद्धिक समागम की तैयारियों जैसे मुद्दे रहे।



राजाजीपुरम में जन उद्घोष सेवा संस्थान के संस्थापक, अध्यक्ष एवं ज्ञानवापी और भोजशाला प्रकरण के वादी कुलदीप तिवारी के नेतृत्व में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के प्रबुद्ध जन एवं अनेक सनातनी संगठनों के प्रमुख उपस्थित रहे। संगोष्ठी में वाराणसी ज्ञानवापी प्रकरण की वैधानिक प्रक्रिया एवं आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। साथ ही साथ भोजशाला मध्यप्रदेश प्रकरण में संस्थान की तरफसे इंदौर उच्च न्यायालय में प्रस्तुत वाद पर भी परिचर्चा हुई। अयोध्या, काशी, मथुरा और भोजशाला प्रकरण से संबंधित जन जागरण के लिए आगामी 29 अक्टूबर 2023 को लखनऊ में प्रस्तावित ज्ञानवापी मंदिर मॉडल और ज्ञानवापी एवं भोजशाला से जुड़े प्रतीक चिन्हों की प्रदर्शनी एवं वृहद बौद्धिक समागम की तैयारियों पर व्यापक चर्चा हुई। उस बौद्धिक समागम में पूरे देश के अलग अलग क्षेत्रों से महानुभावों का आगमन सुनिश्चित है। कुलदीप तिवारी ने कहा कि हमारे चारों प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों के साथ साथ पूरे भारत में लाखों मंदिर हैं जिन पर गैर संवैधानिक तरीके से कब्जा अथवा अतिक्रमण किया गया है।

उपस्थित जनों को स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया गया और सनातन धर्म पर हो रहे लगातार प्रहारों का उत्तर कैसे दिया जाए संस्थान इस विषय को एक बड़े जन आंदोलन का रूप देकर वैधानिक एवं सामाजिक लड़ाई लड़ने के लिए आवश्यकता पड़ने पर सड़क पर उतरने का भी संकल्प लिया। स्टैलिन, स्वामी प्रसाद मौर्य, ए राजा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे जैसों द्वारा गलत बयान बाजी और राष्ट्रविरोधी ताकतों की भर्त्सना की गई।

उपस्थित सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने एक स्वर में आवाह्न का स्वागत किया और समर्थन देने का विश्वास दिलाया। बैठक में ज्ञानवापी, मथुरा एवं भोजशाला प्रकरण की सहवादी अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री सहित धीरज शंकर सक्सेना, रिमोट सेंसिंग, एप्लीकेशन सेंटर के पूर्व चेयरमैन सुधाकर त्रिपाठी, अजय पांडेय, अनिल मोहन त्रिपाठी, सुनील शुक्ला, गजेंद्र त्रिपाठी, संजय मिश्रा, राकेश मोहन मिश्र एवं सुनील मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## 100 दिवस का पूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने में यूपी प्रथम स्थान पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण परिवारों को 100 दिवसों का पूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम स्थान पर है । महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व, निर्देशन व प्रबन्धन में महत्वपूर्ण व प्रभावी कदम उठाए गए हैं। फलस्वरूप वर्ष 2016-17 मनरेगा में महिलाओं की सहभागिता 33 प्रतिशत थी, वहीं अब बढ़कर 43 प्रतिशत से अधिक हो गयी है। मनरेगा योजनान्तर्गत 2017 से अब तक प्रदेश में कुल 1.76 करोड़ महिलाओं द्वारा कार्य करते हुए 60.90 करोड़ मानवदिवस का सृजन किया गया है। मानव दिवस सृजन में महिला सहभागिता वित्तीय वर्ष 2016-17 में 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 2021-22 में 38 प्रतिशत की गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 30.75 लाख महिला श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया एवं मानव दिवस सृजन में महिला सहभागिता 38 प्रतिशत रही।

# मंहगाई रोकने में भाजपा सरकार असफल : अनिल दुबे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने भाजपा सरकार को महंगाई रोकने में पूरी तरह से असफल बताते हुये कहा है कि लगातार बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी ने देश के आर्थिक ताने बाने को छिन्न भिन्न कर दिया है। सरकार महंगाई रोकने का कोई प्रयास भी नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि लोग कर्ज पर अपना जीवन निर्वहन करने को मजबूर हैं। महंगाई से परेशान होकर दर्जनों लोग आत्महत्या करने को मजबूर हैं। सोमवार को एक बयान जारी कर दुबे ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ रही है और रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं। युवाओं का भविष्य अंधकार के गर्त में है और अपराधों में लगातार वृद्धि होती जा रही है। रिजर्व बैंक के वर्तमान आंकड़ों के अनुसार घरेलू बजट पर बुरा प्रभाव पडने से कर्ज बढ़ता जा रहा है। लोगों की बचत दर घट रही है और देनदारियां लगातार बढ़ रही हैं। आम आदमी की आमदनी में भारी कमी चिंता का विषय है। दुबे ने कहा कि रोज प्रयोग में आने वाली खाद्य सामग्री और घरेलू उपयोग की वस्तुओं पर भी महंगाई का व्यापक असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की जमीनी हकीकत निराश करने वाली है। वह भी तब जब सरकार देश की जनता को गुमराह करने के लिए 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य और वैश्विक स्तर पर पांचवें से तीसरी श्रेणी में आने का दावा करती है। जबकि असलियत यह है कि लोगों की आमदनी घटने से देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गयी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की वादाखिलाफी से जनता त्रस्त है और 2024 के लोकसभा चुनाव में इनको करारा जवाब देगी।

# अफसरों की फटकार पर टूटी नींद,नई जेल रोड पर भर गए गड्ढे

**मोहनलालगंज।** एक्सइएन की फटकार के बाद मोहनलालगंज में नई जेल रोड पर हादसों की वजह बन रहे गड्ढे भरने का कार्य युद्धस्तर पर शुरु किया गया है। पायनियर में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद अतरौली मोड़ और तहसीलदार आवास के निकट के सारे गड्ढे भर दिए गए हैं। लिहाजा लोगों ने राहत की सांस ली है। मोहनलालगंज में नई जेल रोड पर अतरौली मोड़ और तहसीलदार आवास के निकट भारी वाहनों के आवागमन से हुए जानलेवा गड्ढे लोगों के मुसीबत बन रहे थे। 21 सितम्बर को एलडीए कालोनी निवासी रिटायर्ड टीचर रामचन्द्र बाजपेई की पत्नी मोहिनी बाजपेई अतरौली मोड़ के गड्ढे में बाइक से गिरकर गंभीर रुप में जख्मी हो गई थीं। जिनका लोकबन्धु अस्पताल में इलाज चल रहा है। पायनियर में रोड के इन जानलेवा गड्ढों को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन अनूप मिश्र के निर्देश पर अभियान चलाकर मोहनलालगंज से लेकर धरमावत खेड़ा तक नई जेल रोड के गड्ढे भर दिए गए। जिससे क्षेत्रीय लोगों का आवागमन आसान हो गया है।

**इन सड़कों में भी गड्ढों की भरमार**–मोहनलालगंज में शिवढ़रा रोड दहियर.जगन्नाथगंज रोड गनेश खेड़ा से नहर पटरी रोड मोहिद्दीनपुर रोड दाउदनगर पीएचसी रोड और डलौना रोड में भी कई जगह गड्ढे हैं। जिसे लेकर तहसील दिवस और आईजीआरएस के जरिए शिकायत भी दर्ज कराई जा चुकी है। फिर भी सड़कों पर गड्ढे बरकरार हैं।

# जनसमस्याओं को त्वरित किया जाए निस्तारण : केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कालीदास मार्ग स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर दो दर्जन से अधिक जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक.एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में बुजुर्ग, महिलाएं, पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायी। बतायी गयी समस्याओं में मुख्य रूप से विद्युत, मार्ग चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, आवास दिलाने, अवैध कब्जा, कानून व्यवस्था, रास्ता खुलवाने, विकास कार्य, मारपीट, राजस्व, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता आदि थीं।



उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आये तमाम लोगों के पास स्वयं जाकर उनकी समस्याएं सुनीं एवं प्रार्थना पत्र भी लिये, साथ ही कई लोगों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में उपमुख्यमंत्री ने शासन के कई उच्चाधिकारियों, जिलाधिकारियो व पुलिस अधीक्षको सहित कई अधिकारियों से दूरभाष पर भी वार्ता की।

उप मुख्यमंत्री ने फरियादियों को विश्वास दिलाया कि किसी को निराश नहीं होना पड़ेगा, सबकी समस्याओं का समुचित समाधान कराया जायेगा।

## 301 फार्मेसी कॉलेजों की एनओसी निरस्त करने का आदेश खारिज

**लखनऊ।** सूबे की 301 फार्मेसी कॉलेजों को प्रदान किया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) निरस्त करने सम्बंधी राज्य सरकार के आदेश को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने कहा है कि एनओसी निरस्त करने से पूर्व उन्हें न तो सुनवाई का मौका दिया गया और न कारण बताओं नोटिस ही जारी किया गया। हालांकि पीठ ने राज्य सरकार को कानून सम्मत कार्यवाही की छूट भी दी है। जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की एकल पीठ ने यह आदेश कामेट ऑफमैनेजमेंट जय प्रकाश चैरिटेबल ट्रस्ट समेत 301 फार्मेसी कॉलेज व उनको चलाने वाले ट्रस्टों की याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि फार्मेसी काउंसिल ऑफइंडिया ने बी फार्मा और डी फार्मा कोर्स के लिए नए संस्थान स्थापित करने हेतु तीन जुलाई 2022 से 15 जुलाई 2022 के बीच आवेदन आमंत्रित किए थे।

आवेदन के लिए राज्य सरकार से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र आवश्यक था। 14 जुलाई 2022 को सचिवए बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन ने एक आदेश जारी करते हुए कहा कि समयाभाव के कारण उक्त आवेदन के लिए इच्छुक संस्थान स्व.घोषणात्मक शपथ पत्र दाखिल कर एनओसी प्राप्त कर सकते हैं। शपथ पत्र दाखिल करने के पश्चात उनके संस्थानों को एनओसी जारी कर दिया गया। 24 मार्च और तीन अप्रैल 2023 को मुख्यमंत्री कार्यालय से सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिया गया कि वे अपने.अपने जिलों में तहसीलदार, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व एक सहायक अभियंता की कमेटी बनाएं, जो संस्थानों द्वारा दाखिल उक्त घोषणात्मक शपथ पत्र के तथ्यों की जांच करेगी।

## व्यापारियों ने जताया आक्रोश, कार्रवाई का आश्वासन

**लखनऊ।** भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज गुप्ता के एल्डिको चौराहा स्थित प्रतिष्ठान पर बीते रविवार की रात लगभग 10.30 बजे ग्राहक के रूप में आए दो व्यक्तियों ने स्टाफ से मारपीट, बद्तमीजी और गाली-गलौज किया। आरोप है कि इस घटना की



शिकायत करने चिनहट कोतवाली पहुंचे व्यापारी नेता और उनके साथियों से नाइट ड्यूटी पर तैनात दारोगा अरविंद त्रिवेदी ने अभद्रता की और आरोपियों के पक्ष में बोलते हुए व्यापारियों को धमकाने का प्रयास किया। सोमवार सुबह प्रकरण की जानकारी होने के बाद भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल की पूरी टीम एल्डिको चौराहे पर एकत्र हो गई। भारी संख्या में पहुंचे व्यापारियों ने दारोगा के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। व्यापारियों ने विरोध चिनहट कोतवाली का घेराव व प्रदर्शन करने का निर्णय किया। इसकी भनक लगते ही प्रभारी निरीक्षक आलोक राव व्यापार मंडल कार्यालय पहुंचे। व्यापारी नेताओं से वार्ता के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के अंदर दोषी दारोगा के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उनके आश्वासन पर व्यापारियों का गुस्सा शांत हुआ।

# व्यापक सफाई व जागरुकता के हथियार से मच्छरजनित बीमारियों पर वार

**मोहनलालगंज।** मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए ग्राम पंचायतों में अक्टूबर माह के दौरान विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत सभी सचिवों को नालियों की सफाई व एण्टीलार्वा का छिड़काव और फागिंग कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोमवार को एडीओ पंचायत अशोक यादव ने सचिव और प्रधानों की बैठक में कड़े निर्देश दिए। मोहनलालगंज की सभी 78 ग्राम पंचायतों में 3 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान नाले.नालियों और गन्दगी से पटे तालाबों की सफाई कराने के लिए कहा गया है। सोमवार को एडीओ पंचायत अशोक यादव ने सचिव और प्रधानों की बैठक कर जिला प्रशासन के आदेशों की जानकारी दी। सफाईकर्मियों और श्रमिकों को जुटाकर हर एक गांव में व्यापक सफाई कराने की हिदायत दी। सफाई टीमों को जरुरी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए हैण्डपम्पों को दुरुस्त रखकर यथावश्यक चबूतरों का निर्माण कराने के लिए निर्देश दिए गए। एडीओ पंचायत अशोक यादव ने बताया गांव से निकलने वाले कचरे का आबादी से दूर समुचित निस्तारण कराने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होने बताया ब्लाक की टीमें पंचायतों का औचक निरीक्षण कर सफाई और जागरुकता अभियान का जायजा लेंगी। किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ज्वाइंट बीडीओ चन्द्रप्रकाश और यूनीसेफ व सीएचसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिंदी माह के अंतर्गत केनरा बैंक में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**लखनऊ।** केनरा बैंक के अंचल कार्यालय में सोमवार को हिंदी माह के अंतर्गत हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव हरिओम ने शिरकत की। अंचल प्रमुख एवं महा प्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उप महाप्रबंधक संजय कुमार ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। हरिओम ने कैलाश मानसरोवर यात्रा आस्था के वैचारिक आयाम पर पुस्तक लिखी। वे एक लेखक के साथ साथ बहुत अच्छे गायक हैं। जिनके द्वारा कई म्यूजिक एल्बम मार्केट में धूम मचा रहे हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व प्रशासनिक नौकरी के साथ साथ वे अपने शौक दोनो को पूरा करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हिंदी भाषा के उपयोग को बड़ी सरलता से समझाया। बैंक में हिंदी माह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम जैसे बैंकिंग शब्दावली, क्विज प्रतियोगिता, निबंध, टिप्पण लेखन एवं अंताक्षरी का आयोजन किया गया। सी आई बी एम के तहत क्विज प्रतियोगिता में अंचल कार्यालय के तुलन अनुभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सर्व मित्र भट्ट ने लखनऊ अंचल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपमहाप्रबंधक लोकनाथ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जनहितकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाना मुख्य कार्य होगा: डीएम



जिलाधिकारी प्रेस वार्ता में बड़ी बड़ी सभी जिले की समस्या से रूबरू हुई

**रायबरेली।** शासन स्तर पर संचालित जनहितकारी योजनाओं को जिले के जनमानस तक पहुंचाना प्रशासनिक अमले का मुख्य कार्य होगा और यहां की बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा चिकित्सा सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं मुख्य प्राथमिकता में होगी। नवागंतुक डीएम हर्षिता माथुर ने आज रायबरेली मीडिया से मुखातिब होते हुए अपनी प्राथमिकताओं को बताया साथ ही साथ पत्रकारों का आवाहन किया कि जिले की मूलभूत जो समस्याएं हैं उन समस्याओं को शासन प्रशासन के संज्ञान में लाएं प्रशासन की कोशिश होगी कि उन समस्याओं का समाधान किया जाए। डीएम के द्वारा आयोजित परियात्मक प्रेस वार्ता में बड़ी बड़ी सभी पत्रकारों से जिले की समस्या से रूबरू हुई पत्रकारों ने अपनी जानकारी के आधार पर जिले की तमाम समस्याएं डीएम को समस्याओं से अवगत कराया। रायबरेली की तमाम मुख्य सड़कों के जर्जर होने की जानकारी दी गई। डीएम ने भरोसा दिलाया कि शीघ्रता शीघ्र सड़कों को ठीक कराया जाएगा। डीएम को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली दरीबा से कटघर मार्ग के क्षतिग्रस्त होने की भी जानकारी दी गई। हम इसको प्राथमिकता के आधार पर दिखाते हैं।

परिक्रात्मक प्रस्त में मुख्य बात यह रही की नौगंतुक जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने अपने बारे में और मीडिया पर्सन के बारे में बेहतर तरीके से परिचय प्राप्त किया और उन्होंने कहा कि मैं 2013 बैच कि आईएएस हूं। कासगंज में डीएम के पद पर तैनात थी। शासन ने रायबरेली की जनता की सेवा करने का एक अवसर प्रदान किया है। कोशिश होगी कि रायबरेली के जनमानस की जो भी समस्याएं हैं उनको प्राथमिकता के आधार पर निराकरण हो तथा बेहतर प्रशासनिक सेवा का एहसास जनमानस को हो। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन और प्रशासनिक अम्ल के बीच सेतु समुद्रम का कार्य मीडिया करता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**नसीराबाद, रायबरेली।** सोमवार की सुबह करीब पांच बजे नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर मजरे कुवंरमऊ में एक 50 वर्षीय अधेड का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसी के चारपाई पर मिला। अधेड़ की मौत से घर में कोहराम मच गया है। सूचना पर नसीराबाद थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुचे। और जाँच पड़ताल कर शव का पंचनामा कराया फिर शव को पी एम के लिए रायबरेली भेज दिया ।

नसीराबाद थाना क्षेत्र के राजापुर मजरे कुवंरमऊ निवासी ओम प्रकाश कोरी पुत्र स्वर्गीय श्रीपाल आयु 50 वर्ष रविवार को राजापुर बाजार किसी काम से गया था। लौटते समय अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह एक चाय की दुकान पर लेट गया जब दुकानदार ने उसकी तबीयत अधिक खराब होते देखी तो गांव के कुछ लोगों को बुलाया और उसे उसके घर भिजवा दिया। सोमवार की सुबह ओम प्रकाश का शव उसी की चारपाई पर मृत अवस्था में पाई गई। अधेड़ के मुंह से झांग निकल रहा था जिससे यह प्रतीत होता था कि उसकी मौत किसी जहरीले पदार्थ खिलाने से हुई है। अधेड़ की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। सूचना पर नसीराबाद थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुचे। और शव की जाँच पड़ताल कर पंचनामा करवाया और उसे पोस्टमार्टम के लिए रायबरेली भेज दिया। अधेड़ की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया पत्नी ज्योति जो दोनो आंखो से अन्धी है।रोते रोते कह रही थी अब परिवार का पालन पोषण कैसे होगा। बिटिया की शादी की कौन करेगा। वहीं मृतक अपने पीछे पत्नी ज्योति व दो बेटे शुभम उर्फ बादल, धीरू व दो बेटी मुक्ति तथा जहावी छोड़ गया है। थाना प्रभारी राम लखन पटेल ने बताया की सूचना पर घटना स्थल पर पहुचकर जाँच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के संबंध में तहरीर मिली है पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# एनटीपीसी रिहंद में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन



**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद में गणेश उत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन तरंग प्रेक्षागृह में किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक संजीव कुमार ने सह अतिथि माया सिंह, आलोक कुमार, महाप्रबन्धक (ई एंड एम) रंधीर सिंह, प्रोजेक्ट ऑफिसर एम के लाल के साथ परंपरागत रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये संजीव कुमार नें कहा कि गणेश उत्सव के पावन पर्व पर यह सांस्कृतिक संध्या रिहंद वासियों के लिए आयोजित की गयी है। एनटीपीसी रिहंद कर्मचारियों के कार्यजीवन के संतुलन को बनाए रखने के लिए वर्ष में कई बार ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गयी। तत्पश्चात कार्यक्रम में आई कलाकारा स रे गा मा पा फेम ऐश्वर्या पंडित ने अपने मनमोहक आवाज से सबका मन मोह लिया, और अपनी सुरीली एवं मधुर आवाज से सबको पैर थिरकाने पर मजबूर कर दिया। वहीं कार्यक्रम में आए हास्य कलाकार ने अपने चुटकुलों द्वारा सबको हँसा- हँसा कर लोटपोट कर दिया। सभागार में उपस्थित लोगों ने कलाकारों की जम के तारीफ की।

इसी कड़ी में गायिका ऐश्वर्या पंडित को परियोजना प्रमुख संजीव कुमार एवं माया सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनसीएल से पधारे विशिष्ट अतिथि उषा सिंह, ज्योत्सना लाल, अमित कुमार कुलश्रेष्ठा, पंकज मेदिरत्ता, प्रदीप बलवंत परांजपे, संजय कुमार श्रीवास्तव, एसएस प्रधान, राजेश नारायण सिन्हा, जाकिर खान, विभागाध्यक्षगण, सीआईएसएफ के पदाधिकारीगण, वर्तिका महिला मण्डल की पदाधिकारी महिलाएं, विभिन्न यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, कर्मचारीगण तथा दर्शकगण उपस्थित रहे।

# व्यवसायी ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**संवाददाता।** ऊंचाहार

**परचून** व्यवसायी ने घर की छत पर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है, वहीं मानसिक तनाव के कारण युवक द्वारा आत्महत्या किये जाने की बात सामने आई है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

पूरे मातादीन मजरे कन्दरावां गाँव निवासी विजयपाल क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं,जो वर्तमान में अपने चार भाईयों के साथ गाँव के पास शिवनगर में ट्रेडर्स की दुकान चलाता है और पूरे परिवार संग वहीं निवास करता है, उसका छोटा भाई अजय कुमार 27 वर्ष परचून के थोक व्यवसाय का कार्य करता था, जो रविवार की रात खा पीकर छत में बने कमरे में सोने चला गया और लोग घर के भीतर थे, सोमवार की सुबह अजय कुमार के देर तक न उठने पर जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा बंद था, जिसके बाद कमरे की खिड़की से परिजनों ने देखा तो अजय कुमार का शव टीन शेड में लगी बल्ली में रस्सी के सहारे लटक रहा था,जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए भेजा है।

मृतक के भाई विजयपाल ने बताया अजय कुमार तीन चार दिनों से मानसिक तनाव में रहता था और पूछने पर कुछ बताया भी नहीं है। कोतवाल आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संजय गांधी अस्पताल बंद करने को लेकर किया व्यापक सत्याग्रह



धरने पर पूर्व एमएलसी

**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद के मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित संजय गांधी अस्पताल में 22 वर्षीय विवाहित महिला दिव्या शुक्ला की ऑपरेशन से पूर्व एनेस्थीसिया दिए जाने के बाद बिगड़ी हालत और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जिसका संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी डाक्टर अंशुमान सिंह ने पहले स्पष्टीकरण देने हेतु अस्पताल को नोटिस जारी किया। उसी के अगले दिन अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया। अस्पताल को सेल करते हुए उसकी ओपीडी आईपीडी सहित तमाम सेवाएं बंद कर दी गई। यह जिले का सबसे बड़ा निजी अस्पताल है जहां पर साढे 300 बेड मौजूद है यही नहीं इस अस्पताल में वेंटिलेटर ऑक्सीजन के साथ साथ तमाम अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधा मौजूद है।

यह अस्पताल संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा संचालित किया जाता है। इस ट्रस्ट की अध्यक्ष सोनिया गांधी और सदस्य राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी हैं। संजय गांधी अस्पताल पर इस तरह की गई कार्यवाही को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि तमाम आम जनमानस और किसान संगठनों के द्वारा लगातार विरोध दर्ज कराया जा रहा है और अस्पताल को खोलने की मांग की जा रही है। अस्पताल में कार्यरत लगभग 450 कर्मचारी अचानक सड़क पर आ गए हैं। वह बेरोजगार हो गए हैं । लोगों के द्वारा धरना प्रदर्शन कर डीएम, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन दिया जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी के द्वारा आज से सीएमओ कार्यालय गौरीगंज के सामने सत्याग्रह आंदोलन प्रारंभ किया गया है। यह सत्याग्रह आंदोलन कांग्रेस के पूर्व एमएलसी एवं नेता दीपक सिंह तथा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ.साथ आम जनमानस का भी सहयोग प्राप्त है।

# घर से बाइक लेकर निकला किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**संवाददाता।** ऊंचाहार

**पांच** दिन पूर्व घर से बाइक लेकर निकला किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया, तीन दिन पूर्व उसकी बाइक पूरे तीर खरौली गंगा घाट पर खड़ी हुई मिली है, किशोर की माँ ने कोतवाली में किशोर के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।मामला क्षेत्र के कोटिया चित्रा गाँव का है, गाँव निवासी ज्ञानवती का कहना है कि बुधवार की दोपहर बाद उनका 17 वर्षीय बेटा उद्देश्य कुमार बाइक लेकर घर से निकला था जिसके बाद से लौटकर घर वापस नहीं आया काफी खोजबीन के बाद भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी, शुक्रवार को पूरे तीर खरौली घाट पर बाइक के खड़े होने की जानकारी मिली लेकिन उद्देश्य का कोई पता नहीं चल सका है। कोतवाल आदर्श कुमार सिंह का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की खोजबीन की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### लाटरी का झांसा देकर ठगे साढ़े सात लाख

**तिलोई, अमेठी।** इन्हौना थानाक्षेत्र के अशरफाबाद निवासी एक व्यक्ति से अज्ञात ठग ने 25 लाख की लाटरी निकलने का झांसा देकर उससे कई किस्तों में साढ़े सात लाख रुपए ठग लिए। महीनो बाद ठगे गए व्यक्ति को जब यह एहसास हुआ कि शायद उसके साथ धोखाधड़ी कर ठगी की जा रही है तब उसने पुलिस से इन्हौना थाने पर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने मामले में साइबर अपराध में मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। इन्हौना ग्राम पंचायत के अशरफाबाद निवासी उदयराज को एक अंजान व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर फोन करके बताया गया कि मैं बैंक से शाखा प्रबंधक बोल रहा हूं। आपकी पच्चीस लाख की लाटरी निकली है। बैंक में खाता खोलवाकर अपने पैसा खाते में ट्रांसफर करा लें। जिसके बाद उदयराज ने 25 लाख पाने के एवज में ठग के बताएं रास्ते पर चलने लगें। पीड़ित के मुताबिक उसने मार्च से लेकर अगस्त तक लगभग छह माह में कई किस्तों में साढ़े सात लाख रुपया लाटरी लेने के लिए जमा कर दिया। जिसे ठगी करने वाले ठगों ने अपने खाते में ट्रान्सफर करा लिया। पीड़ित के मुताबिक मुझे जब समझ आया कि हमारे साथ धोखाधडी कर ठगी की जा रही है तो मैंने और पैसा न देने की बात करते हुए अपना पूरा पैसा वापस मांगना शुरू किया। इसपर ठगी करने वालो ने मेरा पैसा न वापस करके मुझे जेल भेजने व मेरे घर को नीलाम करने की धमकी देने लगे और कानूनी कार्यवाही करने की बात कहकर डरा धमकाकर और पैसे की मांग करने लगे। पीड़ित ने बातचीत में प्रयोग किए गए ठगों के चार मोबाइल 9638735212, 9728646209, 9679443833, 8130799515 पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग करते हुए मुक़दमा दर्ज़ कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामले में अज्ञात ठगों के खिलाफ़मुक़दमा दर्ज़ किया गया है और जांच पड़ताल की जा रहीं है।

# राष्ट्र के लिए पथ प्रदर्शक की तरह है पंडित दीनदयाल का जीवन: तिवारी



वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी के नीचीबाग स्थित कार्यालय पर दक्षिणी विधायक और पूर्व पर्यटन मंत्री डा नीलकंठ तिवारी ने गोष्ठी आयोजित कर अपने प्रेरणास्त्रोत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ;आरएसएसद्ध के विचारकए जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। विधायक के साथ विधानसभा क्षेत्र के समस्त पदाधिकारियों व अन्य कार्यकर्ताओं ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा बारी . बारी से अपने वक्तव्य में दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तिव का व्याख्यान किया। साल 1916 में मथुरा में जन्मे पंडित दीन दयाल उपाध्याय आरएसएस के पदाधिकारी और जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। क्षेत्रीय विधायक डा नीलकंठ तिवारी ने अपने उद्बबोधन में कहा कि ष्पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा व समर्पण का विराट प्रतीक है। जब भी मानवता के कल्याण की बात होगीए पंडित जी के एकात्म मानववाद दर्शन का सिद्धांत सम्पूर्ण मानवजाति को सदैव ध्रुव तारे की तरह मार्गदर्शित करेगा।ष उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि भोजन से लेकर विचारों तक की आत्मनिर्भरता ही राष्ट्र को विश्व में उसका स्थान दिला सकती है। उन्होंने कहा कि ष्आज यही संकल्प आत्मनिर्भर भारत की मूल अवधारणा है। तपस्वी जीवन व अंत्योदय का संकल्प सदैव भारतीय समाज के समावेशी उत्कर्ष के लिए प्रेरणा बना रहेगा। हम सबके प्रेरणास्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें नमन। गोष्ठी का संचालन काशी विश्वनाथ मंडल अध्यक्ष नलिन नयन मिश्र ने किया। इस दौरान गोष्ठी में मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष गोपालजी गुप्ताए संदीप चौरसियाए नलिन नयन मिश्रए उपसभापति सुरेश चौरसियाए महानगर मीडिया प्रभारी किशोर सेठए पार्षद संजय केशरीए इंद्रेश सिंहए अमरेश गुप्ता उमंगए लकी भारद्वाजए विवेक जायसवालए श्रवण गुप्ताए अनंत राज गुप्ताए शशि केशरीए योगेश सिंह पिंकूए अभय यादवए राजीव सिंहए विष्णु यादवए सारिका गुप्ता आदि ने भी अपने अपने विचार रखे।

# सर सुन्दरलाल चिकित्सालय व ट्रामा सेन्टर में क्षमतानुरूप चल रही ओपीडी तथा एमरजेंसी सेवाएं

**पायोनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**चिकित्सा** अधीक्षक कार्यालयए सर सुन्दरलाल चिकित्सालय तथा आचार्य प्रभारी कार्यालयए ट्रामा सेन्टर, द्वारा सूचित किया गया है कि कतिपय समाचार माध्यमों में ऐसा प्रचारित किया जा रहा है कि रेजीडेन्ट्स डाक्टर के विरोध प्रदर्शन के कारण अस्पताल की ओपीडीए आपातकालीन सेवाएं तथा आपरेशन थिएटर संबंधी सुविधाएं ठप्प पड़ी है, जो पूर्णरूप से असत्य है तथा तथ्यों पर आधारित नहीं है। ऐसी अपुष्ट व भ्रामक खबरों के चलते चिकित्सालय, विवि की नकारात्मक छवि उत्पन्न हो रही है। सूचित करना है कि सर सुन्दरलाल चिकित्सालय एवं ट्रामा सेन्टर में ओपीडी, आपातकालीन सेवाएं तथा सर्जरी सुविधाएं आदि यथावत चल रही हैं तथा उपलब्ध संसाधनों व चिकित्सकों के सहयोग से मरीजों को क्षमतानुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# प्रधानाचार्य परिषद का सम्मेलन और शिक्षा नीति पर शैक्षिक संगोष्ठी 28 को



वाराणसी। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद वाराणसी का एकदिवसीय प्रांतीय सम्मेलन तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन 28 सितंबर 2023 को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ सभागार में पूर्वांचल 10रू00 बजे आयोजित किया गया है। शैक्षिक संगोष्ठी शैक्षिक संगोष्ठी का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति संदर्भ में माध्यमिक शिक्षा की चुनौतियां है जिस पर सीबीएसई के अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य सूत्रधार अशोक गांगुली द्वारा दो शास्त्रों में चर्चा की जाएगी। यह जानकारी आज सोमवार को भारतीय शिक्षा मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंहए जिला अध्यक्ष डॉक्टर चारु चंद्र राम त्रिपाठीए शिक्षा चयन बोर्ड के सदस्य एवं सनातन धर्म इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरेंद्र कुमार रायए श्री कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत मिश्राए प्रधानाचार्य डॉक्टर आनंद प्रभा एवम देव कृष्ण शर्मा ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में दी।

# सपा मुखिया का सपाइयों ने किया स्वागत



अखिलेश का स्वागत करते हुए सपा कार्यकर्ता

**मुसाफिरखाना अमेठी।** अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सुल्तानपुर जिले की इसौली विधान सभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे दिवंगत अबरार अहमद के घर शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव का जिले की सीमा में जगह जगह सपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। जगदीशपुर क्षेत्र में पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव पूर्व विधान सभा प्रत्याशी विमलेश सरोज सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव जयसिंह प्रताप यादव जग प्रसाद यादव घनश्याम सिंह मोहम्मद आरिफ सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सुल्तानपुर से वापस लौटते समय भव्य स्वागत किया। सोमवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लखनऊ से सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर इसौली विधान सभा क्षेत्र के अझुई गांव पहुंचे जहां उन्होंने विगत दिनों दिवंगत हुए इसौली से दो बार विधायक रहे चुके अबरार अहमद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

अबरार अहमद आजीवन समाजवादी विचारधारा व पार्टी से जुड़ कर आवाम की जो सेवा की और विकास को गति देने का काम किया था।इसके साथ ही उन्होंने गत दिनों सुल्तानपुर में हुई चिकित्सक डॉ घनश्याम तिवारी के परिजनों से फोन पर वार्ता करते हुए परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। सुल्तानपुर के सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान पूर्व विधायक अनूप संडा संतोष पाण्डेय अरुण वर्मा दीपू श्रीवास्तव शहला शाहिद सहित जिले भर के सपाई मौजूद रहे। जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का काफिला लखनऊ के लिए निकला। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्थूनी गांव के पास घनश्याम सिंह पावर हाउस मुसाफिरखाना पर सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव विजय यादव मुलायम जग प्रसाद यादव अरुण यादव सहित अन्य कार्यकर्ता ने उनका स्वागत किया।इस दौरान उन्होंने पास की दुकान पर रुककर चाय भी पिया।

# ट्रेन में चोरी करने वाले गैंग का खुलासा

## ● विदेशी सैलानियों को बनाते थे टारगेट



**मुग़लसराय/चन्दौली।** जीआरपी व आरपीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चलती ट्रेन मे चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने चार अंतरप्रांतीय शातिर चोर को गिरफ्तार किया है । ये शातिर चोर फर्स्ट व सेकेंड ऐसी क्लास कोच में सफर करते थे और मौका मिलते ही सहयात्रीयों का सामान लेकर रफूचक्कर हो जाते थे । जीआरपी की टीम ने इनके पास से साढ़े चार लाख नगदी समेत अमेरिकी डॉलर व येन भी बरामद किया है । ये शातिर चोर वीआईपी और विदेशी सैलानियों को अपना टारगेट बनाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे । जीआरपी डीडीयू मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी है ।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रेनों में अपराध व अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर रेलवे स्टेशनए सर्कुलेटिंग एरिया एवम् ट्रेनो में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में जीआरपी व आरपीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतरप्रांतीय ट्रेन चोर गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ वाराणसी डीडीयू स्टेशन समेत अन्य स्टेशनों पर चोरी का मुकदमा दर्ज है । ये शातिर चोर ट्रेन में यात्रा करने विदेशी सैलानियों व वीआईपी लोगों को निशाना बनाते थे । चोरी के दर्ज मुकदमों की जांच के क्रम में सर्विलांस एविडेन्स के आधार पर जाल बिछाकर जीआरपी व आरपीएफ की टीम ने इन्हें गिरफ्तार किया है । सीओ जीआरपी कुँवर प्रभात सिंह ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों बिहार के रहने वाले है। इस गैंग में एक महिला भी शामिल है। ताकि यात्रा के दौरान लोगों को शक हो और एक यात्रा के दौरान आसानी से माल पर हाथ साफ कर रफ्फूचक्कर हो जाए। इनके पास से 4 लाख 52 हजार रुपये इंडियन करेंसी के साथ ही 25 हजार अमेरिकी डॉलर व 52 हजार जापानी मुद्रा येन भी बरामद हुआ है। सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है ।

# जनप्रतिनिधिगण के साथ बैठक कर डीएम द्वारा सुनी समस्या, निस्तारण के दिये निर्देश

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 जनप्रतिनिधिगण के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में सांसद राज्यसभा श्री अरूण सिंह के प्रतिनिधि धनंजय पाण्डेय, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र के प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल, विधायक मझवा डा. विनोद बिन्द के प्रतिनिधि उमाशंकर, विधायक चुनार अनुराग सिंह के प्रतिनिधि आलोक सिंहए जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी संतोष निषाद के अलावा अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। बैठक में उपस्थित धनंजय पाण्डेय ने हलिया विकास खण्ड अन्तर्गत प्रस्तावित सात सड़क वन विभाग के एनओसी के कारण रूका हुआ हैए जो शासन आपत्ति लगाकर वापस आ गया उसमें पुनः कार्यवाही कराने का अनुरोध किया गया। मा0 विधायक मझवा के प्रतिनिधि के द्वारा सड़को को गड्ढा मुक्त करने का अनुरोध किया गया। प्रतिनिधि नगर विधायक के द्वारा पेयजल योजना के तहत खोदी गयी नगर सड़को की मरम्मत के लिये अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधिगण के द्वारा उठाये गये मुद्दो को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान भवः योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा ऐसे परिवार जिनके योजना अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड निर्गत नही हुये है ऐसे समस्त लाभार्थी अपडेटड वीआईएस 2 पोर्टल एवं मोबाइल एपलीकेशन से स्वयं अपना कार्ड बना सकते हैं। मोबाइल एपलीकेशन में आयुष्मान एप डाउनलोड करने पर तीन विकल्प आते है ओटीपी, फेस एव आइरिश के माध्यम से कार्ड बना सकते है। उन्होने कहा कि सभी जनप्रतिनिधिगण भी अपने माध्यम से भी इसका प्रचार प्रसार कराये ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होने कहा कि इसके लिये ब्लाको में भी प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है ब्लाक द्वारा निर्धारित तिथि पर कोई भी व्यक्ति पहुंचकर जानकारी प्राप्त कर सकता हैं।

# नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले सात शातिर गिरफ्तार



**चन्दौली।** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को फर्जीवाड़ा करके अपने जाल में फंसाने वाले अन्तर्प्रान्तीय गिरोह का जनपद चन्दौली पुलिस ने भण्डाफोड़ कर दिया है। साइबर सेल टीम व थाना अलीनगर पुलिस को संयुक्त रूप से मिली बड़ी सफलता में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के पास से बड़ी संख्या में फर्जी नियुक्ति पत्र बरामद हुए हैं। अन्तर्प्रान्तीय गिरोह द्वारा अब तक उत्तर प्रदेश के अलावा बिहारए झारखण्ड के युवाओं को बड़ी संख्या में अपना शिकार बनाकर लाखों रुपये की ठगी की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर अनिरुद्ध सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी क्राइम आशुतोष के नेतृत्व में साइबर सेल व थाना अलीनगर की पुलिस टीम द्वारा की गई गिरफ्तारी व बरामदगी। खुलासा व गिरफ्तारी करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा पुरुस्कार देने की घोषणा की गई है।

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से पैसे ऐंठने वाले और सरकारी उपक्रमों के फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाले अन्तर्प्रान्तीय गिरोह में पकड़े गये सात शातिर अभियुक्तों की पहचान अभिषेक पाण्डेय पुत्र प्रेमनाथ पाण्डेय निवासी विजयनारायण पुर थाना सैय्यदराजा जनपद चन्दौली ए ऋषि यादव पुत्र चन्द्रशेखर यादव निवासी विजयनारायण पुर मैढ़ी थाना सैय्यदराजा जनपद चन्दौली। प्रमोद कुमार मण्डल उर्फ बब्लू पुत्र कामेश्वर प्रसाद निवासी हर्षनाथपुर थाना सेमरिया जनपद चतरा झारखण्ड। सौरभ पाण्डेय पुत्र वेद प्रकाश पाण्डेय निवासी ग्राम कुरहना थाना अलीनगर जनपद चन्दौली। अनिकेत राघव पुत्र रामजकुमार राघव निवासी दादरी राणा कालोनी थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर। अमनदीप उर्फ रोहन पुत्र प्रमोद निवासी जारचा थाना जारचा गौतमबुद्धनगर।

## निज्जर की हत्या

### कनाडा के आरोप

**निज्जर की हत्या** पर अमेरिका व कनाडा के राजदूतों द्वारा लगाए आरोपों का भारत को विस्तृत व कठोर जवाब देना चाहिए। भारतीय मूल के खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के कथित आरोप भारतीय एजेंटों पर लगाए गए हैं जिससे भारत-कनाडा संबंध अब तक सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। स्थिति बिगड़ने पर कनाडा ने एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को निकाल दिया और भारत ने इसका वैसा ही जवाब दिया। नई दिल्ली में कनाडा की वीसा सेवा स्थगित कर दी गई है। हालांकि, निज्जर की हत्या को वर्तमान टकराव का कारण बताया जा रहा है, पर भारत और कनाडा के बीच संबंध पिछले काफी समय से तनावपूर्ण बने हुए हैं। कनाडा में पंजाब के भारतीय लोगों की संख्या काफी है और उनमें से अनेक 'खालिस्तान' के मुखर समर्थक हैं। भारत ने बार-बार कनाडा से ऐसे दुष्ट तत्वों पर लगाम लगाने को कहा है, लेकिन इस मांग पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रूप से मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं। अब एक और प्रकरण ने स्थिति ज्यादा बिगाड़ी है। कनाडा में अमेरिकी राजदूत ने कहा है कि निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता से भारत की छवि खराब हुई है। हालांकि, इन आरोपों के पक्ष में कोई सबूत नहीं दिए गए हैं, पर संभवतः इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि प्रभावित हुई है तथा कनाडा के साथ संबंधों में तनाव आया है। आरोप है कि कथित रिपोर्ट के कारण प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा की संसद में 18 जून को हुई निज्जर की हत्या तथा भारत सरकार के बीच 'संभावित' संबंध के आरोप लगाए। भारत ने ट्रूडो के आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए इनको 'मूर्खतापूर्ण' व 'दुर्भावना से प्रेरित' बताया है।



कनाडा में अमेरिकी राजदूत डेविड कोहेन ने 'फाइव आइज़ नेटवर्क' का संदर्भ देते हुए भारत पर आरोप लगाए हैं। फाइव आइज़ खुफिया नेटवर्क में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। यह नेटवर्क वैश्विक खुफिया सूचनाओं का साझा करता है। डेविड कोहेन की टिप्पणी अमेरिकी प्रशासन के अधिकारी द्वारा इस बात की पहली स्वीकारोक्ति है कि 'फाइव आइज़ नेटवर्क' के अंतर्गत कनाडा से उसकी खुफिया सूचनाओं का साझा होता है। अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकेन ने भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों पर गंभीर चिन्ता जताई है और कहा है कि अमेरिका इस मामले पर कनाडा के साथ निकट समन्वय कर रहा है तथा वह जांच के माध्यम से जवाबदेही तय करना चाहता है। भारत सरकार को ऐसी स्थिति में दुनिया के सामने अपना पक्ष और मजबूती से रखना चाहिए। उसे दुनिया को बताना चाहिए कि भारत ने 2020 में ही निज्जर को आधिकारिक रूप से आतंकी घोषित कर दिया था। वह एक घोषित भगोड़ा था जिसने बेअंत सिंह की हत्या पर खुशी मनाते हुए भारत के खिलाफ खुलेआम सशस्त्र संघर्ष छेड़ने का आह्वान किया था। हमारा देश 'न्यायेत्तर हत्या' के पक्ष में नहीं है और उसने कनाडा सरकार से कई अवसरों पर अपनी धरती से चल रही भारत-विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाने को कहा है, पर इनका कोई नतीजा नहीं निकला। जस्टिन ट्रूडो अपनी गिरती रेटिंग सुधारने के लिए कनाडा में खालिस्तान-समर्थकों के हाथों में खेल रहे हैं जिनका वहां काफी प्रभाव है। लेकिन उनको समझ लेना चाहिए कि यह कदम दूरगामी रूप से हानिकारक हो सकता है। इतिहास ऐसे अनेक उदाहरणों से भरा है जहां अतिवादियों ने अपनी मदद करने वालों को ही नुकसान पहुंचाया है।

# एकसाथ चुनावः प्रगति का रास्ता

बार-बार चुनाव राष्ट्र पर असाधारण सामाजिक व आर्थिक दबाव डालते हैं। इसके कारण भ्रष्टाचार बढ़ता है तथा शासन-प्रशासन में बाधा आती है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



केन्द्र सरकार ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है जो लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों व अन्य स्थानीय निकायों के एकसाथ चुनाव कराने पर विचार कर रही है। हालांकि, इस समिति ने अभी विचार-विमर्श शुरू किया है और इसकी पहली बैठक 23 सितंबर, 2023 को हुई, पर अनेक विपक्षी दलों ने इस विचार का घोर विरोध किया है। विपक्ष का विरोध नया नहीं है। उसने 2019 में भी इसका विरोध किया था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस साल 19 जून को आयोजित बैठक में 'एक देश, एक चुनाव'-ओएनओई का विचार सामने रखा था। बैठक में आमंत्रित लगभग 50 प्रतिशत राजनीतिक दलों ने इस बैठक का बहिष्कार किया था। ऐसे में सवाल उठता है कि इसके विरोध का क्या कारण है? विपक्ष का मुख्य आधार है कि यह संघीय राजनीति पर हमला है और इस कारण असंवैधानिक है। पार्टियों का तर्क है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एकसाथ होने पर राज्यों के विशिष्ट मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दों का वर्चस्व हो जाएगा। इसका नतीजा प्रभुत्वशाली राष्ट्रीय पार्टी को लाभ के रूप में सामने आएगा क्योंकि मतदाता विधानसभा के लिए सदस्य चुनते समय वोट देने में अपनी पसंद स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं कर पाएंगे। इस प्रकार लोकसभा में स्पष्ट बहुमत पाने वाली पार्टी को राज्यों की जनता का स्थानीय मुद्दों पर विश्वास नहीं प्राप्त होगा, लेकिन वह राज्यों पर भी शासन करेगी। अधिकांश विपक्षी दलों को भय है कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा लाभ की स्थिति में है और वह पूरे देश में अपनी सरकारें बनाने में सफल हो जाएगी। इससे संविधान का संघीय चरित्र प्रभावित होगा जिसमें राज्यों के मुद्दे स्थानीय आवश्यकताओं व महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप होते हैं।

लेकिन ऐसे तर्क पूर्णतः गलत हैं। इसमें अनुमान लगाया गया है कि एकसाथ संसद व विधानसभाओं के लिए मतदान करने कम समय मतदाता अपनी पसंद प्रभुत्व वाली राष्ट्रीय पार्टी या प्रकारान्तर से भाजपा के पक्ष में प्रकट करेंगे। लेकिन यह विश्वास कैसे किया जा सकता ह कि एकसाथ लोकसभा और राज्य विधानसभा के लिए वोट देने में मतदाता भ्रमित हो जाएंगे? यह 'शिक्षित' मतदाताओं की 'सूचना-आधारित' मतदान की क्षमता पर गंभीर सवाल उठाता है। मामला ऐसा बिल्कुल नहीं है। मतदाता इतने बुद्धिमान हैं कि वे सही पसंद करते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव तथा कुछ राज्य विधानसभाओं, जैसे आंध्र प्रदेश व ओडिशा के परिणाम यह बात पूरी तरह स्पष्ट करते हैं। ये चुनाव एकसाथ हुए थे।

राष्ट्रीय विमर्श के प्रभुत्वशाली ढंग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में होने के बावजूद इन राज्यों के मतदाताओं ने क्षेत्रीय पार्टियों को स्पष्टतः प्रमुखता दी थी। उस समय वाईएसआर कांग्रेस तथा बीजू जनता दल को विधानसभाओं में स्पष्ट बहुमत मिला था। हालांकि, मतदाताओं ने लोकसभा और विधानसभा के लिए एकसाथ मतदान किया था, लेकिन इससे उनको स्थानीय मुद्दों को महत्व देने में कोई बाधा नहीं आई थी। विपक्ष के तर्क एक और दृष्टिकोण से पूरी तरह गलत सिद्ध होते हैं। उपरोक्त उदाहरणों में, राज्य विधानसभाओं में स्पष्ट बहुमत पाने के साथ ही वाईएसआर कांग्रेस तथा बीजू जनता दल को राज्य से लोकसभा की सीटों में भी बड़ा हिस्सा मिला था। यदि विपक्ष के इस तर्क पर विश्वास कर लिया जाए कि एकसाथ चुनाव होने पर मतदाताओं की पसंद भ्रमित हो सकती है, तो क्या हमारे कहने का यह अर्थ है कि 'राष्ट्रीय मुद्दों पर स्थानीय मुद्दों को वरीयता प्राप्त है'?

मुख्य बात यह है कि मतदाता काफी बुद्धिमान हैं और वे लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के लिए मतदान में अंतर कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के समय मतदाता राष्ट्रीय मुद्दों से निर्देशित होते हैं, जबकि विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के समय उनके दिमाग में स्थानीय मुद्दे होते हैं। मतदाता इसलिए भी भ्रमित नहीं होते हैं कि उनको एकसाथ अलग-अलग बटन दबाने होते हैं। एकसाथ चुनाव कराने में कुछ भी असंवैधानिक नहीं है। भारतीय संविधान के निर्माताओं ने केवल एकसाथ चुनावों की कल्पना की थी। वास्तव में 60 के दशक मध्य तक चीजें पटरी पर चल रही थीं। लेकिन इसके बाद तत्कालीन सत्तारूढ़ अवस्थापना ने 1968-1969 में कुछ विधानसभाओं तथा 1970 में लोकसभा को समय से पहले भंग कर इसमें बाधा डाली। समय बीतने के साथ ही अनेक अन्य विधानसभायें भंग होने से स्थिति और बिगड़ गई। 1952 से 1957 तक पहले चरण में लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एकसाथ होते थे।

उस समय सारी चीजें ठीक थीं, फिर आज वही स्थिति फिर बहाल करने से 'संघवाद' पर हमले की कल्पना कैसे की जा सकती है। वर्तमान व्यवस्था में जहां लगभग हर साल किसी न किसी विधानसभा के चुनाव होते हैं, राष्ट्र पर असाधारण सामाजिक व आर्थिक दबाव पड़ता है। चुनाव करवाने में केवल आधिकारिक खर्च ही नहीं होता है, बल्कि कई हजार करोड़ रुपये राजनीतिक पार्टियों को भी खर्च करने होते हैं। महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य में आधिकारिक खर्च 1,000 करोड़ रुपये तक जा सकता है। बार-बार चुनाव के कारण भ्रष्टाचार तथा अन्य अनैतिक व्यवहारों को बढ़ावा मिलता है क्योंकि पार्टियां भारी खर्च से निपटने के लिए पैसा एकत्र करती हैं।

इसके साथ ही 'आदर्श आचार संहिता'-एमसीसी लागू होने के कारण प्रशासन के मुद्दों से ध्यान हटता है। हर बार चुनाव शुरू होने पर सभी बड़े नीतिगत निर्णय लेने पर रोक लग जाती है जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं। परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब के कारण उनकी लागत बढ़ती है जिससे राजकोष पर असहनीय बहुत भारी बोझ पड़ता है। इसका उदाहरण डेडीकेटेड फ्रेट कारीडोर परियोजना पूरी होने में आया विलंब है। बार-बार चुनाव का एक सर्वाधिक चिन्ताजनक प्रभाव यह है कि लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों को चुनाव जीतने के लिए एक न एक 'खैरात' की घोषणा करनी पड़ती है। देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी द्वारा कर्नाटक में दी गई 'पांच गारंटियां' इसका उदाहरण है। इस साल होने वाले सभी राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसने ऐसी ही गारंटियां दी हैं। आम आदमी पार्टी-आप जैसी पार्टियां भी इसी रास्ते पर चल रही हैं। इन खैरातों के कारण राज्यों का खजाना खाली हो सकता है।

बार-बार चुनाव होने के कारण राजनीतिक पार्टियां हर साल चुनावी तरीके से काम करती हैं। इसके कारण केन्द्र सरकार को कठोर सुधार क्रियान्वित करने की हिम्मत नहीं पड़ती है। यह बात खासकर केन्द्र व राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टी के लिए सही है। पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने उर्वरक सब्सिडी में भारी कटौती का वादा किया था, लेकिन उर्वरक सब्सिडी लगातार बहुत तेजी से बढ़ रही है। 2022-23 के दौरान यह 255,000 करोड़ तक पहुंच गई थी। इन विकृतियों को दूर करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन होना चाहिए। भारतीय संविधान निर्माताओं की इच्छानुसार 'एक देश, एक चुनाव'-ओएनओई बहाल किया जाना चाहिए। इससे केन्द्र व राज्य सरकारों को बिना किसी विचलन के पांच साल प्रशासन पर ध्यान देने का अवसर मिलेगा। इससे चुनाव खर्च पर हजारों करोड़ रुपये बचाने का मौका मिलेगा, नीतिगत निर्णयों की निरंतरता सुनिश्चित होगी, परियोजनाओं तथा विकास कार्यों का अबाध क्रियान्वयन होगा, चुनाव-उन्मुख लोकरंजक खैरातों में भारी कमी आएगी तथा कठोर सुधार क्रियान्वित करने का अवसर मिलेगा।

यदि सत्तारूढ़ दल निर्धारित कार्यकाल के बीच में विश्वास मत में पराजित हो जाता है तो विपक्षी दलों ने ऐसी स्थितियों में अनिश्चितता की ओर संकेत किया है। लेकिन उनको स्वीकार करना चाहिए कि यह रूटीन के बजाय विरल स्थिति होगी। ऐसी विरल स्थितियों से निपटने के लिए 'बचे' कार्यकाल हेतु चुनाव करवाने अथवा एक नया नेता चुनने पर विचार किया जा सकता है जिसे सदन का विश्वास प्राप्त हो। आवश्यक संविधान संशोधनों से 'एक देश, एक चुनाव'-ओएनओई व्यवस्था लागू करने पर अतिरिक्त ईवीएम व वीवीपैट पर कुछ खर्च हो सकता है। लेकिन यह खर्च असाधारण सामाजिक-आर्थिक लाभ प्राप्त करने की तुलना में बहुत कम होगा।

# गांवों में नल से जलापूर्ति की परिवर्तनकारी सुविधा

> "नलों से स्वच्छ पेयजल ने बुंदेलखण्ड के निवासियों के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन ला दिया है, लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं।"

**मनीषा शुक्ला**
(लेखिका, सोशल एक्टिविस्ट हैं)



बुंदेलखण्ड परंपरागत रूप से एक सूखा-प्रवण क्षेत्र रहा है जहां अक्सर सूखा पड़ता है, लोगों को साफ पीने का पानी पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी और कुछ मामलों में तो कई किलोमीटर तक यात्रा करनी पड़ती थी। भारत का बुंदेलखण्ड क्षेत्र कई मुद्दों से जूझ रहा है, जिनमें वर्षा पर भारी निर्भरता, अपर्याप्त सिंचाई और जलवायु परिवर्तन और सूखे की संवेदनशीलता शामिल है। तेरह आर्थिक रूप से वंचित और कम विकसित जिलों को शामिल करने वाला यह क्षेत्र, रोजगार और आर्थिक प्रगति दोनों के लिए कृषि पर बहुत अधिक निर्भर करता है। जबकि कृषि क्षेत्र की आर्थिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है, इसे बार-बार सूखे के कारण व्यवधानों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में स्वच्छ पेयजल किसी विलासिता से कम नहीं है।

स्वच्छ पेयजल तक पहुंच एक मौलिक अधिकार है जो भारत में कई ग्रामीण परिवारों से लंबे समय से गायब है। इस सख्त जरूरत को पहचानते हुए, जल जीवन मिशन योजना एक ही लक्ष्य के साथ शुरू की गई : प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना। उत्तर प्रदेश में, जल जीवन मिशन का एक हिस्सा, हर घर जल योजना ने बुंदेलखण्ड क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता देखी है, जिससे यहां के निवासियों के जीवन में बुनियादी बदलाव आया है। जल जीवन मिशन ने दशकों से पानी की कमी से जूझ रहे बुन्देलखण्ड और विंध्य क्षेत्र की कायापलट कर दी है। इसने हर घर में शुद्ध पेयजल के सपने को हकीकत में बदल दिया है। मिशन ने इन क्षेत्रों को बड़े पेयजल संकट से बचाया है, हजारों गांवों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया है।

मिशन में पाइपलाइन बिछाना, पानी की टंकियों का निर्माण, जल उपचार संयंत्र स्थापित करना, जल स्रोतों को बढ़ाना और प्रभावशाली गति से नल जल कनेक्शन प्रदान करना शामिल है। इस पहल में सूखा प्रभावित क्षेत्रों, पानी की गुणवत्ता की समस्या वाले गांवों, आकांक्षी जिलों और जापानी एन्सेफलाइटिस और एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियों से प्रभावित लोगों को प्राथमिकता दी गई है।

जल जीवन मिशन का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में 2024 तक 2,62,29,815 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करना है। हर घर जल योजना के तहत, प्रति ग्रामीण 55 लीटर पानी की दैनिक आपूर्ति का वादा किया गया था। 14 सितंबर, 2023 तक, इस मिशन ने पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें नल के पानी की सुविधा 1,60,20,616 परिवारों तक पहुंच गई है और लगभग 9,61,23,696 लोगों को लाभ हुआ है।

जल जीवन मिशन सिर्फ स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के बारे में नहीं है बल्कि रोजगार के अवसर पैदा करने के बारे में भी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, प्रत्येक ग्राम पंचायत के तहत 13 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन प्रयासों ने नलसाजी, विद्युत कार्य, मोटर यांत्रिकी, फिटिंग, चिनाई और पंप संचालन सहित विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान करके ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाया है। हम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं ताकि वे जागरूक और हितधारक बनें। दस साल बाद ये लोग ही हैं जो इन सुविधाओं का प्रबंधन और संचालन करेंगे उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव कहते हैं।

रोजगार के अवसरों के अलावा, मिशन प्रत्येक गांव की पांच महिलाओं को स्वच्छ पेयजल के लिए जल परीक्षण में प्रशिक्षित करके ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित है। ये महिलाएं अपने गांवों में पानी की गुणवत्ता की जांच करने के लिए फील्ड टेस्ट किट का उपयोग करती हैं, जो नल, कुएं, हैंडपंप और ट्यूबवेल जैसे स्रोतों में 11 विभिन्न मापदंडों का आकलन करती हैं। आपूर्ति किए गए पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अब तक 4,87,955 से अधिक महिलाओं को जल परीक्षण में प्रशिक्षित किया गया है। स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का जन स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इससे डायरिया, हैजा, टाइफाइड और मलेरिया जैसी जलजनित बीमारियों का प्रसार कम हो गया है। ग्राम प्रधान हसमुख परिहार कहते हैं, छह महीने पहले जल संयंत्र का संचालन शुरू होने के बाद से हमारे गांव में बीमारियों में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

हर घर जल योजना के तहत बुन्देलखण्ड क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अब तक, क्षेत्र में कुल 1,419,730 एफएचटीसी में से 1,280,292 कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान किए गए हैं। इसका मतलब है कि बुन्देलखण्ड में 7,681,752 ग्रामीणों को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध है।

बुन्देलखण्ड पाइप पेयजल परियोजना जल जीवन मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट पर सात शहरों झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट और महोबा में काम चल रहा है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में 35 परियोजनाओं के अन्तर्गत कुल 71 योजनाएं संचालित हैं।

इन परियोजनाओं में सेवन कुएं, जल उपचार संयंत्र, स्वच्छ जल भंडार और ओवरहेड टैंक शामिल हैं, जिनका उद्देश्य स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति को सुनिश्चित करना है। वास्तव में, हर घर जल योजना जीवन बदल रही है लेकिन पूर्ण कवरेज सुरक्षित होने तक अभी एक लंबा रास्ता तय करना है। इसके अलावा, पानी की गुणवत्ता और इसकी बारहमासी आपूर्ति के मुद्दों को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हालाँकि यह परियोजना पीने का पानी उपलब्ध करा रही है, लेकिन इसका अभी भी लोगों के मानस पटल पर उतरना बाकी है क्योंकि इसका बहुत सा हिस्सा अभी भी बर्बाद हो रहा है और अक्सर लोग ऐसा करते हैं।

## आप की बात

### आतंकवाद से मुकाबला

**इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्फ्रेंस** में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से लड़ने के लिए उपयुक्त कानून व प्रक्रिया खोजने का सुझाव दिया है। भारत पाकिस्तान पोषित आतंकवाद से लंबे अरसे से परेशान हो रहा है। अब कनाडा भी बड़े पैमाने पर खालिस्तानी आतंकवादियों के निर्यात का अड्डा बन गया है। इंदिरा जी की हत्या के बाद कई वर्षों तक ये आतंकवादी निष्क्रिय रहे हैं। मगर गत कुछ वर्षों से पंजाब व देश के कुछ भागों में कनाडा से जुड़े खालिस्तान-समर्थकों ने इसे पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी दूसरे देश के गुनहगारों को अपने देश में आश्रय देना और सभी तरह से उन्हें साधन उपलब्ध करवाना भारत से दुश्मनी निभाने जैसा ही है। इस संबंध में भारत में कनाडाई नागरिकों के देश में आने-जाने पर प्रतिबंध व नए वीजा नहीं जारी करने का निर्णय स्वागत योग्य है। इस परिदृश्य को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद से मुकाबले की व्यापक, समावेशी व समग्र रणनीति बननी चाहिए तथा किसी भी देश के किसी भी विचारधारा वाले नेता को अपनी धरती से दूसरे देश के खिलाफ अभियान चलाने वालों को काम करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### कनाडा की नीति

**कनाडा** भी आजकल भारत-विरोध में पाकिस्तान, चीन, तुर्की की राह पर चलने लगा है। आजकल कनाडा में भारत-विरोधियों का जमावड़ा लगातार हो रहा है। खालिस्तान के समर्थक भारत में बिल्कुल नहीं बचे हैं लेकिन उनको कनाडा पनाह दे रहा है, उन्हें पाल रहा है और उन्हें अपनी नागरिकता भी दे रहा है। यह हमारे लिए यह बड़ी चिंता की बात है क्योंकि हमने अक्सर कनाडा को अपना सहयोगी देश समझा था। पिछले दिनों कनाडा ने बेतुका आरोप लगाया कि कनाडा निवासी एक खालिस्तान-समर्थक की हत्या करवाने में भारत सरकार ने मुख्य भूमिका निभाई है। भारत सरकार का यही कहना है कि इस अलगाववादी की मौत में हमारा कोई हाथ नहीं है, मगर कनाडा ने हमारी बात को स्वीकार नहीं किया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो आजकल खालिस्तानियों के भरोसे अपनी सरकार चला रहे हैं और उनके दबाव में भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। उनके पिता व पूर्व प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो भी खालिस्तान-समर्थकों का समर्थन करते थे। दुख है कि उनका बेटा भी इसी राह पर चल रहा है। भारत ने राजनयिक रूप से कनाडा को कड़ा जवाब दिया है।

–**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### आवारा कुत्ते

**स्थानीय निकायों** की लापरवाही एवं बदइंतजामी के कारण शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की तादात बढ़ रही है। कुत्तों के काटने के कारण अनेक लोग जख्मी हो जाते हैं। इनके पीछे भागने के कारण बाइक सवार अपना संतुलन खो बैठ ते हैं एवं दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। कुत्तों के काटने पर लगने वाले इंजेक्शन भी सब जगह उपलब्ध नहीं होते हैं। संक्रमण बढ़ने पर प्रभावित की जान भी जा सकती है। सरकार को देश के सभी प्रायमरी हेल्थ सेंटर पर एंटी रेबीज टीके उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करना चाहिए। कुत्तों की नसबंदी होनी चाहिए। कुत्तों को पकड़ने के संसाधन, वाहन एवं कर्मचारी सभी नगरपालिका तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में उपलब्ध होने चाहिए। आवारा कुत्तों से लोगों की सुरक्षा का दायित्व स्थानीय निकायों को निभाना चाहिए। पालतू कुत्ते भी कई बार अपने पालकों की लापरवाही से राह चलते नागरिकों पर हमला कर देते हैं। खुशी की बात है कि संभवतः एक वरिष्ठ वकील साहब को कुत्ते के काटने के कारण अब सर्वोच्च न्यायालय इस मुद्दे पर विचार कर रहा है। उम्मीद है कि उसका फैसला जल्दी आएगा।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

### ट्रेनों में भीड़

**पूरा देश** जब दुर्गा पूजा, दशहरा, छठ पूजा और दिवाली के जश्न के लिए तैयारी करता है तब हमारे पूर्वांचल के भाई-बहन अपने घर जाने की भारी उलझन में दिखाई देते हैं। पूर्वांचल की तरफ जाने वाली ट्रेनों में बुकिंग कर पाना आसान नहीं है। ऐसा नहीं कि रेल मंत्रालय द्वारा ट्रेनों की संख्या नहीं बढ़ाई जाती है लेकिन यात्रियों का दबाव इतना अधिक है कि प्रत्येक वर्ष सरकारी तैयारी नाकाफी साबित होती है। भारत सरकार से इस संदर्भ में विनम्र आग्रह है कि पूर्वांचल के गरीब यात्रियों की यात्रा सुगम एवं व्यवस्थित करने के प्रयास तेज किए जाने चाहिए। ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के साथ ही वैकल्पिक सार्वजनिक परिवहन की भी समुचित व्यवस्था करनी चाहिए। भारत सरकार देश की बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनियों से अनुबंध के आधार पर त्योहारों व अन्य भीड़भाड़ के अवसर पर विशेष व्यवस्था लागू करने पर विचार कर सकती है। इससे ट्रेनों में भीड़ थोड़ी कम होगी तथा डग्गामार बसों में दिन-रात मेहनत करने वाले गरीबों को जानवरों की तरह भर कर, उनके पैसे की लूट व जीवन खतरे में डालने से भी बचाया जा सकेगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# राज्यमंत्री की अध्यक्षता में पोषण पाठशाला का आयोजन

**श्रावस्ती। भिनगा।** कलेट्रेट स्थित एनआईसी में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश की राज्यमंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग प्रतिभा शुक्ला की अध्यक्षता में एवं विधायक रामफेरन पाण्डेय की उपस्थिति में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पोषण पाठशाला आयोजित की गयी। पाठशाला में विभागीय सेवाओं के साथ पोषण प्रबंधन कुपोषण से बचाव के उपायों पर विशेषज्ञों ने सवालों के जवाब दिए। इस दौरान राज्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को सम्बोधित भी किया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का मुख्य आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में किया गया। जिसका राज्यमंत्रीए विधायक एवं जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने फीता काटकर द्वीप प्रज्वलित कर एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया।



इस दौरान राज्यमंत्री ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा लगाये गये स्टालों का भी अवलोकन किया। राज्यमंत्री ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं उपस्थित महिलाओं से वार्ता कर उन्हें दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा शून्य से 06 माह तक के नवजात शिशुओं के पालन.पोषण के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी राज्यमंत्री ने बेहतर कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा आशा बहुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर नन्हे मुन्हे बच्चों का अन्नप्रासन भी कराया तथा सैम.मैम बच्चों को पोषण किट का भी वितरण किया। इसके अलावा जिन बच्चों ने कोरोना महामारी के दौरान अपने माता.पिता को खो दिया है उन्हें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना;सामान्यद्ध के तहत दो हजार पांच सौ रूपये की धनराशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों के साथ.साथ गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को भी पोषण योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सुपोषण माह का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत सुपोषित भारत साक्षर भारत सशक्त भारत की तर्ज पर बच्चों को स्वस्थ्य बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होने कहा कि बच्चों के जन्म से लेकर 06 माह तक का समय बहुत ही महत्वपूर्ण समय होता है जिसमें बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इसलिए सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां महिलाओं को जागरूक करें और उन्हें सुपोषित भोजन हेतु जानकारी दें। इसके बच्चों की साफसफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाए जिससे उनका विकास बेहतर हो सके। राज्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशाओं को राष्ट्रीय पोषण माह की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरूण कुमार मिश्रा ने किया। उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल जिला विकास अधिकारी रामसमुझ उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 उदयनाथ जिला कार्यक्रम अधिकारी पीके दास जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय सहित समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारीगण आशा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां तथा लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रही।

# एकात्म मानववाद के प्रणेता रहे पंडित दीनदयाल उपाध्यायः डॉ नरेंद्र गौर

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय की दिव्य एवं वृहद प्रतिमा होगी स्थापित की जाएगीः महापौर
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना हो रहा साकारः राजेंद्र मिश्रा

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जन्म जयंती महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को मनाई गई। इस अवसर पर बालसन चौराहे पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानव एकात्म वाद के प्रणेता रहे हैं और उन्होंने अंत्योदय का दर्शन दिया। उनका जन्म 25 सितंबर 1916 में मथुरा के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। वह 1967 में जनसंघ अध्यक्ष बने उनकी मृत्यु 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय स्टेशन में हुई थी जो आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन का हर क्षण और रक्त का कण कण राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की बृहद एवं दिव्य प्रतिमा बालसन चौराहे स्थित पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पार्क में आने वाले उनके 11 फरवरी स्मृति दिवस के पर स्थापित की जाएगी और मेडिकल कॉलेज के पास स्थित राज्य विद्यालय के प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर भी महापौर ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही है। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष शशि वार्ष्णेय पार्षद भोला तिवारी पदुम जायसवाल रईस चंद्र शुक्ला ने अपने विचार रखे। भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती अंत्योदय दिवस के रूप में प्रयागराज के सभी 252 शक्ति केंद्रों में एवं मनाई गई।



फ़ोटोरू पंडित दीन दयाल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते भाजपाई।

# अवध विवि में कला आचार्य कला प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

**संवाददाता।** अयोध्या

**डॉ0** राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला (फाईन आर्ट्स) विभाग तथा राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में 26 से 28 सितम्बर, 2023 में मध्य तीन दिवसीय कला आचार्य कला प्रदर्शनी.2023 का आयोजन फाईन आर्ट्स विभाग की कला विथिका (आर्ट गैलरी) में किया जायेगा। यह आयोजन शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य मे संस्कृति विभागए उत्तर प्रदेश शासनए लखनऊ द्वारा प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों को कला शिक्षक के सम्मान हेतु उनके द्वारा निर्मित कला कृर्तियों की प्रदर्शन हेतु राज्य ललित कला अकादमी द्वारा आयोजन सम्बंधी वित्त पोषण किया गया हैए जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं अवध क्षेत्र के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के शिक्षको की चित्रकलाए मूर्तिकला एवं व्यवहारिक कला की कृर्तियों की प्रदर्शनी की जायेगी। प्रदर्शनी में प्रतिभागिता पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। 26 सितम्बरए 2023 से प्रारम्भ होने वाली प्रदर्शनी में लगभग 50 कला शिक्षकों की कलाकृतियां विभाग को प्राप्त हो चुकी है।

कला आचार्य कला प्रदर्शनी की संयोजिका डॉ0 सरिता द्विवेदी ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मुख्य अतिथि के रूप में आशीर्वचन हेतु अपनी सहमति प्रदान की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल करेंगीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में संकायाध्यक्षए कला एवं मानविकी संकायए प्रो0 आशुतोष सिन्हा एवं प्राचार्यए रामनगर पी0जी0 कालेज बाराबंकीए प्रो0 शैलेन्द्र मिश्र के साथ राज्य कला संस्कृति विभाग कि निदेशिकाए डॉ0 श्रृद्धा शुक्ला होंगी। डॉ0 द्विवेदी ने बताया कि इस कला प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों के साथ प्रभु श्रीराम कथा आधारित 153 फिट की विश्व रिकार्ड धारी पेन्टिग का प्रदर्शन अन्तरराष्ट्रीय कलाकारए डॉ0 लीना मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

कला प्रदर्शनी की आयोजन सचिव, रीमा सिंह ने बताया कि सभी प्रतिभागी कला शिक्षकों को राज्य ललित कला अकादमी द्वारा प्रतिभागिता प्रमाण पत्र निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। प्रदर्शनी हेतु अब तक प्राप्त कलाकृतियां अवध क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न शैलीयों को वर्णित करेगी। ललित कला के समन्वयक प्रो0 विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कला प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र के साथ दिनाँक 26 से 28 सितम्बरए 2023 तक प्रातः 11:00 से सायं 5 बजे तक क्षेत्र के समस्त कला प्रेमी एवं शैक्षणिक संस्थानों के छात्र. छात्राओं के आवलोकनार्थ विभाग खुला रहेगा। प्रातः 10 बजे तक अपनी कला कृतियों को ललित कला विभाग में भेज सकते है।

## 27 को मनाया जाएगा विश्व पर्यटन दिवस

**प्रयागराज।** आगामी सत्ताईस सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन हर कोई सफर के परिवर्तनकारी असर और इससे होने वाले आकर्षक अनुभवों का जश्न मनाता है। यह उन यात्राओं के बारे में सोचने का दिन है जिन्होंने हमारे जीवन को समृद्ध बनाया है और हमें भविष्य के रोमांच के लिए प्रेरित किया है। अपने अपने सफर के अनुभवों के बारे में बात करते हुए प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति की निक्की शर्मा भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे प्यार का पहला नाम राधा मोहन की निहारिका रॉय और कुमकुम भाग्य के कृष्णा कौल जैसे ज़ी टीवी के कलाकारों ने अपने फेवरेट डेस्टिनेशंस और समय समय पर सफर करने की अहमियत के बारे में भी बात की। प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति में शक्ति का रोल निभा रहीं निक्की शर्मा ने कहा विश्व पर्यटन दिवस पर बस उन शानदार यात्राओं को याद कर सकती हूं जो मैंने की हैं।

# डीएम ने जनपदस्तरीय अधिकारियों को दिए निर्देश, ड्यूटी ईमानदारी से निभाएं

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अंबेडकर नगर महोत्सव की तैयारी बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने ड्यूटी को ईमानदारी पूर्वक निभाते हुए अंबेडकर नगर महोत्सव कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराए।जिलाधिकारी द्वारा अंबेडकर नगर महोत्सव के संबंध में लगाई गई ड्यूटी में अधिकारियों से विभाग बिंदुवार चर्चा की गई और उनसे पूर्व में तैयारी के बारे में पूछा गया तथा आगे की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।जनपद अम्बेडकरनगर में हवाई पट्टी पर 28 वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय अंबेडकरनगर कार्यक्रम दिनांक 27ए 28 व 29 सितंबर को आयोजित किया जा रहा। जिसके अंतर्गत प्रदेश और देश के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

27 सितंबर को कैलाश खेर बालीबुड पार्श्व गायक का कार्यक्रम किया जा रहा है साथ ही साथ स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिताए मेंहदी प्रतियोगिताए सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा । 28 सितंबर को बॉलीवुड प्ले बैक सिंगर शबाब सबरी का कार्यक्रम किया जा रहा है तथा कवि सम्मेलन टीम विनीत चौहान (अलवर), शशिकांत यादव (देवाश), कमलेश राजहंस (सोनभद्र), अमन अक्षर (इंदौर), पंकज पलाश (शाजापुर), सुनील व्यास (मुम्बई), निधि गुप्ता कशिश (जबलपुर), सौरभ जायसवाल (लखनऊ), अभय निर्भीक संयोजक (अम्बेडकर नगर) द्वारा किया जाएगाए साथ ही साथ स्कूली छात्र ए छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिताए सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा ।

29 सितम्बर, 2023 को क्विज, डिबेट प्रतियोगिता, पोस्टर, स्लोगन, लोगो थीम, पेंटिग, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूली छात्र ए छात्राओं द्वारा किया जायेगा। साथ ही साथ 29 सितंबर को भोजपुरी नाईट गायक पवन सिंह तथा बालीबुड नाईट सिंगर सोनाली ठाकुर का कार्यक्रम किया जा रहा है। बच्चों के लिए झूले, स्टाल, लोकल स्टालए अन्न मिलेट्स, बच्चों का कार्यक्रम, मिनी मैराथन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें, साथ ही साथ स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जायेगा। अंबेडकर नगर महोत्सव के अवसर पर प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम का समापन मुख्य सचिव महोदय की उपस्थिति में किया जाएगा।

जनपद वासियों से अपील है कि अम्बेडकरनगर विकास महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक प्रतिभाग करेंए जिससे आयोजित होने वाले वॉलीबुड कार्यक्रम, भोजपुरी कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, स्थानीय कलाकारों तथा बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रम को देख सकें तथा लगने वाले स्टालों का अवलोकन कर सकें। बैठक के दौरान डीएफओ प्रणव जैन, अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारीए परियोजना निदेशक, जिला सूचना अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी तथा जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। बैठक के पूर्व डीएम अविनाश सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में हवाई पट्टी पर अंबेडकर नगर महोत्सव कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराने हेतु हवन पूजन किया गया।

# कुम्भ कार्यों का निरीक्षण



- कुंभ से जुड़े अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वाराणसी रोड पर जगतपुर रेलवे क्रॉसिंग पर सेतु निगम द्वारा बनाए जा रहे आरओबी सूबेदारगंज आरओबी एयरपोर्ट रोड अलोपी बाग फ्लाईओवर तथा अंदावा कनिहार आरयूबी जिसका कार्य आज से प्रारंभ हुआ है का निरीक्षण किया। सभी कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। पचदेवरा करछना गौहनिया मार्ग के पूर्वो खास से करछना रेलवे स्टेशन रामपुर होते हुए नैनी बंदरगाह औद्योगिक क्षेत्र तक संपर्क मार्ग का भी निरीक्षण किया। सड़क निर्माण के कार्य अधोमानक पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार को कारण बताओं नोटिस देते हुए सड़क को फिर से बनाने के निर्देश दिए तथा गुणवत्ता में सुधार न पाए जाने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी गई।निरीक्षण के बाद मेला अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक भी की। जिसमें महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत चेक्ड प्लेट्स एवं पांटून की डिमांड का आकंलन कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने एयरपोर्ट रोड पर ग्रीन बेल्ट विकसित करते हुए यूटिलिटी शिफ्टिंग कराने लटकते हुए तारों को हटाने सड़क किनारे बेंच लगाने अन्य सौंदरीकरण के कार्यों को कराने तथा सर्किट हाउस में रिनोवेशन विस्तार कराने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त अलोपी बाग फ्लाईओवर पर एक नई लेन बनाने के प्रस्ताव के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा नीचे एक सर्विस रोड बनाने के प्रस्ताव का स्टीमेट बनाते हुए 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करने को भी कहा गया।

## डिजिटल म्यूजियम व टेंट सिटी के प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पर्यटन को बढ़ाने के दृष्टिगत मेलाधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद ने डिजिटल म्यूजियम एवं टेंट सिटी हेतु प्रस्तावित स्थलों का आज निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली। प्रयागराज में टूरिस्ट सर्किट को और विकसित करने तथा कुंभ की महिमा को दर्शाने के दृष्टिगत डिजिटल म्यूजियम एवं टेंट सिटी बनाई जा रही है। इसमें से 50 टेंट की टेंट सिटी वर्ष पर्यंत रहेगी। इसके पश्चात प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालु संगम स्नान तथा अक्षय वट हनुमान मंदिर एवं पातालपुरी के दर्शन के उपरांत टेंट सिटी में रहकर एवं डिजिटल म्यूजियम में शहर एवं कुम्भ की महिमा को देख कर यहां की दिव्यता की और बेहतर तरीके से अनुभूति कर सकेंगे। पर्यटन को बढ़ाने के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में रिक्रिएशन एक्टिविटीज जिनके अंतर्गत वॉटर स्पोर्ट्स की व्यवस्था करने फूड वॉक जिसके माध्यम से फूड ज़ोन विकसित करने प्रमुख मंदिरों तक जाने का एक सर्किट जिसके अंतर्गत द्वादश माधव अन्य प्रमुख मंदिरों एवं आश्रमों तक जाने हेतु विशेष व्यवस्था करने तथा त्रिवेणी पुष्प का जीर्णोद्धार जिसके उपरांत वह पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन जाएगा की व्यवस्था भी की जा रही है। इसी क्रम में यहां आने वाले श्रद्धालुओं के चित्रकूट अयोध्या वाराणसी गोरखपुर एवं कौशांबी जाने के लिए भी बेहतर व्यवस्था की जा रही है। जिसके अंतर्गत सभी मार्गो को बेहतर बनाते हुए इन मार्गों की परिवहन व्यवस्था को और सुधारा जाएगा।

# रामराज्य नित प्रजा सुखाई, इसमें पण्डित दीनदयाल के अन्तोदय का भाव हैः कुलपति

- अविवि में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जीवन एवं दर्शन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में सोमवार को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर माल्यार्पण एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्यायः जीवन एवं दर्शन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि व वक्ता श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के महासचिव चम्पत राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरुष के बारे में मुझे बोलना अच्छा लगता है। आरएसएस 1925 से चल रहा है लेकिन मुझे नहीं लगता कि आरएसएस के संचालनकर्ताए संगठनकर्ता और चिंतक दीनदयाल जी को कभी 30 दिन में 60 समय भोजन मिला होगा। लेकिन उन्होंने एक विचार समाज को दिया जो आज एक वट वृक्ष बन गया है। उन्होंने बताया कि किसी ने संसद में ही कहा कि यह दैवीय पुरुष थे। किसी ने अवतारी कहा किसी ने कहा महात्मा गांधीए लोकमान्य तिलक और सुभाष चंद्र बोस इन तीनों के विचारों का एकात्मक सूत्र है तो वह है दीनदयाल उपाध्याय। उन्होंने कहा कि अंत्योदय अर्थात अंतिम व्यक्ति का उदय। यह पंडित जी की सशक्त विचारधारा थी। उनका मानना था की सबसे गरीब आदमीए निचले पायदान के व्यक्ति के उत्थान की आवश्यकता है। आर्थिक उन्नति इसमें नहीं की अमीर आदमी कितना विकास कर रहा है कितना उन्नत हो रहा है बल्कि इसमें है कि गरीब व्यक्ति अपने बच्चों को पढ़ाने की स्थिति में है कि नहीं है।

# डीएम ने खैराकला में हो रहे सड़क निर्माण का किया आकस्मिक निरीक्षण

**श्रावस्ती। गिलौला।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत ग्राम खैराकला में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्य का एनएसएलएच रोड से कल्याणपुर मार्ग का आकस्मिक निरीक्षण का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं मौके पर निर्माणाधीन सड़क को खुदवाकर मानक के अनुरूप सड़क की मोटाई और कंकरीट की लेयर की गुणवत्ता की जांच किया उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप सड़क का निर्माण कराया जाए जिससे लोगों के आवागमन में सुविधा हो सके।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण को निर्देशित किया कि निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ सड़क का कार्य पूरा कराया जाए तथा नियमित रूप से कराये जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग भी किया जाए। तदोपरान्त जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय गोडारी में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराये जा रहे विद्यालय के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया और मानक के अनुरूप निर्माण कार्य कराकर समय.सीमा के अन्दर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होने विद्यालय की दिवारों पर वॉल पेंटिंग कार्य कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण अनवारूल हक सहित सहायक अभियंता अवर अभियंता एवं अभियंतागण उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी टाण्डा मे डिप इरिगेशन प्रणाली का उदघाटन

**टाण्डा (अम्बेडकरनगर)।** एनटीपीसी टाण्डा परियोजना मे जल संरक्षण हेतु डिप इरिगेशन प्रणाली का उदघाटन परियोजना प्रमुख बीएसीएपलेई द्वारा किया गया। यह सिचाई की एक प्रणाली है। जिसमे पानी को प्राकृतिक वर्षा की तरह स्प्रे के रूपमे वितरित किया जाता हैं। इस तकनीक मे पानी को पाइप के माध्यम से पम्प करके पहुचाया जाता है। जिससे कम जल से अधिक क्षेत्र मे आसानी से सिचाई संभव हो जाती है। यह प्रणाली सभी प्रकार के खेती के लिए उपयुक्त हैएंव उच्च दक्षता के साथ जल का समान वितरणभी करती है। इस प्रणाली के द्वारा जल की हानि नयनतम हो जाती है व वितरित जल का सटीक एंव आसान मापभी संभव हो पाता है। यह प्रणाली पर्यावरणके मित्रवत है। इस अवसर पर एनटीपीसी के अनेक वरिष्ठ कर्मचारी एंव अधिकारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन उप प्रबन्धक (सिविल टाउन शिप) महीप कुमार की देख रेख मे किया गया।

# अंबेडकर नगर महोत्सव की तैयारियां जोरों पर जिलाधिकारी ने लिया जायजा

**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा अंबेडकर नगर महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया गया। उन्होंने मंच, स्टाल, झूले, सुरक्षा व्यवस्था, साफसफाई के सम्बन्ध में जायजा लिया गया तथा अंबेडकर नगर महोत्सव के तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।जनपद अम्बेडकरनगर में हवाई पट्टी पर 28 वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय अंबेडकरनगर महोत्सव कार्यक्रम दिनांक 27, 28 व 29 सितंबर 2023 को आयोजित किया जा रहा।

## दहेज हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**टाण्डा (अम्बेडकरनगर)।** थाना कोतवाली टाण्डा मे विगत 22 सितम्वर कोदर्ज मुअस 245/023 धारा498 एए304वी323 भा0द0वि0व 3/4डीएपी ऐक्ट मे नामित आरोपी को श्री मान क्षेत्राधिकारी महोदय टाण्डा द्वारा गठित टीम प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टाण्डा अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व मे उप निरीक्षक रवीन्द्र कुमारयादव एमय हम राह कांस्टेबिल संगम यादव एकांस्टेबिल मोहित कुमार एकांस्टेबिल सुमित चौधरी द्वारा महामाया मेडिकल कालेज सद्दरपुर सेनामित अभियुक्त परशुराम आयु लगभग 40 साल पुत्र पल्टूनिवासी खेतापुर कोतवाली टाण्डा को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया गया।

## बीमाकर्ताओं को बदलना हुआ आसान

**वाराणसी।** ज्यादातर लोगों को पता है किए मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसारए भारतीय सड़कों पर कानूनी रूप से ड्राइव करने के लिए कम से कम थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी होना अनिवार्य है। नितिन कुमार, हेड.मोटर इंश्योरेंस पॉलिसीबाजार डॉट कॉम ने कहा कि अगर पॉलिसीधारक पॉलिसी और उसके लाभों से संतुष्ट नहीं है तो मोटर इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी काम आती है। आप पॉलिसी अवधि के दौरान अपनी इंश्योरेंस पॉलिसी को किसी अन्य इंश्योरेंस कंपनी में स्विच कर सकते है।

# अधिवक्ताओं व विधायक के बीच की वार्ता रही सकारात्मक

- वादकारियों के हित में अधिवक्ताओं से जनप्रतिनिधियों ने किया अपील
- सदर विधायक अंकुर व विधायक गणेश रहे उपस्थित



सम्बोधित करते विधायक सदर।

**संतकबीरनगर।** जनपद बार एसोसिएशन और धनघटा विधायक गणेश चौहान के समर्थक मामले को लेकर चल रहा विवाद सोमवार को सदर विधायक अंकुर राज तिवारी के हस्तक्षेप के बाद पटाक्षेप हो गया। न्यायालय परिसर में करीब एक घंटे तक चली वार्ता में दोनों पक्षों ने मुकदमा वापस लेने और परिसर में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने जैसे कई बातों पर अपनी सहमति भी जताई। दरअसल, जनपद बार एसोसिएशन हापुड़ घटना को लेकर विगत कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। इस बीच इनकी धनघटा विधायक गणेश चौहान के समर्थक से इनकी नोंक-झोंक हो गई थी। इस मामले में धनघटा विधायक के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर अधिवक्ताओं पर काफी आपत्तिजनक कॉमेंट किए गए थे। अधिवक्ताओं और विधायक समर्थकों द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। मामले को तूल पकड़ता देख सोमवार को सदर विधायक अंकुर राज तिवारी और धनघटा विधायक गणेश चौहान जनपद न्यायालय परिसर में पहुंचे। विधायक अंकुर राज तिवारी ने अधिवक्ताओं से बातचीत करते हुए धनघटा विधायक गणेश चौहान के समर्थकों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और अधिवक्ता चेंबर में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने जैसे कई पहलुओं पर अपनी बातों को अधिवक्ताओं के समक्ष रखा। जबकि धनघटा विधायक गणेश चंद चौहान ने अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे और समर्थकों के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लेने और अपने स्तर से अधिवक्ताओं को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। इस पर जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिंह ने विधायक की सराहना करते हुए उनकी बातों को आम सभा की बैठक में रखने और धनघटा विधायक सब के समर्थकों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की सहमति जताई। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल ने कहा कि दोनों पक्षों की कुछ गलतफहमियों की वजह से इस तरह के बातें सामने आई थी। दोनों पक्षों की बैठक के बाद आज आम सहमति बनी है जल्द ही फार्म पर बातों को रखने के बाद मुकदमे और हड़ताल संबंधी आगामी निर्णय लिए जाएंगे। इस अवसर पर महामंत्री सुनील पांडे, शशि कुमार ओझा, राकेश मिश्रा, अंनजय कुमार श्रीवास्तव, सिद्धार्थ पांडेय, चतुर्थ जी मिश्रा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव प्रदीप मौर्या विशाल राय, प्रमोद यादव, दुर्गेश नारायण मिश्रा, अमरेश कुमार ओझा चतुर्भुज शुक्ला आदि मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता हमारे अभिभावक की तरह है और एक विधायक होने के नाते हमारा दायित्व बनता है कि हमारे क्षेत्र की जनता या वरिष्ठ नागरिक उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जाए। इन सब बातों को लेकर हम लगातार प्रयासरत हैं और इसमें कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। अधिवक्ता बंधुओं को जब भी हमारी जरूरत होगी हम उनके साथ खड़े हैं। जहां तक बात रही अधिवक्ता चैंबर की तो यह काम भी जल्दी ही कराया जाएगा। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को पत्र लिख गया है और इस पर जल्द से जल्द काम शुरू कराए जाने की आवश्यकता है।

# कलक्ट्रेट का डीएम ने किया निरीक्षण बेहतर कार्य करने का दिया निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट में स्थित शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालय की साफ सफाई, अभिलेखों का रख.रखाव इत्यादि का जायजा लेने के उद्देश्य से सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह के साथ कलक्ट्रेट स्थित के कई विभागों का निरीक्षण किया। अभिलेखों के रखरखाव आदि की जानकारी ली। साफ सफाई व्यवस्था को और बनाए रखने के साथ ही अभिलेखों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सोमवार को अधिकारियों के साथ कलक्ट्रेट के जनता दर्शन कक्षए श्रम विभाग जिला पूर्ति कार्यालय, उप जिलाधिकारी सदर कार्यालय एवं न्यायालयए संग्रह अनुभाग, भूलेख अनुभाग, सीलिंग अनुभागए राजस्व अभिलेखागार, शिकायत अनुभाग, आपदा विभाग, संयुक्त कार्यालय सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। कार्यालयों में साफसफाई, अधिकारियों, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका व जीपीएफ पासबुकए शिकायत पंजिका एवं शिकायतों का निस्तारण सहित आवश्यक पत्रावलियों को देखा। निरीक्षण के दौरान नाजिर मोण् सलीम को कलेक्ट्रेट परिसर में समुचित मात्रा में अग्निशमन यंत्र लगाए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी पटलों में निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियोंए कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पत्रावलियों का रखरखाव अच्छे से करें। साथ ही फाइल के ऊपर संबंधित पत्रावलियों का ब्योरा अवश्य लिखें। जिससे उन्हें ढूंढने में आसानी हो। कार्यरत अधिकारियों.कर्मचारियों को उनके कार्य के प्रति कर्तव्यों का ईमानदारी से निष्ठापूर्ण निर्वहन करने के लिए प्रेरित भी किया।

# हर वोट है जरूरी, मतदाता के रूप में आज ही पंजीकरण करवायें: डीएम

**लखीमपुर खीरी।** वरिष्ठ मतदाताओं के बहुमूल्य अनुभवों से अन्य मतदाताओं विशेषकर युवाओं को जागरूक एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर जिले के वरिष्ठ एवं शतायु मतदाताओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। एसडीएम व तहसीलदार की अगुवाई में तहसीलवार भव्य आयोजन होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे अपनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित प्रत्येक 100 मतदाताओं को सम्मानित किये जाने के लिए दूरस्थ मतदेय स्थलों के 100 मतदाताओं को बूथ लेवल आफिसरों के माध्यम से एवं जो आसानी पूर्वक आ सकते हैंए उन्हें आप स्वयं किसी बड़े कालेजध्तहसील सभागार में 01 अक्टूबर (रविवार) को मनाये जाने वाले अन्तरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस कार्यक्रम आयोजित करते हुये उन्हे सम्मानित करे। मतदान को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए आयोग प्रयासरत है। संबंधित फोटो एवं वीडियो भी भेजना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने एसडीएम/तहसीलदारए सदर को निर्देशित किया कि सदर तहसील के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 142.लखीमपुर एवं 140. श्रीनगर के 100 मतदाताओं को डीएमध्डीईओ से सम्मानित कराने के लिए तहसील सदर के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें और आसपास के 100 मतदाताओं को उपस्थित कराने की व्यवस्था भी कराना सुनिश्चित करें, मतदाताओं के पूर्ण विवरण से सम्बन्धित सूची कार्यालय में 29 सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। डीएम ने बताया कि जिस समय मतपत्र का प्रयोग करके मतदान किया जाता था, वर्तमान में आधुनिक मतदान प्रणाली के साक्षी रहने वाले इन वरिष्ठ और मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन जनपद से लेकर बूथों तक सम्मानित किया जा रहा है।

# उद्यमियों की समस्याओं का समय से कराएं निस्तारण



**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से संबंधित जो भी समस्याएं आएं उनका निस्तारण समय से किया जाए। संचालन उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना एवं जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमियों अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं।

उद्यमियों ने जिला मुख्यालय पर सब्जी मंडी में नालो के ऊपर टूटे हुए पत्थरए मेला मैदान में ई रिक्शा से जाम की स्थिति, औद्योगिक क्षेत्र मे हाई मस्त लाइट लगाए जाने के प्रपोजल का मुद्दा उठाया। पूरे जनपद में हाईवे पर ई रिक्शा दौड़ रहे है। हमें घाटा हो रहा है। डीएम ने एआरटीओ आलोक कुमार को निर्देशित किया कि ई रिक्शा वालो के साथ बैठक करके उन्हें उनके नियम बतायें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। सीडीओ ने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन प्रत्येक विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

# कृषि मेला व प्रदर्शनी का आयोजन



**निघासन खीरी।** कृषि विभाग द्वारा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढी करण हेतु किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन ब्लाक में किया गया। प्रदर्शनी में हर विभाग द्वारा कैम्प लगाकर लोगों को जानकारियां दी गई। शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने किया। कृषि विभाग द्वारा जिन किसानों का रजिस्ट्रेशन था उनको दो किलो सरसों बीज विभाग द्वारा नि शुल्क दिया गया और कृषि विभाग द्वारा किसानों को जागरूक किया गया और विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अच्छे से अच्छे बीज बिजली पानी की ब्यवस्था हो रही है और सरकार की बिभिन्न प्रकार की योजनाओं का बखान किया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि मेले में मृदा परीक्षण के संबंध में फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में बताया और अधीक्षक पी के रावत ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण के बारे में जानकारियां दी इस अभियान के तहत किसानों को भी जानकारियां दी गई। बाल विकास की प्रभारी सरिता वर्मा के द्वारा गोद भराई कार्यक्रम किया गया जिसमें पात्र महिलाओं को पुष्टाहार काट समेत गोद भराई पोटली दी गई।

# सीएसआर फंड मे हो रहे कार्य सिर्फ कागजी न हो: डीएम



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएसआर फंड एवं उससे कराए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के प्रमुख उद्योगों तथा बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने समस्त उद्योगों तथा बैंकों के प्रतिनिधियों से कहा कि उन्हें घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है इस मीटिंग का एकमात्र उद्देश्य जिला प्रशासन तथा सभी उद्योगों के मध्य समन्वय स्थापित करना है ताकि सीएसआर फंड को उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में लगाया जा सके । जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा की स्वास्थ्य, स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण, जलवायु परिवर्तन जैसे विषय सीएसआर फंड की प्रमुखता में रहने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए सीएसआर फंड को सही दिशा में खर्च करने हेतु एक समिति का गठन जिला स्तर पर किया जाएगा। यह समिति जिला प्रशासन तथा उद्योगों के मध्य समन्वय स्थापित करने का कार्य करेगी। डीएम ने कहा कि सीएसआर फंड मे हो रहे कार्य सिर्फ कागजी न हो, बल्कि जमीनी स्तर पर जन सामान्य की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएं। सीएसआर फंड से हो रहे खर्चों में पारदर्शिता का होना अति आवश्यक है। जिलाधिकारी ने विभिन्न उद्योगों द्वारा आवंटित बजट तथा अब तक किए गए खर्चों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। रोजा थर्मल पावर प्लांट का कुल सी एस आर बजट 4 करोड़ 54 लाख रुपए का है जिसमें से 12 लाख 80 हजार रुपए अब तक खर्च किए जा चुके हैं । के आर पेपर मिल का कुल सी एस आर बजट 1.01 करोड़ है । जी सर्जी वियर लिमिटेड का कुल सी एस आर बजट 58 लाख रुपए था इसके बारे में उनके द्वारा बताया गया कि उन्होंने 60 लाख रुपए अब तक खर्च कर दिए हैं। डालमिया शुगर मिल, निगोही का कुल सी एस आर बजट 1,12,07410 रुपए है इनके द्वारा बताया गया कि सीएसआर एक्टिविटीज हेतु प्रमुख सेक्टर क्लाइमेट एक्शन, डेयरी डेवलपमेंट आदि हैं । जिलाधिकारी द्वारा इन्हें अपने सी एस आर फंड से शहीद पार्क में सोलर पैनल लगाने हेतु जिम्मेदारी प्रदान की गई है। कृभको का कुल सी एस आर बजट 43 लाख रुपए है, इनके द्वारा जिलाधिकारी को यह अवगत कराया गया कि इन्होंने जिले में विभिन्न स्थानों पर हेल्थ एटीएम की स्थापना की है । बजाज चीनी मिल द्वारा बताया गया कि उन्होंने जिले में विभिन्न स्थानों पर 6 हजार पौधों का रोपण किया है तथा गरीब बच्चों की मुफ्त शिक्षा हेतु उनका एक विद्यालय भी संचालित है। बैठक में सीडीओ एस बी सिंह, उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र अनुराग यादव, जिले में स्थापित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि तथा बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### स्वंय सहायता समूह, स्वनिधि सभा का आयोजन

**संडीला(हरदोई)।** नगर पालिका परिषद सभागार में पीएम स्वनिधि सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी विजेयता गुप्ता ने की। इस बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि सभा एवं स्वंय सहायता समूह उपस्थित हुए। जिसमें उमंग, सुनहरा कल सेवा समिति के राजकुमार प्रशिक्षक एवं नितीश कुमार अग्निहोत्री, सुधा यादव के अलावा डूडा हरदोई के अधिकारी छाया पाण्डेय, स्वंय सहायता समूह की महिलाएं अर्चना अस्थाना, विमलेश्वरी आदि ने प्रतिभाग किया। इसमें महिलाओं को धूपबत्ती, अगरबत्ती एवं अन्य कुटीर उदयोगों के विषय में जानकारी देने के साथ साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

### पति पत्नी की पंचायत में पूर्व पार्षद उस्मान के भाई ने की मारपीट

**बरेली ।** पति पत्नी के विवाद में को खत्म करने को चल रही पंचायल के दौरान पति ने पूर्व पार्षद उस्मान के भाई आदि के साथ पत्नी और ससुर पर हमला कर दिया ससुर ने दामाद समेत सात लोगों के विरुद्ध के मुकदमा दर्ज कराया उन्होंने आरोप लगाया कि बेटी को बुलट मोटरसाईकिल और दो लाख आदि के लिए प्रताड़ित किया जाता है ।बारादरी थाना क्षेत्र के एजाजनगर गौटिया के रहने वाले नियाजउल्ला अंसारी पुत्र अजीज ने बताया कि उन्होंने लगभगदो साल पहले बेटी शाहीन की शादी हजियापुर के आरिफपुत्र खुर्शीद के साथ किया था आरोप है कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी को ससुराल में बुलट मोटरसाईकिल और दो लाख रुपए के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा इसी को लेकर शाहीन को उसके पति आरिफ, सुसर खुर्शीद, सांस जीनत और खातुन ने मारपीट कर गर्भ अवस्था में घर से निकाल दिया इस दौरान मायके में ही उसकी बेटी ने एक बेटी को जन्म दिया इसी को लेकर मंगलवार की दोपहर पार्षद इरशाद ठेकेदार के घर पंचायत चल रही थी, बातचीत के दौरान शाहीन पर पति आरिफने अचानक हमला कर दिया जब शाहीन के पिता नियाज उल्ला अंसारी ने बीच बचाव किया तो आरिफ, खुर्शीद खान, जौनत और पूर्व पार्षद उस्मान अल्वी के भाई समेत अन्य ने हमला दिया जिसमें दोनों के चोटे आई इस मामले में पुलिस ने सात लोगो के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जड़ें तलाशने व विस्तार के लिए उत्सुक

लखनऊ। ग्लैम स्टूडियोज़ ने गोमती नगर एक्सटेंशन में अपने नवीनतम सैलून की शुरूआत की है। आउटलेट का उद्घाटन ग्लैम स्टूडियोज की सीईओ और संस्थापक सादिया नसीम ने किया। इस ब्रांड के पहले से ही देश में ढाई सौ से अधिक सैलून चल रहे हैं और अगले 3 वर्षों में दुनिया भर में सैलून का सबसे बड़ा ब्रांड बनने की लक्ष्य रखता है। श्रीमती सादिया नसीम ने लांच के समय कहा कि उन्हें नवाबों के शहर लखनऊ को गौरवान्वित करने और हमारे ताज में एक और पंख जोड़ने की खुशी है। हम अपने परिचालन का विस्तार करने और अपने विस्तारित ग्लैम परिवार का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। जबकि सैलून फ्रैंचाइज़ व्यवसाय में कई ब्रांड काम कर रहे हैं। ऐसे में ग्लैम स्टूडियो वैल्यू कांसियस रेटों पर उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है। हम शहर में अपनी जड़ें तलाशने और उनका विस्तार करने के लिए उत्सुक हैं

### धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को दी हत्या की धमकी

**बरेली।** प्रधान के नंबर से एक विवादित पोस्ट वायरल हो गया जिसने पूरे जिले में बवाल मचा दिया। पोस्ट में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को हत्या की धमकी और भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने जैसे भड़काऊ बात कही गई। एक्स (ट्वीट) के बाद हाफिजगंज पुलिस को मामले की जांच दी गई है जांच में पता चला कि प्रधान का व्हाट्सएप हैक हो गया था ।हाफिजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भंडसर के प्रधान नन्हे प्रधान संघ का जिला अध्यक्ष भी है रात 10रू15 बजे उनके नंबर से एक विवादित पोस्ट व्हाट्सएप ग्रुप में किया गया पोस्ट में हिंदू संगठनों के खिलाफअपशब्द और पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हत्या जैसी बात लिखी गई इसकी शिकायत रमेश वर्मा ने एक्स (ट्वीट) पर की उन्होंने लिखा है कि रिठौरा के भंडसर का नन्हे प्रधान हिंदूओं के खिलाफगलत बोल रहा उन्होंने प्रधान पर देशद्रोह के तहत कठोर से कठोर कार्रवाई होने की मांग की हाफिजगंज प्रभारी निरीक्षक को प्रकरण के सम्बन्ध में जांचकर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया हाफिजगंज इंस्पेक्टर चेतराम वर्मा ने बताया कि प्रधान नन्हे का व्हाट्सएप हैक हो गया था किसी ने खुराफात की है जांच की जा रही है ।

### सकारात्मक पभाव डालने को तत्पर

लखनऊ। मार्केटिंग पीआर एंड ट्रेनिंग अकादमी नें 24 सितंबर को अपने नए कॉर्पोरेट कार्यालय का उद्घाटन हज़रतगंज पार्क रोड स्थित राधाकृष्ण भवन में किया। पिछले सात वर्षों में डिजिटल जगलर्स नें न केवल भारत बल्कि अन्य कई देशों में भी खुद को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित किया है। इस अवसर पर डिजिटल जगलर्स के संस्थापक और सीईओ डॉ. मानस खत्री ने कहा हम नए रिश्ते बनाने और बाजार में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए तत्पर हैं।

## प्रेमिका के साथ प्रेमी को पकड़ा, कराया विवाह

**बरेली।** प्रेमिका से मिलने आए युवक को परिजनों ने पकड़कर मंदिर में विवाह कर दिया। सिरौली थाना क्षेत्र के बारीखेड़ा गांव के एक युवक का नुसरतगंज की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था शनिवार देर रात युवक अपनी प्रेमिका के घर मिलने पहुंच गया रविवार सुबह प्रेमिका के परिजनों ने युवक को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी युवक को पीटते हुए गांव में घुमाया और ग्रामीण ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया चौकी में दोनों पक्षों में कई घंटे तक पंचायत होती रही और बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दोनों में फैसला हो गया इसके बाद प्रेमी युगल के बालिग होने पर उनकी सहमति से दोनों का एक मंदिर मे विवाह कर दिया गया देर शाम प्रेमिका दुल्हन बनकर प्रेमी के घर चली गई इंस्पेक्टर क्राइम ने बताया कि युवक को पीटते हुए गांव में घुमाने का मामला संज्ञान में नहीं है बड़ागांव चौकी प्रभारी विजय पाल सिंह ने बताया कि दोनों बालिग हैं एक ही जाति के हैं हमने दोनों पक्षों से फैसलानामा ले लिया है।

# शाहजहांपुर में चोरों का आतंक

**शाहजहांपुर।** चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर की सबसे वीआईपी कालोनी मानी जाने वाली साउथ सिटी में चोरों ने एक घर को कंगाल डाला। सोने-चांदी के आभुषण समेत करीब सात लाख रुपये माल लेकर चोर फरार हो गए। पीड़ित प्रोफेसर अपनी पत्नी के साथ बनारस के बाबा विश्वनाथ मंदिर के दर्शन करने गए थे। चोरी की सूचना मिलते ही परिवार अपने घर पहुंचा। परिवार को घर के अंदर तीन कमरों के लॉक टूटे मिले और सारा सामान बिखरा मिला। ऐसा उस कालोनी में हुआ है। जहां पर भाजपा के सांसद अरुण सागर भी रहते हैं।

## सोने चांदी के आभूषण भी बैग से गायब

चौक कोतवाली क्षेत्र के साउथ सिटी कालोनी में असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप कुमार दीक्षित अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। 22 सितंबर को संदीप पत्नी के साथ बनारस के बाबा विश्वनाथ मंदिर के दर्शन करने गए थे। 24 सितंबर को दर्शन करने के बाद प्रोफेसर ट्रेन से वापस घर लौट रहे थे। लखनऊ आने के बाद उनके पास स्थानीय लोगों का फोन पहुंचा। उन्होंने बताया कि घर का मेन दरवाजा बंद है और अंदर कमरे के दरवाजे खुले दिख रहे हैं। इस पर प्रोफेसर ने स्थानीय लोगों से फौरन पुलिस बुलाने के लिए कहा और खुद भी शाहजहांपुर आ गए। घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे के तीन दरवाजों में लगा लॉक टूटा था। अंदर की रखी अलमारियां खुली थी और सारा सामान बिखरा पड़ा था। सोने चांदी के आभूषण भी बैग से गायब थे। खाली बैग बेड पर पड़े थे। पीड़ित ने बताया कि अलमारियों और अलग-अलग जगहों पर करीब 70 से 80 लाख रुपये का कैश रखता था। चोर कैश भी ले गए। पीड़ित ने चोरी में गए सामान की सूची बनाकर पुलिस को तहरीर दे दी है। पीड़ित ने कहा कि बनारस के विश्वनाथ मंदिर के दर्शन करने गए थे। साउथ सिटी सबसे वीआईपी कालोनी कही जाती है। यहां पर भाजपा सांसद भी रहते हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि चोरी की घटना हुई है।

# शिक्षक कभी नहीं होता सेवानिवृत्त: अलका अर्कवंशी

**संडीला( हरदोई )।** शिक्षक उन्नयन संगोष्ठि एवं शिक्षक विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। वह अजीवन अपने अनुभवों से समाज का मार्ग दर्शन करता रहता है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस वर्ष सेवानिवृत्त हुए प्रधानाध्यापक संतोष कुमार शुक्ला, मंजू वर्मा, सरोज कुमारी, अख्तर जहां अंसारी को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट जिलाबेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने माल्यार्पण तथा प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इसी अवसर पर विशिष्ट अतिथि विजय प्रताप सिंह ने कहा कि उन्हें आशा है कि सेवानिवृत्त शिक्षक अपने अनुभवों से हमारे सेवारत शिक्षक को अपने अनुभवों से प्ररित कर सकेंगे। उनके समस्त देयक जिलास्तर से अवशेष नहीं रखे जाएंगे। इसी अवसर पर विकास खण्ड के नवन्याय पंचायतों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट



शिक्षक सम्मान समारोह में बोलती विधायक अलका अर्कवंशी

योगदाने करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय जवंर की नीलम यादव, नानकखेड़ा की रेखा भारती, बेगमगंज की उमा तिवारी, भिठरिया का यासमीन, मुसैला की रशमी गुप्ता एवं कल्पना गुप्ता, बरी से अमित कुमार, घूणखेड़ा से ब्रजेश कुमार, अजराइलखेड़ा से महादेव को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा कि शिक्षक आजीवन क्षेत्र में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का कार्य करता है। साथ ही साथ वह ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को स्तांतरित भी करता है और इस प्रकार ज्ञान का यह चक्र सतत चलता रहता है। शिक्षक कभी सेवा निवृत्त नहीं होता, वह आजीवन अपने अनुभवों से समाज का मार्गदर्शन करता रहता है। सेवानिवृत्त शिक्षकों की दीर्घ आयु होने की कामना की। नवीन कार्यभार ग्रहण करने वाले 15 अध्यापकों का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षाधिकारी सीमी निगार, पूर्व ब्लाक प्रमुख कुवंर वीरेन्द्र सिंह, जिलासमनवयक प्रशिक्षक राकेश शुक्ला के अलावा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष केपी सिंह ने किया।

# क्षतिग्रस्त सड़क व सीवर लाइन का निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने हॉकी क्लब के पास क्षतिग्रस्त सड़क एवं जल निगम द्वारा सीवर लाइन हेतु खोदे गए गड्ढे को लेवल कराये जाने के कार्य का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने निरीक्षण के समय क्षतिग्रस्त सड़क को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये जाने के निर्देश सम्बंधित को दिए गए एवं जल निगम द्वारा सीवर लाइन के लिय खोदे गए गड्ढे को लेवल कराये जाने के कार्य की भी स्थिति को देखा गया, निर्देशित किया नगर क्षेत्र में जहां-जहां गड्ढे है, उनको भी तत्काल गुणवत्तापूर्ण ढंग से लेवल कराया जाए। नगर निगम के स्वच्छता कर्मियों द्वारा किये जा रहे सफाई कार्य की भी स्थिति को देखा गया व अपनी उपस्थिति में सफाई के कार्य को कराया गया। निरीक्षण के समय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## विशेष सफाई एवं संचारी रोग

शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में स्वच्छता ही सेवा ष् विशेष सफाई एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर स्वच्छता को सर्वोपरि रखते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार मिश्रा ने नगर क्षेत्र के हुंडाल खेल में चल रहे साफ सफाई एवं एंटी लारवा छिड़काव के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अपनी उपस्थिति में सफाई कार्य के साथ-साथ एंटीलार्वा छिड़काव का कार्य कराया गया। इसी क्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा क्षेत्र वासियों से वार्ता कर सुनी जन समस्याएं।

# भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने दिया अपर मंडल आयुक्त को ज्ञापन

**बरेली।** भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सतिंदर सिंह घुम्मन के नेतृत्व में अपर मंडल आयुक्त को 14 सूत्रीय ज्ञापन दिया, मंडल में बाढ़ के कारण जिन किसानों के खेतों में रेत चढ़ चुका है किसानों के बिना शर्त रेत बेचने की इजाजत दी जाए नवीन उप मंडी स्थल बंडा में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे चालू कराया जाए धान की खरीद 1 अक्टूबर से हर हाल में शुरू की जाए बरेली मंडल की खेती कर्ज में उतनी ही कीमत की जमीन रहन की जाए जितनी रकम का किसानों को लोन दिया जा रहा है यानी कुछ कर्ज के बदले सारी जमीन रहन की जाए। बजाज चीनी मिल मकसूदपुर में गन्ना पेमेंट समय से करवाई जाए वह किसानों को समय से पैसा दिया जाए ओसवाल चीनी मिल नवाबगंज में गन्ना पेमेंट अभी तक कई किसानों को नहीं उपलब्ध करा पाए समय से किसानों को पेमेंट कराया जाए अन्यथा किसान यूनियन आंदोलन के लिए मजबूर होगा पूरे मंडल में समय से धान क्रय केंद्र लगाकर किसानों का धान खरीद केंद्र खोले जाए और बिचोलियो से दूर रखा जाए। बरेली मंडल में समय से गेहूं की बुवाई के लिए किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाए बरेली मंडल के सभी किसानों को प्रणाली का मुआवजा दिया जाए अन्यथा किसान आग लगाने को मजबूर होगा बरेली मंडी में आवारा पशुओं का आतंक है कि किसान लगातार परेशान है तत्काल आवारा पशुओं को पड़कर गौशाला में बंद किया जाए बरेली मंडल के जिला शाहजहांपुर पीलीभीत बरेली बदायूं जो की मिनी पंजाब के क्षेत्र में आते हैं इन जिलों के सरकारी स्कूल को प्राइवेट स्कूल में पंजाबी भाषा को एक सब्जेक्ट के तौर पर सम्मलित किया जाए बरेली मंडल के किसानों का कर्ज माफकिया जाए जिन किसानों की आरसी काटी गई है तत्काल रोक लगाई जाए सरकार द्वारा किसानों के ट्यूबवेल का बिल सरकार द्वारा माफकिया जाए उसके बावजूद किसानों को ट्यूबवेल का बिल लगाया गया है भाकियू मांग की है कि यदि उनकी मांगों विचार नहीं किया गया तो समय रहते आंदोलन को बाध्य होंगे।

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर हुआ विचार गोष्ठी का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** विश्व फार्मेसिस्ट दिवस के अवसर पर डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन उप्र लखीमपुर शाखा खीरी द्वारा राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य पदमेश पंकज ने की गोष्ठी में फार्मेसिस्ट उपयोगिता विषय पर विचार रखे गए। राजकीय पॉलिटेक्निक प्राचार्य पदमेश पंकज ने इस दौरान कहा कि आज का समय हेल्थ सेक्टर के लिए बेहद महत्वपूर्ण है ऐसे में डॉक्टर के साथ.साथ फार्मासिस्ट की भूमिका की बेहद महत्वपूर्ण है और एक जिम्मेदारी के साथ काम करने की भी आवश्यकता है अभी हाल ही में आई कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र की अहमियत लोगों को पता चली। चीफ फार्मेसिस्ट राकेश कुमार यादव, संस्थान के व्याख्याता अवधेश कुमार सिंह, सुरेश कुमार पटेल सहित डीपीआरए शाखा खीरी के



अध्यक्ष परमानन्द व प्रान्तीय उपाध्यक्ष सचिन कुमार वर्मा, संयुक्त मन्त्री लोकेश सिंह आदि फार्मेसिस्ट ने अपने विचार रखे। दवाओं के रख.रखाव, उपयोगिता, डोज एवं मरीजों के इलाज के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी में रेबीज दिवस और विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर मयंक मिश्रा, डॉक्टर आलोक कुमार, डॉक्टर मोहित वीर, फार्मेसी प्रभारी डॉक्टर एस के शुक्लाएफार्मासिस्ट अमित श्रीवास्तव इत्यादि ने भाग लिया तथा प्रशिक्षु फार्मासिस्ट भी सम्मिलित हुए।संगोष्ठी में डॉक्टर मयंक मिश्रा ने जन.सामान्य को रेबीज के बारे में जानकारी दी। सरकार ने लक्ष्य निर्धारित किया है कि आगामी वर्ष में रेबीज से होने वाली मृत्यु दर शून्य तक ले जानी है जिसके चलते इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी में कुत्ते अथवा जंगली पशु के काटने पर लगने वाले एंटी रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता शत प्रतिशत कर दी गई है।

# भाजपा सरकार में मिट रहा बुंदेलखंड के पिछड़ेपन का कलंकः सांसद पटेल

●चिंतन शिविर में पात्रों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने पर दिया जोर

संवाददाता। चित्रकूट




**नीति** आयोग, भारत सरकार द्वारा चयनित आकांक्षात्मक विकासखंड रामनगर के ब्लॉक डेवलपमेंट के लिए चिन्तन शिविर का आयोजन ब्लाक रामनगर में सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख रामनगर गंगाधर मिश्र की उपस्थिति में विकासखंड रामनगर में सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मख्य अतिथि रहे सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्व की महाशक्ति बनाने की दिशा में कार्य कर रहे है। प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए सबके सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज मोदी-योगी सरकार में सबका साथ और सबका विकास हो रहा है। देश की हर व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में नीति आयोग द्वारा बनाया गया व बनाकर उन जिलों को लिया गया जो पिछड़े थे। जिसमें जनपद के रामनगर का विभिन्न विभागों द्वारा कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक को विकसित करने के लिए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की टीम द्वारा कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मंडल के बांदा के दो व चित्रकूट के एक विकासखंड को लिया है। इसमें पांच विभाग द्वारा कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हर न्याय पंचायत में एक हाई स्कूल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी न्याय पंचायत छुटे है, उसमें उसे चिन्हित कर कार्य योजना बनाई जाए।

# 15 दिन के भीतर खत्म हों चित्रकूट के प्रमुख मार्गों के गड्ढेः डीएम

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों एवं गड्ढा मुक्त के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने एनएच बांदा से कहा कि खोह से नो एंट्री तक रोड खराब है, पूरी रोड 15 दिन में सही कराएं। उन्होंने एनएच बांदा से कहा कि कार्यशैली में सुधार करें, ठेकेदार के भरोसे न रहें, स्वयं जाकर के देखें। उन्होंने मंदाकिनी नदी से बेडी पुलिया तक हो रहे नाला निर्माण में कहा कि आप लोग लोकल लोगों से समन्वय बनाकर कुछ जगहों पर रैंप व इंटरलॉकिंग बनवाएं। उन्होंने कहा कि इसकी देखरेख के लिए अभियंता प्रांतीय खंड व उप जिलाधिकारी के निर्देशन में एक टीम बनाई जाए जो निरीक्षण करेगी। नेशनल हाईवे प्रयागराज के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि पहाड़ी की स्थिति खराब है। राजापुर में गड्ढे है, उसको भी 15 दिन के अंदर कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजापुर का नाला निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि यमुना पुल से लेकर ट्रैफिक चौराहा तक सभी गड्ढा मुक्त होना चाहिए। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड से मुख्य सड़क व गांव की सड़कों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बेडी पुलिया से लेकर सूरजकुंड की जो सड़क है, उसे ठीक कराएं।

ददरी माफी व बहिलपुरवा देवांगन रोड पुरी ध्वस्त है, इसे ठीक कराएं। उन्होंने कहा कि मऊ से ग्राम पंचायत ताड़ी तक का मार्ग खराब है, उसे सही कराएं। सरैया से बोड़ी पोखरी तक का रोड खराब है उसे ठीक कराएं। साथ ही चौड़ीकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें। उन्होंने कहा कि बगरढ से जो ग्राम पंचायत के लिए रोड जाती है, उसको भी ठीक कराएं।

# प्रधान पर हुए हमले को लेकर लामबंद हुआ प्रधान संघ, एसपी को सौंपा ज्ञापन

●इटखरी के प्रधान पर तीन दिन पूर्व हुआ था जानलेवा हमला

●कार्रवाई न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता। चित्रकूट



**तीन** दिन पहले गौशाला में प्रधान के ऊपर हुए जानलेवा हमले के मामले में प्रधानों ने लामबंद दिखाई है। हमलावरों की गिरफ्तारी के साथ ही सख्त कार्रवाई व घटनाओं को रोकने के लिए एसपी को ज्ञापन देकर मांग की गई। कहा कि अगर हमलावरों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो प्रधान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

कर्वी विकासखंड के इटखरी प्रधान सुरेश कुमार व उसके जितेन्द्र को तीन दिन पहले आधा दर्जन दबंगों ने लाठियों से पीटकर धारदार हथियार से घायल कर दिया था। दोनों की हालत गंभीर होने पर प्रयागराज में इलाज चल रहा है। इधर थाना पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जिस पर प्रधान संघ पदाधिकारियों ने नाराजगी कर डीएम व एसपी के संज्ञान में मामला लाया था। इसके बाद थाना पुलिस ने कई गंभीर धाराएं बढ़ाई। सोमवार को इसी मामले में अखिल भारतीय प्रधान संगठन जिला इकाई की बैठक ब्लाक सभागार में जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ल की अगुवाई में हुई। जिसमें तय हुआ कि इस मामले को लेकर प्रधान चुप रहने वाले नहीं है। क्योंकि हमलावरों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो इस तरह आए दिन घटनाएं होंगी। प्रधान गांवों में इन अराजक तत्वों की वजह से काम भी नहीं कर पाएंगे। बैठक के बाद प्रधानों ने एसपी से मुलाकात कर तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और घटना की पूरी जानकारी दी। कहा कि नामजद आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर पीड़ित प्रधान को सुरक्षा प्रदान की जाए। सभी आरोपितों पर गुंडा एक्ट लगाया जाए। एसपी ने भरोसा दिया कि इस मामले में पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करेगी।

# मंडलायुक्त ने राजस्व वादों के निस्तारण की समय सीमा तय की



**उरई,** जालौन। मण्डलायुक्त आदर्श सिंह ने राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व एवं वसूली की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। उन्होंने संबंधित समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित करते हुये कहा कि धारा-80, धारा-24, धारा-116 में आवेदन प्राप्त होते ही आरसीसीएमएस पोर्टल पर प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करे, उसके बाद ही आवेदनों को निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि धारा-116 जोत विभागजन में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि धारा-80, धारा-24, धारा-116 में दायरा बढ़ना चाहियें, समस्त उप जिलाधिकारियों से 10 दिन के अन्दर प्रमाण पत्र देंगे कि सभी आवेदन आरसीसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किये जा रहे हैं। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि राजस्व वादों के निस्तारण में समय सीमा निर्धारित की गयी है, समय अवधि के अंतर्गत राजस्व वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि धारा-34, 35 के वादों में दाखिल खारिज समय सीमा के अंतर्गत नियमानुसार प्राथमिकता पर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट सेवा में जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र आदि को एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश दिये।

# भक्तों ने धूमधाम से गणेश प्रतिमाओं का किया विसर्जन



**जालौन,** उरई। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना के मनमोहक गीतों के बीच भगवान गणेश को सोमवार को धूमधाम के साथ विसर्जित किया गया। इस दौरान प्रथम पूज्य कहे जाने वाले भगवान श्रीगणेश के भक्त अपने ईष्टदेव के भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। नगर में 13 स्थानों पर और ग्रामीण क्षेत्र में 8 स्थानों पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। सात दिन तक चले पर्व में भगवान श्रीगणेश के पांडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। एक सप्ताह तक सुंबह शाम भक्तों ने भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना की। नगर के बाजार बैठगंज में मराठा समुदाय द्वारा गणेश चतुर्थी के मौके पर श्रीगणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी। कुछ जगहों पर भक्तों ने घरों में भी भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित की थी। सोमवार को तय कार्यक्रम के अनुसार भगवान श्रीगणेश के प्रतिमा को लेकर भक्त द्वारिकाधीश मंदिर पर एकत्रित हुए। जहां जुलूस की शकल में एक-एक करके सभी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए कतारबद्ध किया गया।

# ईद उल मिलादुन्नबी जुलूस रूट का धर्म गुरुओं के साथ कोतवाल ने किया भ्रमण

●भोर में निकलेगा जुलूस-ए-चिरंगा

●दोपहर ढाई बजे जुलूस-ए-मुहम्मदी निकलेगा

संवाददाता। कालपी, जालौन



**मजहबी** इस्लाम के पैगंबर हुजूर मोहम्मद की पैदाइश के अवसर पर आगामी 28 सितंबर को निकलने वाले जुलूसों की तैयारी को लेकर संचालकों, धर्मगुरुओं के साथ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर के द्वारा मीटिंग की गई तथा जुलूस के रूटों का घूम घूम कर जायजा लिया गया।

विदित हो कि पूरी दुनिया में हर जगह मुसलमान अपने प्यारे नबी की आमद पर बारहवीं शरीफ के पर्व के मौके में खूब सजावटें करके खुशियां मनाते हैं और जुलूस निकाल कर अपने नबी की शान में मोहब्बत पेश करते हैं।

मदरसा गौसिया मजीदिया के प्रबंधक हाफिज इरशाद अशरफी ने बताया कि वारहवीं शरीफ के मौके पर परंपरागत तरीके से सुबह भोर मे साढ़े 3 बजे जुलूस-ए-चिरंगा जुलैहठी चौराहा बड़ी मस्जिद के सामने से शुरु होग जो कई मोहल्ले से होता हुआ फिर वहीं 6 बजे वापस आकर समापन होगा जुलूस के आयोजक हाजी मुजीब अल्लामा है उसमें शहर के तमाम मुसलमान शरीक होते हैं। हाफिज इरशाद अशरफी ने बताया कि 28 सितम्वर दिन में 2.30 बजे से हजरत मखदूम साहब के आस्ताने (लंका के पास) से जुलूस-ए-मुहम्मदी अपनी पुरानी रिवायतों के मुताबिक उठाया जाएगा जिसका नेतृत्व मे खानकाह मुहम्मदिया के सज्जादानशीन सय्यद गयासुद्दीन मियां तथा मुफ्ती, उलमा, इमाम हाफिज वगैरह करेंगे। जो शाम को 6 बजे मगरिब की नमाज से पहले जुलूस खानकाह शरीफ पहुंच जाएगा।

## क्विक न्यूज

### डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ का चुनाव सम्पन्न



**फतेहपुर।** नहर कॉलोनी में उ.प्र. डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ का जनपदीय अधिवेशन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष प्रयागराज मनोज श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष कानपुर कमलेश कुमार की मौजूदगी में अतिथियों का माल्यार्पण, साल व मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात महासंघ के छह पदों के लिए चुनाव हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर पंकज श्रीवास्तव निर्वाचित घोषित किए गए। महासचिव पद पर देवेंद्र कुमार आर्य को विजई घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध मूलचंद यादव एवं वित्त सचिव पद पर अरविंद सिंह राजपूत, संगठन सचिव पद पर संजीव कुमार, प्रचार सचिव पद पर अर्चना वर्मा को निर्विरोध चुना गया। सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

### आरेडिका में मोजांम्बिक के प्रतिनिधिमण्डल का दौरा



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली में बनने बाले कोचों की साख केवल भारतीय रेल में नहीं है वल्कि विदेशों में भी है इनकी माँग लगातार बढ रही है। आरेडिका में बने रेल डिब्बों का विदेश में निर्यात हो रहा है। इसी हेतु आज अफ्रीकी देश मोजाम्बिक के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मण्डल ने आरेडिका का दौरा किया। इसी परिप्रेक्ष्य मेंए सीएफएम मोजांम्बिक रेलवे के श्री कारलोस इस्माइल मैम्बों के नेतृत्व में 4 अधिकारियों का प्रतिनिधि मण्डल जिसमें श्री अकीतल हैगी इब्राइमोए श्री मिलिओन फेनियास कूना चंगलाए श्री इंसियो फ्लोर कुबांना शामिल हैं ने आरेडिका का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मोजांम्बिक रेलवे के प्रतिनिधियों को कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्योंए कोचों की गुणवत्ता एवं संरक्षा संबंधी मापदंडों का विस्तृत जानकारी दी गई।

# धनराशि उपलब्ध न होने से विकास से वंचित हुई चिलौली ग्राम पंचायत, मूलभूत सुविधाओं का अभाव

●कार्यवाहक प्रधान पर 8 लाख रुपये गबन का आरोप

●प्रधान ने डीएम के यहां लगायी गुहार, मांगा न्याय

संवाददाता। कानपुर देहात



**कार्यवाहक** प्रधान पर करीब 8 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के आरोप पर डेरापुर ब्लाक की चिलौली ग्राम पंचायत के वित्तीय अधिकारों पर लगी रोक चिलौली, सुजनीपुर व गहोबा गांवों पर भारी पड़ रही है। बीते छह महीनों से विकास कार्यो के धनराशि उपलब्ध न होने से ग्राम पंचायत में पीने के पानी, गन्दगी, जलभराव, नालियों की मरम्मत, नई नालियों व सड़कों का निर्माण कार्य ठप्प पडा है जिससे ग्राम पंचायत के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। ग्राम प्रधान ने डीएम आलोक सिंह के यहां न्याय की गुहार लगायी है।

डेरापुर विकास खण्ड की चिलौली ग्राम पॅचायत के निर्वाचित प्रधान रामनरेश ने डीएम को बताया कि वह एक फर्जी मुकदमे में करीब 9 महीने तक जिला कारागार में निरुद्ध रहा। जेल में रहने के दौरान ग्राम पंचायत सदस्य देवेन्द्र कुमार पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम सुजनीपुर को कार्यवाहक ग्राम प्रधान बनाया गया है। 6 जुलाई 22 से दिनांक 1 दिसम्बर 22 तक देवेन्द्र कुमार के पास कार्यवाहक प्रधान का दायित्व रहा, जमानत मिलने के बाद मुझे दिनांक 10 मार्च 2023 को मेरे नाम से एक कारण नोटिस मिली।

जिसमें ग्राम पॅचायत में ओडीएफ प्लस के कार्यो हेतु 8 लाख रूपये से कुछ अधिक राशि क्रेडिट लिमिट में बगैर काम कराये 5 अगस्त 22 को 7 लाख 79 हजार 50 रुपये आहरित कर गम्भीर वित्तीय अनियमतता का आरोप लगाया गया। 5 अगस्त 22 को कार्यवाहक प्रधान देवेन्द्र कुमार के पास चिलौली ग्राम पंचायत का चार्ज था, देवेन्द्र के कार्यकाल में ही वित्तीय अनियमिततायें हुयी। जब मेरे पास चार्ज नहीं था तो मुझे नोटिस ही गलत जारी की गयी। इस वित्तीय अनियमितता के आरोप पर ग्राम पंचायत को बीते छह महीनों से विकास सम्बन्धी व अन्य आवश्यक कामों के लिये धनराशि उपलब्ध नहीं करायी जा रही है, धनराशि उपलब्ध न होने से गांव में विकास कार्य रूके हुये है मूलभूत आवश्यकताओं पानी के लिये लोग तरस रहे है। गांव में कार्यरत कर्मियों को वेतन भी नहीं उपलब्ध हो पा रहा है।

### प्रधान को प्रताड़ित किया जाना विधि विरुद्धः अधिवक्ता

**कानपुर देहात।** विधि विशेषज्ञ व वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि प्रधान रामनरेश के जेल में रहने के दौरान देवेन्द्र कुमार के पास कार्यवाहक प्रधान का चार्ज था, देवेन्द्र कुमार के चार्ज में रहने के दौरान ही वित्तीय अनियमितता के आरोप का नोटिस जारी हुआ है। जब चार्ज में कार्यवाहक प्रधान के तौर पर देवेन्द्र कुमार थे तो प्रधान रामनरेश के विरूद्ध नोटिस जारी किया विधि विरूद्ध है तथा मानवीय प्रताड़ना के तहत मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

# कलयुगी बेटे ने माता-पिता पर किया बांके से घातक हमला, मां की मौत

●बेटे की नशे की लत छुड़ाने का प्रयास पड़ा महंगा

●पिता गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

●पुलिस ने आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के तुराबअली का पुरवा निवासी ननकू पासवान (55) और उनकी 52 वर्षीय पत्नी जमुना देवी अपनी चार बेटियों की शादी करने के बाद से अपने इकलौते बेटे महेश के साथ घर मे रह रहे थे। बताया जा रहा है कि बेटा नशे का आदी है। नशे की लत को छुड़वाने के लिए दंपति आगरा में बेटे का इलाज करा रहे थे। जहां आरोपी का करीब छह महीने तक इलाज चला लेकिन नशे की लत में कोई सुधार न हुआ।

इस पर सोमवार को इलाज कराने के लिए उसे नागपुर ले जाने की तैयारी में थे। देर रात इसी बात को लेकर माता-पिता और बेटे के बीच विवाद होने लगा। इस दौरान महेश ने मां पर धारदार बांका से ताबड़तोड़ कई वार कर दिये। यह देख पिता बीच बचाव के लिए दौड़कर पहुंचा तो आरोपी महेश ने उन पर भी हमला बोल दिया। हमले में माँ की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया।

पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर पूंछतांछ कर रही है। कोतवाली प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी मानसिक रूप से बीमार है। उसका इलाज चल रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# सूफी संत हजरत मुख्तार निजामी के उर्स में धूमधाम से निकाली गई चादर



**मौदहा,** हमीरपुर। प्रसिद्ध सूफी संत हजरत मुख्तार निजामी बाबा के चार दिवसीय सालाना उर्स के मौके पर धूमधाम से चादर निकाली गई और हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने लंगर छका। कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत मुखूतार अहमद निजामी बाबा का चार दिवसीय सालाना उर्स मुबारक धूमधाम से मनाया जा रहा है। उर्स में सोमवार को सुबह बाबा के सज्जादानशीन गफ्फार निजामी के मकान से धूमधाम के साथ चादर निकाली गई मोहाल भ्रमण के बाद आस्ताने में पेश की गई। इसके बाद दिन में 11 बजे फातहा हुई और लंगर का सिलसिला शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता रहा। वहीं असर की नमाज के बाद बाबा के पैतृक मकान से कदीमी चादर निकाली गई जो मोहल्ला हुसैनगंज, कमराहा से भ्रमण करते हुए आस्ताने पहुंची और चादरपोशी की गई, जिसके बाद रात में शानदार कव्वालियों का आयोजन किया गया। जिसमें फिरोजाबाद से आए प्रसिद्ध कव्वाल अनस चिश्ती के अपनी कव्वालियों से महफिल में चार चांद लगा दिए। वहीं उर्फमें लगे झूले एवं दुकानो पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हुई जो आकर्षक का केन्द्र बनी रही। उर्स के मौके पर कमेटी द्वारा बाबा के दर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। आज भी आस्ताने में लंगर एवं कव्वालियों का आयोजन होगा।

# भाजपा की सरकारों में गुण्डागर्दी व अराजकता से मिली राहतः सांगा



**रूरा,** कानपुर देहात। रविवार की रात्रि को देवदर्शन कार्यक्रम के तहत रूरा पधारे भाजपा बिठूर विधायक व अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रबल दावेदार बनकर उभरे अभिजीत सांगा ने समापन के दौरान भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं की तारीफ करते हुये बताया कि सीएम योगी व मोदी की जुगलबन्दी से उत्तरप्रदेश अराजकता व गुण्डागर्दी से मुक्त हो विकास की राह पकड चुका है। भारी संख्या में वाहनो के साथ शारदा गेस्ट हाउस में पहुँचे बिठूर विधायक का सरॉय ग्राम प्रधान तेजेन्द्र सिंह सहित अन्य लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

लोकसभा चुनावों से पूर्व भाजपा में दावेदारों ने अपनी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। देवदर्शन कार्यक्रम के तहत रविवार को रूरा-डेरापुर रोड के किशुनपुर गांव के पास स्थित शारदा गेस्ट हाउस में अपने सम्बोधन में अकबरपुर लोकसभा सीट से भाजपा की टिकट के प्रबल दावेदार बिठूर विधायक अभिजीत सांगा अपने स्वागत से अभिभूत हो उठे, अपने सम्बोधन ने प्रदेश व केन्द्र की भाजपा सरकारों के काम काज गिनाते हुये उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। आज सम्मान के साथ विश्व के सभी ताकतवर देश हमारी बात गम्भीरता के साथ सुनते हैं।

# अग्रहरि समाज की कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**फतेहपुर।** अग्रहरि समाज की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शहर के आईटीआई रोड स्थित पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्त के आवास पर आयोजित हुआ। जिसमें नवमनोनीत कार्यकारिणी के साथ-साथ संरक्षक मंडल के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं अग्रहरि समाज के संरक्षक राधेश्याम गुप्त ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री कुल भास्कर अग्रहरि ने हिस्सा लिया। जिले के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष अमृतलाल अग्रहरि एवं प्रेमचंद्र अग्रहरि भी उपस्थित रहे। साथ ही नगर संरक्षक राजेश कुमार गुप्त व ओम प्रकाश गुप्त, वेद प्रकाश गुप्त के संरक्षता में जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यकारिणी के विविध पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चेयरमैन रामजी गुप्ता ने किया अंडरपास का निरीक्षण, जल्द शुरू होगा आवागमन



**रूरा,** कानपुर देहात। बहुप्रतीक्षित मिनी अंडरपास से लोगों ने पैदल सहित दोपहिया वाहनों से आवागमन शुरू कर दिया है। अण्डरपास में अब मामूली काम ही बाकी बचे है, शीघ्र ही उच्चाधिकारियों के निरीक्षण पर अंडरपास को हरी झंडी मिलने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। पश्चिमी केबिन को बन्द करने की कवायद पर पैदल यात्रियों व दोपहियावाहन सवारों के लिये युद्ध स्तर पर किये गये निर्माण कार्य से अण्डरपास का काम लगभग पूरा हो गया है।

उच्चाधिकारियों के निरीक्षण पर हरी झण्डी मिलने पर विधिवत दोपहिया वाहन सवारों व पैदल यात्रियों के लिये इसे शीघ्र ही चालू किये जाने की संभावना है। नगर पॅचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने सोमवार को अण्डरपास का निरीक्षण किया तथा कमी पाये जाने पर शीघ्र ही सुधार किये जाने के निर्देश दिये। हलॉकि पैदल यात्रियों व दोपहिया वाहन सवारों ने ट्रायल कर अण्डरपास के निर्माण की गुणवत्ता परखी। सोमवार को काफी संख्या में स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों ने अण्डरपास के निर्माण की गतिविधियां देखी तथा निर्माण कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। चैयरमैन रामजी गुप्ता ने बताया कि अंडरपास में कुछ ही काम शेष है, उच्चाधिकारियों व अभियन्ताओं के निरीक्षण के बाद शीघ्र ही इसके चालू होने की संभावना है।

# आशारानी कबीर कोली समाज महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**हमीरपुर।** अखिल भारतीय कोली समाज नई दिल्ली की सस्तुति पर नगर पंचायत कुरारा की चेयरमैन श्रीमती आशारानी कबीर को उतर प्रदेश के महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है इस से नगर में समाज के लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है,संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भगवानदास शंखवार ने चेयरमैन श्री मती आशा रानी कबीर को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर हरनारायण अनुरागी बेरी, सुरेंद्र कबीर, अतुल कबीर सभासद ,राजा राम वर्मा,जागेश्वर, हरिशंकर कुटार,मीना कबीर, रानी कबीर, रचना अनुरागी,संपत,ममता,कंचन ,सुनीता आदि सहित समाज के लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सेंट मैरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने समझाई चंद्रयान-3 की कार्यप्रणाली



**बांदा।** बांदा में सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेंट मैरी के छात्र-छात्राओं ने एक बड़ा सेमिनार आयोजित किया। इसरो द्वारा चंद्रयान तृतीय की सफलता के बाद इंटर के छात्र-छात्राओं ने चार भागों में बांट कर बेहतरीन तरीके से डेमोंसट्रेशन किया और विक्रम लैंडर रोवर कैसे पहुंच कर कार्य कर रहा है। बताते चलें कि इसमें हमारे देश के वैज्ञानिकों ने जो पूरी दुनिया नहीं कर पाई उसको कर दिखाया। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा तथा इसरो के छोटे से लेकर बड़े कर्मचारी अधिकारी की मेहनत का असर है जबकि जब चंद्रयान-2 असफल हो गया था उस समय भी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसरो के मुख्य वैज्ञानिक को दिलासा दिया था और कहा था फिर प्रयास करो सफलता जरूर मिलेगी। इस सेमिनार को ऑर्गेनाइजर सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल वेनसेन्ट अल्बर्ट थे , चीफ गेस्ट एवं चेयरपर्सन यहां के डॉक्टर रफीक डॉक्टर शबाना रफीक थे। यह विद्यालय मिशन का है इन्होंने बहुत अच्छे तरीके से चंद्रयान-3 का डेमोंसट्रेशन किया इसको बच्चा-बच्चा और उनके पैरेंट्स ठीक से समझ पाए कि आखिर चंद्रयान 3 क्या है और यह क्यों भेजा गया था और यह चंद्रमा में जाकर किस तरह की पिक्करें भेज रहा है क्या-क्या खोज रहा है किस-किस चीजों की संभावना है आदि का लगातार अध्ययन कर रहा है।

# जयशंकर ने विभिन्न विदेश मंत्रियों के साथ जी-20 पर की चर्चा

भाषा। न्यूयार्क

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने रविवार को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सत्र से इतर विभिन्न देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की और उनके साथ बहुपक्षवाद में सुधार एवं जी20 में सहयोग को लेकर चर्चा की। जयशंकर ने मेक्सिको, बोस्निया एवं हर्जेगोविना और आर्मीनिया के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। जयशंकर ने कहा कि मेक्सिको की विदेश मंत्री एलिसिया बार्सेना से मिलकर उन्हें वाकई खुशी हुई। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमने व्यापार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और पारंपरिक चिकित्सा पर केंद्रित हमारी विशेष साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। बहुपक्षवाद को बेहतर बनाने और जी20 में साथ मिलकर काम करने को लेकर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। उन्होंने बोस्निया एवं हर्जेगोविना के विदेश मंत्री एल्मेडिन कोनाकोविच से भी मुलाकात की और व्यापार एवं अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।जयशंकर ने कोनाकोविच के साथ बैठक को अच्छा बताया और कहा, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने पर चर्चा की। जयशंकर ने आर्मीनिया के अपने समकक्ष अरारत मिर्जोयान से मुलाकात की। उन्होंने एक पोस्ट में कहा, हमने दोनों देशों के मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की पुष्टि की। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस से सोमवार को मुलाकात करेंगे।



## विदेश मंत्री जयशंकर ने संरा महसभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस से की मुलाकात

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने सोमवार को यहां संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस से मुलाकात की। जयशंकर ने पिछले सप्ताह शुक्रवार को अमेरिका के अपने नौ दिवसीय दौरे की शुरुआत की थी। जयशंकर मुख्य रूप से न्यूयॉर्क में संरा महासभा (यूएनजीए) के वार्षिक सत्र में शामिल होने और ग्लोबल साउथ पर एक विशेष सम्मेलन के आयोजन के लिए यहां पहुंचे थे।जयशंकर ने संरा मुख्यालय में फ्रांसिस से मुलाकात की और पिछले शनिवार को न्यूयॉर्क में संरा महासभा के 78वें सत्र से इतर आयोजित विशेष सम्मेलन इंडिया-यूएन फॉर ग्लोबल साउथ : डिलीवरिंग फॉर डेवलपमेंट में उपस्थिति के लिए महासभा अध्यक्ष को धन्यवाद दिया।

# सतत विकास लक्ष्य की दिशा में भारत की यात्रा प्रतिबद्धता, कौशल का प्रेरक उदाहरण है: कंबोज

**न्यूयॉर्क ( अमेरिका )।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत ने कहा है कि भारत की अध्यक्षता में जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन में सतत विकास लक्ष्य को आगे और केंद्र में रखा गया और उसके क्रियान्वयन में तेजी लाने की देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। राजदूत ने इस बात पर जोर दिया कि सतत विकास लक्ष्य की दिशा में भारत की यात्रा प्रतिबद्धता और कौशल का प्रेरक उदाहरण है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र से इतर इंडिया राउंडटेबल : डिलिवरिंग डेवलपमेंट : जर्नीज, डाइरेक्शंस एंड लाइटहाउसेज़ विषय पर आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि सतत विकास लक्ष्य के क्रियान्वयन में तेजी लाने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता बेहद स्पष्ट है। कंबोज ने कहा, सतत विकास लक्ष्य की दिशा में भारत की यात्रा प्रतिबद्धता और कौशल का प्रेरक उदाहरण है। हम चुनौतीपूर्ण पथ पर अग्रसर हैं। आइए, हम सितंबर 2023 में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में की गई प्रतिबद्धता से शक्ति हासिल करें। यहीं पर हमारे सामूहिक संकल्प की फिर से पुष्टि होती है और सतत विकास लक्ष्य के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए हमारा संकल्प स्पष्ट है। कार्यक्रम का आयोजन ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन, संयुक्त राष्ट्र भारत और रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से किया था। अपने संबोधन में कंबोज ने इन चिंताओं को रेखांकित किया कि सतत विकास लक्ष्य प्रगति रिपोर्ट यह दर्शाती है कि सतत विकास लक्ष्य का केवल 12 प्रतिशत ही पटरी पर है, 50 प्रतिशत पर प्रगति कमजोर और अपर्याप्त है और सबसे बुरी स्थिति यह है कि दुनिया 30 प्रतिशत से अधिक सतत विकास लक्ष्य पर या तो रुक गई है या उससे पलट गई है। कंबोज ने कहा कि चार साल पहले की तुलना में, अत्यंत गरीबी में गुजर-बसर कर रहे लोगों की संख्या आज अत्यधिक है, सभी देशों में से सिर्फ 30 प्रतिशत लोग ही 2030 तक गरीबी मुक्त होने के सतत विकास लक्ष्य एक को प्राप्त कर सकेंगे।

## क्विक न्यूज

### भारतीय मूल के व्यक्ति ने बेटे की मौत के बाद मरीजों के अधिकारों को लेकर एक अभियान शुरू किया

**लंदन।** लंदन मे भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने चिकित्सकों की कथित लापरवाहियो के कारण बेटे की मौत के बाद मरीजो के अधिकारों की वकालत के लिए एक परमार्थ फाउंडेशन की शुरुआत की। भारतीय मूल के व्यक्ति जय पटेल के 30-वर्षीय बेटे बलराम की लंदन के एक अस्पताल में खराब उपचार तथा उचित देखभाल के आभाव मे मौत हो गई थी। इसके बाद जय पटेल ने इस माह पेशेंट्स लाइव्स मैटर का पंजीकरण कराया। पटेल ने नए फाउंडेशन के लिए जारी बयान में कहा, बलराम की जब मौत हुई, वह काफी पीड़ा में था और बहुत परेशान था। गंभीर खामियो तथा चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियो की ओर से उचित उपचार एवं देखभाल न मिलने के कारण समय से पूर्व उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बयान में कहा, हमारा दृढ़ता से मानना है कि सरकार घटना के बाद इस दिशा में विचार करने के लिए कदम उठा रही है कि मरीज की देखभाला अथवा मरीज के उपचार में कहां गलती हुई। हालांकि घटना के समय कमियो को सुधारने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि रोगी को कम या कोई नुकसान न हो, कोई खास उपाय नही थे।

### ब्रिटेन में भारतीय मूल के बुजुर्ग की सड़क दुर्घटना में मौत दोषियों का पता बताने पर इनाम की पेशकश

**लंदन।** स्कॉटलैंड यार्ड ने पिछले साल लंदन में भारतीय मूल के 80 वर्षीय बुजुर्ग की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने में जासूसों की मदद करने वाली जानकारी देने वाले को 20,000 ब्रिटिश पाउंड का इनाम देने की सोमवार को घोषणा की। भगवानजी स्थानी की चार सितंबर 2022 को उत्तरी लंदन के बार्नेट में एक सुपरमार्केट के पार्किंग क्षेत्र में एक सफेद वैन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि अपराध के खिलाफ आवाज उठाने वाली स्वतंत्र चैरिटी क्राइमस्टॉपर्स ने हादसे के दोषियों का पता लगाने में मदद करने वाले को इनाम देने की पेशकश की है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस की सड़क एवं परिवहन पुलिसिंग कमान के डिटेक्टिव कॉन्सटेबल जोनाथन स्टोक्स ने कहा, इस दुखद घटना को अब एक साल से अधिक समय बीत गया है और स्थानी का परिवार एवं दोस्त उनकी मौत से टूट गए है। स्टोक्स मामले की जांच का नेतृत्व कर रहे है। उन्होंने कहा, 20,000 ब्रिटिश पाउंड का इनाम उस व्यक्ति को दिया जाएगा, जो क्राइमस्टॉपर्स को ऐसी जानकारी प्रदान कर सकता है, जिससे दोषी लोगो की गिरफ्तारी हो सके और उन्हें सजा दी जा सके।

### उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के नेता को ऐसा शख्स बताया जिसके दिमाग में कचरा भरा है

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने रूस के साथ सैन्य संबंध पर उसे चेतावनी देने को लेकर सोमवार को दक्षिण कोरिया की निंदा की और देश के राष्ट्रपति यूं सुक एओल को एक ऐसा शख्स बताया जिसके दिमाग में कचरा भरा है , साथ ही उन्हें कूटनीति के मामले में मूर्ख भी कहा। पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूं ने कहा था कि अगर उत्तर कोरिया और रूस हथियार समझौता करते है और उससे दक्षिण कोरिया को खतरा पैदा होता है तो वह शांत नही बैठेंगे। इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात तथा अहम सैन्य स्थलों की यात्रा के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस यात्रा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता जताई गई थी और आशंका जताई जा रही थी कि यूक्रेन के साथ युद्ध के कारण खत्म हुई रूस की पारंपरिक हथियारों के भंडार को फिर से भरने के बदले में उत्तर कोरिया रूस पर परिष्कृत परमाणु और हथियार प्रौद्योगिकियों को प्राप्त करने के लिए दबाव डाल सकता है। उत्तर कोरिया के आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा, कठपुतली विश्वासघाती यूं सुक एओल ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में (उत्तर कोरिया) रूस के बीच संबंधों को बदनाम किया।

### पाकिस्तान : इमरान खान को उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पंजाब प्रांत की अटक जेल से रावलपिंडी शहर में स्थित उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में स्थानांतरित करने का सोमवार को आदेश दिया। मीडिया में आई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अगस्त में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में याचिका दायर कर खान की समृद्ध पारिवारिक पृष्ठभूमि, सामाजिक और राजनीतिक रुतबे को ध्यान में रखते हुए उन्हें अदियाला जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था, जहां ए श्रेणी की सुविधाएं उपलब्ध है। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने कहा, पीटीआई चेयरमैन को अदियाला जेल में स्थानांतरित करें। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, इस मामले में अभी लिखित आदेश जारी नही हुआ है। खान की पार्टी ने कहा, आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश ने पीटीआई चेयरमैन इमरान खान को अटक जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने सुनवाई की अध्यक्षता की, जबकि खान के वकील शेर अफजल मारवत और सरकार की तरफ से अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल मुनव्वर इकबाल ने अदालत में दलीलें पेश की।

### फिलीपीन ने विवादित झील में तैरते चीनी अवरोधकों को हटाने का संकल्प लिया

**मनीला।** फिलीपीन के अधिकारियों ने दक्षिण चीन सागर से जुड़ी विवादित झील में चीनी तटरक्षक बल की ओर से लगाए गए तैरते अवरोधकों को हटाने का संकल्प लिया है। मछली पकड़ने वाली फिलीपीनी नौकाओं को झील में प्रवेश करने से रोकने के लिए चीन ने ए अवरोधक लगाए हैं। फिलीपीन के अधिकारियो ने कहा कि स्कारबोरो तट पर लैगून झील के प्रवेश द्वार पर 300 मीटर (980 फुट) लंबा अवरोधक अवैध और अनुचित है। फिलीपीन का मछली पकड़ने वाला जहाज शुक्रवार को जब जा रहा था तो चीनी तटरक्षक बल के पोतो ने अवरोधक लगा दिया। फिलीपीन के तट रक्षक बल ने कहा कि उस समय 50 से अधिक मछली पकड़ने वाली फिलीपीनी नावे तट के बाहर थी। फिलीपीन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एडुअर्डो एनो ने कहा, हम चीनी तट रक्षक द्वारा तैरते अवरोधक लगाने की निंदा करते है। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना द्वारा अवरोधक लगाना हमारे मछुआरों के मछली पकड़ने के पारंपरिक अधिकारों का उल्लंघन है। एनो ने कहा कि फिलीपीन इलाके में अवरोधकों को हटाने और अपने मछुआरों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए सभी उचित कदम उठाएगा। बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि तट और इसके पास स्थित झील चीन का आंतरिक क्षेत्र है जिस पर बीजिंग की संप्रभुता विवाद से परे है।

### अभिनेत्री सोफिया लॉरेन घर में गिरी, आपात सर्जरी

**लॉस एंजिलिस।** स्विट्जरलैंड मे अपने घर मे गिरने के कारण कई फ्रैक्चर होने के बाद मशहूर इतालवी अभिनेत्री सोफिया लॉरेन की रविवार को आपात सर्जरी की गई। लॉरेन के एक करीबी सूत्र ने मनोरंजन वेबसाइट द हॉलीवुड रिपोर्टर को बताया कि अभिनेत्री अपने बाथरूम में गिर गई थी, जिससे उनके कूल्हे में कई फ्रैक्चर हो गए और उनकी जांघ की हड्डी में गंभीर फ्रैक्चर हुआ, जिसके लिए सर्जरी की जरूरत पड़ी। वह 20 सितंबर को 89 साल की हुई है। सूत्र के अनुसार, ऑपरेशन सफल रहा है। उन्होने बताया कि अभिनेत्री के बेटे कार्लो और एडोआर्डो अस्पताल मे उनके साथ है। लॉरेन के गिरने की खबर उस रेस्तरां से मिली, जिसका वह 26 सितंबर को इटली के शहर बारी में उद्घाटन करने वाली थी। यह उनके नाम का चौथा रेस्तरां है।उन्हें शहर की मानद नागरिकता भी मिलने वाली थी, लेकिन दुर्घटना के बाद निकट भविष्य मे होने वाले उनके सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए है।लॉरेन आखिरी बार दो सितंबर को वेनिस मे 80वें वेनिस फिल्म महोत्सव के दौरान आयोजित अरमानी फैशन शो में सार्वजनिक रूप से दिखाई दी थी।

### ड्रोन की एक आधुनिक सेना तैयार कर रहा है यूक्रेन

**लुहांस्क** यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को 19 महीने होने को आए है और अब यूक्रेन सरकार अपनी ड्रोन युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए एक अरब डॉलर से अधिक खर्च करने की योजना बना रही है। लड़ाई के दौरान ड्रोन का इस्तेमाल कई मायनो मे बेहतर साबित होता है। चाहे खुफिया जानकारी लेने के लिए हो या बम गिराने के लिए, ड्रोन किफायती है और सैनिकों की जान बचाने वाले साबित हुए है। इसके अलावा ड्रोन पारंपरिक गोला बारूद की तुलना मे अधिक सटीक है। साथ ही इसका प्रभाव बेहद ज्यादा है मसलन युद्ध क्षेत्र की वास्तविक जानकारी,टैंक और पोतों को तबाह करने और रूस को रोकने में ए कारगर साबित हुए है। यूक्रेन के डिजिटल ट्रांस्फॉर्मेशन मंत्री मिखाइलो फेडरोव का कहना है कि सरकार अत्याधुनिक ड्रोन की सेना तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसका महत्व इस साल के अंत तक स्पष्ट हो जाएगा। उन्होने कहा कि इस साल 10,000 से अधिक नए ड्रोन पायलट प्रशिक्षित किए जा चुके है। फेडरोव ने कहा, जल्द ही युद्ध का एक नया चरण शुरू होगा। दूसरी ओर रूसी सेना भी ड्रोन के इस्तेमाल को बढ़ाने पर विचार कर रही है। 2021 मे यूक्रेन पर आक्रमण से पहले ही रूस ने तेजी से ड्रोन निर्माण शुरू किया था लेकिन अधिकारियो का मानना है कि यह पर्याप्त नही है। यूक्रेन भी तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### ताइवान फैक्टरी आग: मृतक संख्या नौ हुई, एक लापता

**ताइपे।** ताइवान की गोल्फ बॉल निर्माण फैक्टरी में आग लगने की घटना के बाद फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने खुलासा किया कि एक दिन पहले मिली कुछ हड्डियां इंसान की नही है जिससे घटना मे मारे गए लोगो की संख्या घटकर अब नौ हो गई है जबकि एक व्यक्ति अब भी लापता है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। शुक्रवार रात को लगी आग मे चार दमकलकर्मियो समेत नौ लोगो की मौत हो गई। संयंत्र का संचालक लॉन्च टेक्नोलॉजीज को. गोल्फ बॉल का बड़ा वैश्विक आपूर्तिकर्ता है। अधिकारियो ने इससे पहले रिपोर्ट दी थी कि रविवार सुबह दो लोगो के अवशेष मिलने और दोपहर में तीसरे व्यक्ति का अवशेष मिलने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 10 हो गई थी। लेकिन जांच मे सुबह मिले दो अवशेषो मे से एक की मानव कंकाल होने की पुष्टि नही हुई थी। ताइवान की सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने पिंगटुंग काउंटी के दमकल अधिकारी के हवाले से कहा कि शुक्रवार शाम छह बजकर 10 मिनट पर विस्फोट होने से भवन का हिस्सा ढह गया, जिससे दमकलकर्मी और कर्मचारी मलबे में दब गए। इसके 20 मिनट बाद दूसरा विस्फोट हुआ।

### सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद से लापता पाकिस्तानी यूट्यूबर घर लौटा: पुलिस

**लाहौर-इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद नौ मई को हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनो के बाद से लापता विवादास्पद पाकिस्तानी प्रस्तोता (एंकर) और यूट्यूबर इमरान रियाज खान सुरक्षित घर लौट आए है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।यूट्यूब पर रियाज (47) के 30 लाख से अधिक फॉलोअर है। भ्रष्टाचार के आरोप मे नौ मई को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद देश भर मे हुए हिंसक प्रदर्शनो के दो दिन बाद यूट्यूबर को कथित रूप से गिरफ्तार किया गया था। माना जा रहा है कि प्रस्तोता पिछले चार महीने से खुफिया एजेंसियो की हिरासत में थे।

### अजरबैजान के नागोर्नो-काराबाख से हजारों लोगों का पलायन

**एरेवान (आर्मेनिया)।** अजरबैजान की सेना द्वारा नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने के बाद हजारों आर्मेनियाई लोग वहां से पलायन कर रहे है। इस बीच, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयप एर्दोआन अपने सहयोगी देश को समर्थन देने के लिए सोमवार को अजरबैजान का दौरा करने वाले है। अजरबैजान की सेना ने पिछले हफ्ते 24 घंटे के अभियान में आर्मेनियाई सेना को हरा दिया। इसके बाद अलगाववादी नेता हथियार डालने के लिए मजबूर हो गए। वे नागोर्नो-काराबाख के अजरबैजान के साथ "पुनः एकीकरण" को लेकर बातचीत शुरू करने के लिए भी सहमत हो गए है। नागोर्नो-काराबाख मे तीन दशक से अलगाववादियो का शासन था। पिछले सप्ताह की शुरुआती बैठक के बाद अजरबैजान के अधिकारियों और अलगाववादी प्रतिनिधियो के बीच खोजाली मे मंगलवार को दूसरे दौर की वार्ता शुरू हुई थी।

### कनाडा के स्पीकर ने नाजियों के लिए लड़ने वाले व्यक्ति का सम्मान करने पर माफी मांगी

**टोरंटो।** कनाडा के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमंस के स्पीकर ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजी सैन्य इकाई की ओर से लड़ाई लड़ने वाले व्यक्ति का सम्मान करने के लिए माफी मांगी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को निचले सदन को संबोधित किया था। इस दौरान स्पीकर एंथनी रोटा ने जब 98 वर्षीय यारोस्लाव हुंका की ओर ध्यान आकर्षित कराया तो सांसदो ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। रोटा ने हुंका को फर्स्ट यूक्रेनियन डिविजन के लिए लड़ाई लड़ने वाला युद्ध नायक करार दिया। रोटा ने रविवार को एक बयान में कहा, यूक्रेन के राष्ट्रपति के संबोधन के बाद अपनी टिप्पणी मे मैने संसद दीर्घा मे एक व्यक्ति की चर्चा की थी। बाद में मुझे उस व्यक्ति के बारे और जानकारी मिली जिसके बाद मुझे अपने फैसले पर अफसोस हुआ।

### नई वीजा मुक्त नीति के तहत थाईलैंड ने चीनी सैलानियों का स्वागत किया

**बैंकॉक** कोरोना वायरस महामारी के कारण बुरी तरह तबाह हो चुके थाईलैंड के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए वीजा-मुक्त प्रवेश कार्यक्रम के तहत सोमवार को शीर्ष थाई अधिकारियो ने बैंकॉक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों चीनी सैलानियो का स्वागत किया। अधिकारियो का कहना है कि इस नीति से पर्यटन उद्योग मे नई जान आ जाएगी। थाईलैंड के पर्यटन मंत्री एवं अन्य अतिविशिष्ट व्यक्तियो ने शंघाई से आए करीब 300 पर्यटकों का स्वागत किया और प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने उन्हे उपहार दिए तथा उनके साथ तस्वीरे खिंचवाईं। हैरान पर्यटकों का सुवर्णभूमि हवाई अड्डे के भीतर थाई पारंपरिक नर्तकों एवं ढोलवादकों ने स्वागत किया।

# कनाडा के रक्षा मंत्री ने भारत के कदम उठाने पर चिंता जताई



भाषा। टोरंटो

**कनाडा के** रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने कनाडाई लोगों के लिए वीजा सेवाओं के निलंबन समेत भारत द्वारा उठाए गए अन्य कदमों पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने भारत से एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या की जांच में पूरा सहयोग करने, सच्चाई को उजागर करने और इस मामले को उचित तरीके से हल करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर (45) की हत्या में भारतीय एजेंटों का हाथ होने की आशंका जताई थी, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कनाडा के राजनयिक को निष्कासित कर दिया। इससे पहले कनाडा ने भारतीय राजनयिक को निकाल दिया था। ब्लेयर ने रविवार को सीबीसी न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा, हमें विश्वास है कि हमारे पास बहुत विश्वसनीय खुफिया जानकारी है जिससे हम बहुत चिंतित हैं और आरसीएमपी (रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस) ने अब जांच शुरू कर दी है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भारत की ओर से उठाए गए कुछ कदमों को लेकर चिंतित हैं। इसके जवाब में ब्लेयर ने कहा, "मैं उन कदमों के बारे में चिंतित हूं जिसे वे उठा रहे हैं क्योंकि हमारे देश में एक बहुत महत्वपूर्ण भारतीय-कनाडाई आबादी रहती है। ए लोग परिवार, कारोबार तथा अन्य कारणों से भारत से जुड़े हुए हैं। हमें और भारत सरकार को सच्चाई का पता लगाकर इस मसले को उचित तरीके से हल करना चाहिए। हमने भारत में अपने सहयोगियों से एकमात्र अनुरोध यह किया है कि वे उस जांच में पूरा सहयोग करें क्योंकि इसका परिणाम बहुत महत्वपूर्ण है। ट्रूडो ने शुक्रवार को कहा था कि कनाडा ने निज्जर की हत्या पर कई सप्ताह पहले सबूत भारत के साथ साझा किए थे और वह चाहता है कि नई दिल्ली तथ्यों को स्थापित करने के लिए ओटावा के साथ रचनात्मक रूप से काम करे। कनाडा द्वारा इस मामले में भारत से कोई जानकारी साझा करने के बारे में पूछे जाने पर दिल्ली में भारीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा, कनाडा द्वारा इस मामले में तब या उससे पहले या बाद में कोई विशेष जानकारी साझा नहीं की गई है।

## कनाडा ने यात्रा परामर्श अपडेट किया, भारत में अपने नागरिकों से सतर्क रहने और सावधानी बरतने को कहा

**टोरंटो।** कनाडा ने भारत में अपने नागरिकों के लिए यात्रा परामर्श को अद्यतन किया है और उनसे हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में सतर्क रहने और सावधानी बरतने को कहा है, क्योंकि सोशल मीडिया पर कनाडा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आह्वान और कुछ नकारात्मक भावनाएं जारी हैं। ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को 45 वर्षीय खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय जासूसों की संभावित संलिप्तता के संबंध में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के अति गंभीर आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने इन आरोपों को बेतुका और (दुर्भावना से) प्रेरित कहकर खारिज कर दिया और इस मामले पर एक भारतीय राजनयिक के निष्कासन की जवाबी कार्वाई में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया। कनाडा सरकार ने रविवार को एक अपडेट में कहा, कनाडा और भारत में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, विरोध प्रदर्शन के आह्वान और सोशल मीडिया पर कनाडा के प्रति कुछ नकारात्मक भावनाएं हैं। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें। ग्लोबल न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला भारत की ओर से कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों और छात्रों के लिए इसी तरह का परामर्श जारी करने तथा पिछले सप्ताह के अंत में वीजा सेवाओं को रोकने के बाद आया है।

# रूस ने ओडेसा प्रांत पर मिसाइल हमला किया, बंदरगाह को नुकसान

भाषा। कीव

**रूस** ने ओडेसा प्रांत पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया जिससे बंदरगाह, अनाज गोदाम और एक खाली पड़े होटल को नुकसान पहुंचा। इस हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। यूक्रेनी अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि उसने रविवार रात को सभी हमलावर ड्रोन को नष्ट कर दिया, लेकिन एक मिसाइल और एक ड्रोन ने ओडेसा में ढांचे को नुकसान पहुंचाया। रूस-यूक्रेन का युद्ध रविवार को 20वें महीने में प्रवेश कर गया। रूस ने पिछले दिनों के दौरान ओडेसा में बंदरगाह और अनाज भंडारण सुविधाओं को लगातार निशाना बनाया है। रूसी बलों ने यूक्रेन के दक्षिणी हिस्से में खेरसोन में बमबारी की, जिससे एक स्कूल, एक कारखाना और रिहायशी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं, बेरिस्लाव में किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हुए हैं। दोनेत्स्क क्षेत्र के पूर्वी हिस्से में रूसी बलों ने 10 शहरों और गांवों के रिहायशी क्षेत्रों पर हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई।

# अमेरिका चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में बाइडन ट्रंप से 10 अंक पीछे



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** मीडिया संस्थानों के नए चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों के अनुसार, 2024 में होने वाले आम चुनावों में लोकप्रियता के मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पीछे हैं। वॉशिंगटन पोस्ट और एबीसी न्यूज के सर्वेक्षण के परिणामों में यह दावा किया गया है। सर्वेक्षण के अनुसार, ट्रंप को 51 और बाइडन को 42 अंक मिले हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने के दावेदारों में ट्रंप अपने प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे हैं। रिपब्लिकन पार्टी की नामांकन प्रक्रिया जनवरी में न्यू हैम्पशायर प्राइमरी और आयोवा कॉकस से आधिकारिक रूप से आरंभ होगी। रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने के अन्य दावेदारों में से साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निकी हेली और उद्यमी विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता हालिया सप्ताह में बढ़ी है। इसके बावजूद ट्रंप उनसे बहुत आगे हैं और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनके पार्टी का उम्मीदवार बनने की पूरी संभावना है।

# प्रचंड की बीजिंग यात्रा के दौरान नेपाल, चीन ने 12 समझौतों पर हस्ताक्षर किए

**बीजिंग-काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की बीजिंग यात्रा के दौरान सोमवार को चीन और नेपाल ने व्यापार, सड़क संपर्क और सूचना प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए सात समझौता ज्ञापन सहित 12 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और प्रधानमंत्री प्रचंड ने बीजिंग में व्यापक वार्ता की। बीजिंग में नेपाल दूतावास द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की और दोनों देशों के बीच मौजूदा घनिष्ठ एवं सौहार्दपूर्ण संबंधों पर संतोष व्यक्त किया। इसमें कहा गया है कि दोनों पक्षों ने आपसी समझ



व सहयोग को और मजबूत करने तथा अर्थव्यवस्था, व्यापार और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को नई गति देने के तौर तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। नेपाली दूतावास ने कहा कि द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच 12 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। नेपाल के प्रधानमंत्री ने नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के अध्यक्ष झाओ लेजी से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने नेपाल और चीन के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और व्यापक बनाने तथा उच्च स्तरीय यात्राओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। प्रधानमंत्री प्रचंड ने शनिवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की थी।

# मछली के तेल की खुराक स्वस्थ के कितना लाभदायक ?

भाषा। मेलबर्न

**मछली का तेल,** जिसमें ओमेगा -3 फैटी एसिड होता है, को कई स्वास्थ्य लाभों के लिए प्रचारित किया जाता है - इसे हमारे हृदय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, हमारे मस्तिष्क को मनोभ्रंश से बचाने और रूमेटॉइड गठिया के लक्षणों को कम करने में लाभकारी बताया जाता है। लेकिन वास्तव में ओमेगा-3 वसा क्या हैं और हमें स्वस्थ रखने के इसके लाभों के बारे में सबूत क्या कहते हैं? और यदि वे हमारे लिए अच्छे हैं, तो क्या मछली खाने से सप्लीमेंट के समान लाभ मिलता है? ओमेगा-3 फैटी एसिड एक प्रकार का पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड है। इन्हें हमारे आहार में शामिल करना आवश्यक है क्योंकि हम इन्हें अपने शरीर में नहीं बना सकते हैं। हमारे आहार में तीन मुख्य प्रकार के ओमेगा-3 वसा महत्वपूर्ण हैं: अल्फा-लिनोलोनीक एसिड (एएलए), जो हरी पत्तेदार सब्जियां, अखरोट, अलसी और चिया बीज जैसे पौधों के खाद्य पदार्थों में पाया जाता है, ईकोसापेंटेनोइक एसिड (ईपीए), जो केवल पाया जाता है सी फूड, अंडे (पिंजरे में बंद पक्षियों के अंडे के बजाय फ्री-रेंज में अधिक) और मां के दूध में, डोकोसाहेक्सैनोइक एसिड (डीएचए) भी केवल सी फूड, अंडे (फिर से, फ्री-रेंज अंडे में अधिक) और मां के दूध में पाया जाता है। ओमेगा 3 हमारी कोशिकाओं की संरचना के लिए महत्वपूर्ण है, और हमारे हृदय, फेफड़े, रक्त वाहिकाओं और प्रतिरक्षा प्रणाली को सुचारू ढंग से काम करने में मदद करता है।शुरुआती अध्ययनों से पता चलता है कि ओमेगा-3 वसा से स्वास्थ्य लाभ हो सकता है, जो मछली के तेल से नहीं बल्कि मछली खाने वाले लोगों पर किए गए अवलोकन अध्ययन से आया है।तो क्या सप्लीमेंट से प्राप्त सक्रिय तत्व - ईपीए और डीएचए - मछली की तरह ही हमारे शरीर में अवशोषित हो जाते हैं? एक हस्तक्षेप अध्ययन (जहां एक समूह को मछली और एक समूह को मछली के तेल की खुराक दी गई) में पाया गया कि आपके शरीर में ईपीए और डीएचए का स्तर उसी तरह बढ़ता है जब आप मछली या मछली के तेल से उनका समान मात्रा में सेवन करते हैं।लेकिन यह माना जाता है कि यह केवल ओमेगा-3 वसा है जो स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती है। मछली के अन्य घटक, जैसे प्रोटीन, विटामिन ए और डी, आयोडीन और सेलेनियम स्वास्थ्य लाभ के लिए पूरी तरह या संयुक्त रूप से जिम्मेदार हो सकते हैं।देखे गए स्वास्थ्य लाभ आंशिक रूप से कुछ पोषक तत्वों की अनुपस्थिति के कारण भी हो सकते हैं जो अन्यथा अन्य प्रकार के मांस (लाल मांस और प्रसंस्कृत मांस) जैसे संतृप्त वसा और नमक से मिलते हैं। आइए हृदय रोग, गठिया और मनोभ्रंश के साक्ष्य पर विचार करें।हृदय रोग (दिल के दौरे और स्ट्रोक) के लिए, एक मेटा-विश्लेषण, जो उच्चतम गुणवत्ता के साक्ष्य प्रदान करता है, से पता चला है कि मछली के तेल के पूरक से शायद बहुत कम या कोई फर्क नहीं पड़ता है। एक अन्य मेटा-विश्लेषण में पाया गया कि प्रति दिन 20 ग्राम मछली खाने से कोरोनरी हृदय रोग का खतरा 4 प्रतिशत कम हो जाता है।नेशनल हार्ट फ़ाउंडेशन वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर सर्वोत्तम हृदय स्वास्थ्य के लिए ओमेगा-3 वसा से भरपूर मछली खाने की सलाह देता है।



# राइटर्स गिल्ड और हॉलीवुड स्टूडियो में हड़ताल खत्म करने को लेकर समझौता

**लॉस एंजिलिस।** लेखक संगठन के नेता और हॉलीवुड स्टूडियो लगभग पांच महीनों के बाद पटकथा लेखकों की ऐतिहासिक हड़ताल को समाप्त करने के लिए रविवार को एक अस्थाई समझौते पर पहुंचे। हड़ताल कर रहे अभिनेताओं के लिए अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है।राइटर्स गिल्ड ऑफ अमेरिका (डब्ल्यूजीए) ने एलायंस ऑफ मोशन पिक्चर एंड टेलीविजन प्रोड्यूसर्स (एएमपीटीपी) के साथ एक संयुक्त बयान में समझौते की घोषणा की। एएमपीटीपी वह समूह है जो समझौते में स्टूडियो, प्रसारण सेवाओं और निर्माण कंपनियों का प्रतिनिधित्व कर रहा है।गिल्ड ने सदस्यों को ई-मेल कर बताया, एएमपीटीपी के साथ डब्ल्यूजीए एक अस्थाई समझौते पर पहुंचा है। उसने कहा, यह डब्ल्यूजीए के सदस्यों की स्थाई एकजुटता और हमारे सहयोगियों के असाधारण समर्थन से संभव हुआ है जो 146 दिनों से अधिक समय तक धरना प्रदर्शन में हमारे साथ रहे।

# शिवसेना में विभाजन : अयोग्यता याचिकाओं पर आधिकारिक सुनवाई 13 अक्टूबर से

भाषा। मुंबइ



मनसे नेता राज ठाकरे ने सीएम एकनाथ शिंदे से की मुलाकात

**महाराष्ट्र के मु**ख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना धड़ों की दलीलें सुनने के बाद, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शिंदे गुट के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर 13 अक्टूबर से आधिकारिक सुनवाई करने का फैसला किया है।मुख्यमंत्री शिंदे का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अनिल सखारे ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले साल जून में, शिंदे के विद्रोह के बाद शिवसेना विभाजित हो गई थी। ठाकरे गुट ने दल-बदल विरोधी कानूनों के तहत शिंदे सहित कई विधायकों को अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया है। सखारे ने विधान भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर ने हमारी दलीलें सुनीं, हम उनके समक्ष दायर सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़ने का विरोध कर रहे हैं। हमारी मांग है कि उन याचिकाओं पर अलग-अलग सुनवाई हो। उन्होंने कहा, विधानसभा अध्यक्ष अगले कुछ दिनों में सुनवाई के कार्यक्रम की घोषणा कर सकते हैं। पहली सुनवाई 13 अक्टूबर को शुरू होगी। सभी याचिकाओं पर एक साथ या अलग-अलग सुनवाई के संबंध में आधिकारिक रूप से दलीलें दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि आज कोई आधिकारिक सुनवाई नहीं हुई और केवल प्रक्रियात्मक हिस्से के बारे में फैसला किया गया। सखारे ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ठाकरे धड़ा चाहता है कि सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़कर सुनवाई की जाए, वहीं शिंदे धड़ा इस तरह के प्रस्ताव के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि 39 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाएं दायर की गई हैं। शिवसेना में विभाजन के बाद, पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न शिंदे समूह को आवंटित कर दिया गया था, जबकि ठाकरे-नीत धड़े को शिवसेना (यूबीटी) नाम दिया गया। इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य अनिल देसाई ने संवाददाताओं से कहा कि उनके गुट ने कुछ सबूत पेश करने और सभी याचिकाओं पर स्वतंत्र रूप से सुनवाई करने की शिंदे धड़े की मांग का विरोध किया है। उन्होंने कहा, हमारे वकीलों ने विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर से कहा कि उन सभी याचिकाओं पर स्वतंत्र रूप से सुनवाई करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह मामला विधायकों के एक समूह (शिंदे गुट) द्वारा पार्टी के आदेशों का पालन नहीं करने से संबंधित है। इस पर केवल संविधान की 10वीं अनुसूची के दायरे में ही बहस की जानी है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दावा किया कि नार्वेकर केंद्र सरकार के दबाव में हैं।राउत ने दावा किया, उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बावजूद, यदि विधानसभा अध्यक्ष कानून या संविधान के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं तो दबाव कौन डाल रहा है? हम उन पर दबाव नहीं डाल रहे हैं, लेकिन दिल्ली (केंद्र) दबाव बना रही है। क्या उन पर कोई दबाव नहीं था, अगर ऐसा होता तो, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ 16 विधायकों को अब तक अयोग्य घोषित कर दिया गया होता।

## घरेलू क्षेत्र संकट में नहीं, कांग्रेस गलत तर्क दे रही : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को यह कहते हुए कांग्रेस पर हमला बोला कि देश का घरेलू क्षेत्र संकट में नहीं है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस यह दिखाने के लिए विवेकहीन और गलत जानकारी वाले तर्क पेश कर रही है कि सरकार का आर्थिक प्रबंधन खराब है। भाजपा की यह प्रतिक्रिया कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के आरोप के बाद आई है। रमेश ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन और प्राथमिकताओं के निर्धारण में गलती का आरोप लगाया। रमेश ने यह भी दावा किया कि बढ़ती महंगाई और स्थिर पारिश्रमिक के कारण परिवार बचत करने में असमर्थ हैं। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर कहा, कांग्रेस को बुनियादी जांच किए बिना किसी भी मुद्दे पर मूर्खतापूर्ण तरीके से कूदना पसंद है... इसके अलावा, कांग्रेस राज के मुकाबले समृद्धि आई है।

## जमीन खरीद मामला:सतर्कता ब्यूरो ने पंजाब के पूर्व मंत्री मनप्रीत बादल और पांच लोगों पर मामला दर्ज किया

**भाषा**। चंडीगढ़

**पंजाब** सतर्कता ब्यूरो ने बठिंडा में एक संपत्ति की खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में राज्य के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल और पांच अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि बादल, बठिंडा नगर निगम के पूर्व आयुक्त बिक्रमजीत शेरगिल, राजीव कुमार, अमनदीप सिंह, विकास अरोड़ा और पंकज के खिलाफ रविवार रात मामला दर्ज किया गया।उन्होंने बताया कि राजीव कुमार, अमनदीप सिंह और विकास अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है।मनप्रीत बादल अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में हैं। वह पहले कांग्रेस में और उससे पहले शिरोमणि अकाली दल के सदस्य थे।सतर्कता ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि बादल और बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बादल पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग कभी ईमानदारी का दंभ भरा किया करते थे, आज खुद को बचाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि सच बोलने और सच के साथ खड़े रहने में बहुत अंतर होता है।उन्होंने कहा कि ए नेता पहले कहते थे कि उनके खिलाफ जो भी कार्वाई होगी, वे उसका इंतजार करेंगे, लेकिन अब गिरफ्तारी से बचने के लिए कानूनी सुरक्षा मांग रहे हैं।सतर्कता ब्यूरो ने पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला द्वारा 2021 में की गई शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू की थी। शिकायत में भाजपा नेता सिंगला ने बठिंडा में एक प्रमुख स्थान पर संपत्ति की खरीद में अनियमितता का आरोप लगाया था।

## क्विक न्यूज

### 100 स्मार्ट शहरों में किए गए उत्कृष्ट कामों को 5,000 अन्य शहरों में आगे बढ़ाएंगे:परियोजना निदेशक

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत देश के100 शहरों में किए गए उत्कृष्ट कामों को 5,000 अन्य शहरों में धीरे-धीरे आगे बढ़ाने की रूप-रेखा तैयार की जा रही है।स्मार्ट सिटी परियोजना के निदेशक कुणाल कुमार ने इंदौर में मंगलवार (26 सितंबर) से शुरू होने वाले"इंडिया स्मार्ट सिटीज कॉन्क्लेव 2023" की पूर्व संध्या पर यह जानकारी दी।उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हमने 100 स्मार्ट शहरों में जो उत्कृष्ट काम किए हैं, उन्हे हम धीरे-धीरे 5,000 अन्य शहरों में आगे बढ़ाएंगे। राज्य सरकारों से बात करके इसकी रूपरेखा बनाई जा रही है। कुमार ने कहा कि सरकार देश में स्मार्ट सिटी परियोजना को अमली जामा पहनाने के लिए विदेशों के मॉडल की नकल नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा, हम अपने देश के स्थानीय हालात के मुताबिक स्मार्ट सिटी परियोजना को आगे बढ़ाना चाहते हैं। अधिकारियों ने बताया कि इंडिया स्मार्ट सिटीज कॉन्क्लेव 2023 के पहले दिन इंदौर में एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा जिसमें"इंडिया स्मार्ट सिटीज अवॉर्ड्स कांटेस्ट 2022" की पुरस्कार विजेता परियोजनाओं की झलक पेश की जाएगी।

### छेड़छाड़ मामले में प्राथमिकी रद्द करने पर सहमत अदालत, आरोपी के पिता से शिक्षकों की मुफ्त जांच कराने को कहा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय छेड़छाड़ और पीछा करने के एक आरोपी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने पर सहमत हो गया, हालांकि उसके पिता को 10 सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के लिए आर्थोपेडिक चिकित्सकों द्वारा मुफ्त चिकित्सा जांच उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अदालत ने प्राथमिकी को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि महिला और पुरुष ने स्वेच्छा से विवाद सुलझा लिया है तथा वह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत शील भंग करने, पीछा करने और आपराधिक धमकी देने के कथित अपराधों के लिए आपराधिक मुकदमा जारी नहीं रखना चाहती है। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने कहा कि अदालत इस बात को ध्यान में रखती है कि यदि उस व्यक्ति को दोषी ठहराया गया, तो उसके खिलाफ आरोपों में गंभीर दंड शामिल है। अदालत ने कहा कि यह व्यर्थ है, क्योंकि याचिकाकर्ता को दोषी ठहराए जाने की संभावना बहुत कम है। उच्च न्यायालय ने प्राथमिकी रद्द करने की याचिका इस शर्त पर स्वीकार कर ली कि आरोपी व्यक्ति का पिता 10 सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को मुफ्त चिकित्सा स्वास्थ्य जांच प्रदान करने के लिए आर्थोपेडिक सर्जन या चिकित्सकों की व्यवस्था करेगा। ए 10 स्कूल बिंदापुर, द्वारका, पालम और सागरपुर में है। चिकित्सा जांच अक्टूबर के किसी भी सप्ताह में कम से कम दो कार्य दिवसों पर की जानी है।

### किसानों को खेती की नई तकनीक की जानकारी दी

**कानपुर।** सीओओ डॉ.शैलेन्द्र सिंह डीजीएमडॉ संतोष मिश्रा, आरएम करुणेश कुमार, कृषि विज्ञानी आदेश श्रीवास्तव,नेहा और महेंद्र शुक्ला ने किसानों को जायडेक्स की जायटोनिक तकनीक से तैयार धान एवं सब्जी की फसलों जैसे कि भिंडी, परवल , धनिया का प्रदर्शन करना एवं अंततः जायटोनिक उत्पादों के उपयोग से भूमि को बेहतर बनाकर रासायनिक उर्वरकों एवं रासायनिक दवाओं के प्रयोग को कम कर लाभकारी सतत जैविक खेती करन की जानकारी दी। लोगों को जमीन सुधार के प्रति जागरूक करने पर चर्चा की साथ हीं रबी फसलों जैसे कि गेहूं, आलूए सरसों में प्रयोग के लिए प्रेरित किया। जाइटोनिक तकनीक के उपयोग से पानी की बचत और विपरीत परिस्थितियों में बेहतर फसल प्रबंधन पर भी चर्चा की गई। डॉ शैलेन्द्र ने किसानों को जायटॉनिक तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी दी और किसानों को जायटॉनिक तकनीक से अपनी मिट्टी से स्वस्थ और बेहतर उपज कैसे प्राप्त करेंए इसके बारे में पूरी जानकारी दी। इसके बाद डा संतोष मिश्रा ने किसानों को जायटोनिक गोधन के बारे में बताया कि कैसे किसान गोधन का प्रयोग कर गोबर का सही खाद बना सकते है और उसके उपयोग से अपनी फसल को स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। आदेश श्रीवास्तव और करुणेश ने सभी उत्पादों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत नेहा जी ने की और कार्यक्रम का समापन महेंद्र शुक्ला ने किसानों को धन्यवाद देकर किया। वहां मौजूद 10 उपयोगकर्ता किसानों ने विभिन्न फसलों जैसे आलू, धान, गेहूं, सरसों,टमाटर, गोभी, मूली, मटरए बैंगन आदि में ज़ाइटोनिक के उपयोग के लाभों पर अपने अनुभव भी साझा किए। लगभग 10-12 गांवों के 537 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

### भारतीय ग्राहक ऑनलाइन खरीदारी में अव्वल

**मुंबई।** अमेजन इंडिया के लिए नील्सन मीडिया इंडिया द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन के मुताबिक पूरे भारत में उपभोक्ता इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए पहले से कहीं अधिक उत्साहित और उत्सुक हैं। 81 प्रतिशत ग्राहकों ने इसे लेकर इस बार मजबूत इरादा और इच्छा व्यक्त की हैय 78प्रतिशत ग्राहकों ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग पर भरोसा है, वहीं हर 2 में से 1 ग्राहक पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी अवधि में ज्यादा ऑनलाइन खर्च करने का इरादा रखते हैं। इसके साथ ही ग्राहक विशाल संग्रहए प्रतिस्पर्धी कीमतोंए आसानी से रिटर्न और एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ बेहतरीन ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं। अध्ययन से यह भी पता चला है कि 68प्रतिशत उपभोक्ताओं के लिए अमेज़न डॉट इन उनका पसंदीदा और सबसे सुविधाजनक ऑनलाइन शॉपिंग गंतव्य है और लगभग आधे लोगों ने अमेज़न डॉट इन को त्योहारी खरीदारी के लिए सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा ऑनलाइन ब्रांड माना है, 75प्रतिशत उपभोक्ताओं को अमेज़न डॉट इन पर उत्पादों और ब्रांडों का सबसे विशाल संग्रह मिलता है। इस अध्ययन के बारे में बात करते हुएए अमेजन इंडिया के इंडिया कंज्यूमर बिजनेस के कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कहा कि त्योहार का सीजन पूरे भारत में उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के लिए पसंदीदा समय होता है। हमें यह जानकर प्रेरणा मिली है कि इस वर्ष उपभोक्ता सबसे अधिक उत्साहित हैं और अधिक खर्च करने और ऑनलाइन खरीदारी करने के इच्छुक हैं। हमें यह जानकर खुशी हो रही है कि पूरे भारत में उपभोक्ता ।

### नवाचार के साथ जेके टायर उप्र में करेगा विस्तार

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख टायर निर्माता जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज़ ने अगले वित्तीय वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेशर मेंअपनी मौजूदगी केविस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओ ंका ऐलान किया। कंपनीके लिए उत्तर प्रदेश राज्य बेहदमहत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के तीव्र विकास एव उच्च निवेश की परियोजनाओं केचलते टायर उद्योग के लिए ढेरो ंसंभवना हैं। राज्य मेंविभिन्न सेगमेन्ट्स के वाहनो ंकी संख्या सबसे अधिक है। राज्य कमर्शियल वाहनो ंएवं पैसेंजर कारों की दृष्टि से दूसरे स्थान पर है। 450 से अधिक प्रोडक्ट्स के साथ कंपनी राज्य के उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने में सक्षम रही है। क्षेत्र में लगातार विकसित होते सीवी सेगमेन्ट के लिए टीबी आर टायर में अग्रणी जेके टायर आज के उपभोक्ताओ ंकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए उच्च गुणवत्ता के आधुनिक समाधान लेकर आती है। राज्य में कंपनी की योजनाओ ंके बारे में बात करते हुए अनुजक थूरिया प्रेज़ीडेन्ट भारत जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने कहा कि उत्तरप्रदेश हमारे लिए महत्वपूर्ण बाज़ार है जहां हर सेगमेन्ट में उपभोक्ताओं की बदलतीज़ ूरतो ंके साथ विकास की अपार संभावनाएं हैं। हम क्षेत्र मेंबाज़ार की बदलती ज़रूरतों के अनुसार आधुनिक प्रोडक्ट्स लाकर राज्य मेंअपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। हमक्षेत्र के आर्थिक बुनियादी विकास के मद्देनज़र प्रगतिको बढ़ावा देनेके लिए तत्पर हैं ताकि समुदायऔर हमारेकारोबारदोनोंकोलाभहो।

## मप्र चुनावों के लिए भाजपा की दूसरी सूची में केंद्रीय मंत्री तोमर

● पटेल, पार्टी के कई सांसदों के नाम

**भाषा**। नई दिल्ल



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते तथा पार्टी के कई अन्य सांसदों को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची में जगह दी है। भाजपा ने सोमवार को कुल 39 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। मंत्रियों के अलावा जिन सांसदों को विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिया गया है, उनमें राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीति पाठक और उदय प्रताप सिंह शामिल हैं। ए सभी लोकसभा के सदस्य हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय इंदौर- । से चुनाव लड़ेंगे। विजयवर्गीय को मैदान में उतारने के फैसले से 2018 में इंदौर-3 सीट से जीते उनके विधायक बेटे आकाश विजयवर्गीय को फिर से पार्टी का टिकट दिए जाने की संभावना कम हो गई है क्योंकि भाजपा आम तौर पर चुनाव में एक ही परिवार के सदस्यों को अपना उम्मीदवार बनाने से बचती है। केंद्रीय मंत्री तोमर को दिमनी निर्वाचन क्षेत्र से, पटेल को नरसिंहपुर से और कुलस्ते को निवास सीट से मैदान में उतारा गया है। कई केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को चुनाव मैदान में उतारकर, पार्टी ने विधानसभा चुनावों में कांग्रेस से कड़ी चुनौती मिलने के बीच राज्य में सत्ता बरकरार रखने की अपनी कोशिश को रेखांकित किया है। इनमें से अधिकांश नेता अपनी लोकसभा सीट पर कई बार से जीत दर्ज करते आ रहे हैं। दूसरी सूची के साथ, भाजपा ने मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीट में से 78 सीट पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। प्रदेश में नवंबर-दिसंबर में चुनाव प्रस्तावित हैं। पार्टी ने पिछले महीने 39 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। साल 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 114 सीट पर जीत दर्ज की थी, जबकि भाजपा को 109 सीट मिली थी। हालांकि, कुछ विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस सरकार गिर गई थी। मार्च 2020 में शिवराज सिंह चौहान के नए कार्यकाल के साथ भाजपा सत्ता में लौटी थी।

## मालेगांव विस्फोट मामला: भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर एनआईए अदालत में पेश हुईं

**भाषा**। मुंबई

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) सांसद एवं 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में आरोपी प्रज्ञा सिंह ठाकुर सोमवार को यहां एक विशेष एनआईए अदालत में पेश हुईं। मामले के सात आरोपियों में एक ठाकुर अपराह्न करीब दो बजे पहुंचीं, जबकि मामले के पांच अन्य आरोपी उनसे दो घंटे पहले ही अदालत में पेश हो चुके थे। ठाकुर ने अदालत को बताया कि वह स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रही हैं, जिसके चलते वह सुबह जल्दी नहीं जग पाती हैं। इसके बाद, अदालत ने आरोपी के बयान दर्ज करने के लिए मामले को तीन अक्टूबर के लिए मुल्तवी कर दिया। अभियोजन ने 14 सितंबर को अदालत को बताया था कि मामले में साक्ष्य दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है और अभियोजन के किसी गवाह से और जिरह करने की जरूरत नहीं रह गई है। साक्ष्य दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, अदालत ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 313 के तहत आरोपियों के बयान दर्ज किए थे। केवल छह आरोपी- ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी- सोमवार को अदालत में पेश हुए। सुधाकर द्विवेदी उपस्थित नहीं थे और उनके वकील ने अदालत में पेश नहीं होने के लिए धार्मिक रस्मों का हवाला दिया तथा पेशी से छूट मांगी। अदालत ने अनुरोध अस्वीकार कर दिया और द्विवेदी के खिलाफ 5,000 रुपए का जमानती वारंट जारी किया।

## ग्वालियर में गुर्जर सभा: भीड़ ने पथराव किया, वाहन क्षतिग्रस्त, लाठीचार्ज

**ग्वालियर (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सोमवार को गुर्जर सम्मेलन में भाग लेने आई भीड़ के कुछ वाहनों में आग लगाने और पथराव करने के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने कहा कि आयोजकों को फूल बाग में एक सार्वजनिक बैठक आयोजित करने की अनुमति दी गई थी और उन्हें मांगों का एक ज्ञापन सौंपना था, लेकिन कुछ हंगामे के कारण पथराव हुआ और वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा ने कहा कि एक सार्वजनिक बैठक की अनुमति दी गई थी लेकिन कुछ लोगों ने फूल बाग चौराहे पर सड़क अवरूद्ध कर दिया। मीणा ने कहा, उन्हें इसे खत्म करने के लिए मनाया गया। बाद में, कुछ लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट पर हंगामा शुरू कर दिया और जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की।

## मप्र में पीएम के कार्यक्रम में नहीं पहुंचे लोग : सुरजेवाला

**भाषा**। भोपाल

**कांग्रेस नेता** रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोमवार को मध्य प्रदेश के भोपाल में संबोधित किया गया कार्यकर्ता महाकुंभ एक"फ्लॉप शो" रहा क्योंकि भाजपा के 10 लाख लोगों के दावे के विपरीत इसमें केवल 50 हजार लोग ही शामिल हुए।भाजपा कार्यकर्ताओं की एक विशाल सभा कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधा तथा पार्टी की तुलना जंग लगे लोहे से की और आरोप लगाया कि इसे अब कांग्रेस के नेता नहीं बल्कि कुछ अर्बन नक्सलियों द्वारा चलाया जा रहा है तथा इसके नारों से लेकर नीतियों तक हर चीज आउट सोर्स की जा रही है।सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद, कार्यकर्ता महाकुंभ भाजपा के 10 लाख पार्टी कार्यकर्ताओं को इकट्ठा करने के दावे के मुकाबले 50,000 कार्यकर्ता भी नहीं जुटा सका। सुरजेवाला ने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने शिवराज सिंह चौहान सरकार की एक भी योजना का जिक्र नहीं किया क्योंकि उन्हें पता था कि ए सभी भ्रष्टाचार में डूबी हुई हैं।मोदी के इस बयान का जिक्र करते हुए कि पहली बार मतदाता काफी भाग्यशाली है क्योंकि उन्होंने मध्य प्रदेश में कांग्रेस का शासन नहीं देखा है, बल्कि भाजपा सरकार के तहत केवल विकास देखा है, पर सुरजेवाला ने कहा कि मध्य प्रदेश के युवाओं ने 20 साल की भाजपा सरकार में व्यापमं घोटाले से 23 प्रकार की भर्ती परीक्षाओं में एक करोड़ युवाओं के भविष्य को बर्बाद होते देखा है।भाजपा 2003 से मध्य प्रदेश में सत्ता है। दिसंबर 2018 से मार्च 2020 के बीच की अवधि को छोड़कर इस बीच भाजपा राज्य की सत्ता पर काबिज रही।

## म्हादेई अभयारण्य पर अदालत के फैसले के खिलाफ याचिक पर सुनवाई को सहमत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय गोवा सरकार और अन्य की उस याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार को सहमत हो गया, जिसमें राज्य को म्हादेई वन्यजीव अभयारण्य और इसके आसपास के क्षेत्रों को तीन महीने के अंदर बाघ रिजर्व अधिसूचित करने संबंधी बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राष्ट्र बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और अन्य से याचिका पर जवाब मांगा। म्हादेई वन्यजीव अभयारण्य 208 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यह कर्नाटक से लगे राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्से में स्थित है। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने 94 पन्नों के अपने फैसले में महाभारत की एक पंक्ति को उद्धृत करते हुए बाघ संरक्षण के महत्व पर जोर दिया था। खंडपीठ ने महाभारत का हवाला देते हुए कहा था, अगर जंगल नहीं हो तो बाघ मारा जाता है।

## तेजी से बढ़ रहा म्यूचुअल फंड उद्योग

**मुंबई।** भारत में सबसे तेज़ी से वृद्धि दर्ज करती म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने भारतीय निवेशकों के बीच जोखिम की समझ रिस्क कॉम्प्रिहेंशन का पता लगाने के लिए एक निवेशक सर्वेक्षण इन्वेस्टर सर्वे किया। सर्वेक्षण में एक्सिस एमएफके देश भर के 1700 से अधिक निवेशकों ने भाग लिया। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य था म्यूचुअल फंड में निवेश से जुड़े जोखिम के बारे में निवेशकों के दृष्टिकोण और समझ के बारे में जानकारी प्राप्त करना। एक्सिस एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी बी. गोपकुमार ने सर्वेक्षण से निकले निष्कर्ष पर अपनी टिप्पणी में कहा कि म्यूचुअल फंड उद्योग आज एक दिलचस्प मोड़ पर है जो इस श्रेणी में निवेशकों की बढ़ती तादाद से स्पष्ट है। हम एक उद्योग के रूप में आगे बढ़ रहे हैंए लेकिन निवेशकों को समझबूझकर निवेश का फैसला करने के काबिल बनाना भी हमारी ज़िम्मेदारी है। इसलिए यह सर्वेक्षण निवेशकों में जोखिम की समझ और म्यूचुअल फंड निवेश से जुड़े जोखिमों का आकलन करने के लिए उनके पास उपलब्ध तरीकों के बारे में जागरूकता के बारे में पता लगाने के लिए किया गया था। एक्सिस म्यूचुअल फंड मेंए हम ज़िम्मेदार निवेश भागीदार के रूप में अपनी भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हैं, जिससे न केवल निवेशकों को उनकी निवेश यात्रा में मदद मिलती हैए बल्कि उन्हें अपने म्यूचुअल फंड निवेश के विभिन्न पहलुओं को समझने में भी मदद मिलती हैए ताकि वे सोच.समझकर निर्णय लेने और अपने वित्तीय लक्ष्यों पूरा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। सर्वेक्षण के निष्कर्षों से कई दिलचस्प पैटर्न सामने आए। नियामकों फंड हाउसों और वितरकों द्वारा जागरूकता अभियान से उत्साहित होकर निवेशकों ने अपनी मेहनत की कमाई को संभावित रूप से बढ़ाने के लिए निवेश करने के महत्व को पहचाना है,और निवेश के तरीकों में म्यूचुअल फंड को ज़्यादा तवज्जोह दी जा रही है। हालांकिए 59 प्रतिशत निवेशक अब भी पिछले प्रदर्शन को म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए प्रमुख बेंचमार्क में से एक मानते हैं। कई बार बाज़ार में चल रही अफवाह से प्रभावित होकरए निवेशक अपने निवेश को भुनाने की कोशिश करते हैं,।

## नवचार का प्रयोग बढ़ा

**नई दिल्ली।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने भारत में अपने सीरीज टी पोर्टफ ोलियो के लेटेस्ट एडिशन वीवो टी2 प्रो 5जी को लांच किया। नया टी2 प्रो 5 आज के टेक.सेवी यंग मिलेनियल्स और जेन जेड यूजर की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया हैए जो एक बेहतर परफॉर्मेंस एक्सपीरियंस चाहते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुएए वीवो इंडिया के ऑनलाइन बिजनेस के डायरेक्टरए पंकज गांधी ने कहाए श्हम टी2 प्रो 5जी के लॉन्च के साथ भारतीय बाजार में अपने टी2 सीरीज पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। वीवो टी2 प्रो अत्याधुनिक सुविधाओं का के साथ मिलाकर बनाया गया हैहैए जिसमें एक शक्तिशाली मीडियाटेक डाइमेंशन 7200 चिपसेट शामिल हैए जिसका 720ड्ड से अधिक का आश्चर्यजनक एंटुटु स्कोरए एक आकर्षक कर्व्ड 120 हट्र्ज 3डी कर्व्ड ऐमोलेड डिस्प्ले और वीवो की एक्सक्लूसिव और लाइट टेक्नोलॉजी के साथ जुड़ा 64एमपी ओआईएस कैमरा है। ऑरा लाइट टेक्नोलॉजीए हमारे कस्टमर्स की विविध मल्टीटास्किंग आवश्यकताओं को पूरा करती है। बिल्कुल नए वीवो टी2 प्रो के साथए हम आपको अपनी लाइफस्टाइल को टर्बो चार्ज करने और अपने मोबाइल एक्सपीरियंस को रीडिफाइन करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

## टीकेएम ने भारत के उत्तरी क्षेत्र में बनाई पहुंच

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर टीकेएम ने भारत के उत्तरी क्षेत्र में अपने रोमांचक ग्रेट 4गुणा4 एक्सपेडिशन् के तीसरे चरण की शुरुआत की। मई 2023 म टीकेएम ने अपना शुरुआती 4गुणा4 अभियान भारत के दक्षिणी क्षेत्र ;कर्नाटक राज्य के सकलेशपुर . हसन में प्रारंभ किया था। इसके बाद दूसरा अभियान हाल ही में पश्चिम क्षेत्र के लोनावाला में आयोजित किया गया। दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में पिछले अभियानों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए टीकेएम ने उत्तरी क्षेत्र में होशियारपुर से शुरू होने वाले अपने तीसरे 4गुणा4 अभियान को हरी झंडी दिखाई जो 4गुणा4 एसयूवी समुदाय को उत्साह जनक अनुभव प्रदान करने और उनके जुनून को बढ़ानेए साहसिक कार्य और श्सभी के लिए सामूहिक खुशी व गतिशीलताश् को बढ़ावा देने की टोयोटा की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अभियान में 4 .व्हील ड्राइव वाले एसयूवी जैसे जाने.माने हाइलक्सए मशहूर एलसी 300 लोकप्रिय फॉर्च्यूनर और हाइराइर एडब्ल्यूडी ऑल व्हील ड्राइवद्व का उल्लेखनीय काफिला और इस में अन्य ब्रांड के एसयूवी के मालिक भी शामिल हैं।

## सांसदों-विधायकों को अभियोजन से छूट देने के 1998 के फैसले पर पुनर्विचार के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ गठित

**भाषा**। नई दिल्ली



**देश के प्रधान** न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय के सात न्यायाधीशों की पीठ शीर्ष अदालत के 1998 के उस फैसले पर पुनर्विचार करेगी, जिसके तहत सांसदों-विधायकों को घूस के बदले संसद और राज्य विधानसभाओं में वोट देने या भाषण देने के लिए अभियोजन से छूट प्रदान की गई थी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक नोटिस में कहा गया है कि पीठ इस मामले पर चार अक्टूबर को सुनवाई करेगी। नोटिस में कहा गया है, सीता सोरेन बनाम भारत संघ शीर्षक वाली आपराधिक अपील संख्या 451।2019 पर चार अक्टूबर को सुनवाई के लिए संविधान पीठ का गठन किया गया है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पमिदिघनतम श्री नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। देश को झकझोर देने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत कांड के लगभग 25 साल बाद शीर्ष अदालत 20 सितंबर को अपने 1998 के फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए सहमत हो गई थी। उसने कहा था कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा था, जिसका राजनीति की नैतिकता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। शीर्ष अदालत की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने इस मुद्दे को सात न्यायाधीशों की बड़ी पीठ के पास भेजने का फैसला किया था। शीर्ष अदालत ने 1998 में पीवी नरसिम्हा राव बनाम केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मामले में दिए गए अपने पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के फैसले में कहा था कि अनुच्छेद 105 (2) और अनुच्छेद 194 (2) के अनुसार सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने के खिलाफ सांसदों को संविधान के तहत छूट प्राप्त है।



भगवान गणेश को विसर्जन के साथ विदा करते भक्तगण

## विश्व भारती के कुलपति ने ममता को पत्र लिखकर विश्वविद्यालय परिसर की सड़क को लौटाने का आग्रह किया

**कोलकाता।** विश्व भारती विश्वविद्यालय के कुलपति बिद्युत चक्रवर्ती ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर विश्वविद्यालय परिसर की उस सड़क को वापस करने का आग्रह किया, जिसे राज्य सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया था और यह लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के नियंत्रण में है। पत्र में कुलपति ने कहा कि शांतिनिकेतन अब यूनेस्को के घोषित विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल है, जिसकी घोषणा 17 सितंबर को की गई थी। चक्रवर्ती ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन को वाहनों की आवाजाही रोकने या बहुत कम निगरानी करने और संस्थान के परिसर के अंदर सड़क के किनारे स्थित विरासत इमारतों को संरक्षित करने के लिए सड़क को वापस उसके अधिकार क्षेत्र में सौंपा जाना चाहिए। इस संस्थान की स्थापना रवींद्रनाथ टैगोर ने करीब सौ साल पहले की थी।

# साधू की गेंदों और निशानेबाजों की गोलियों ने साधा सोना

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने क्रिकेट स्वर्ण पदक जीता



भाषा। हांगझोउ

युवा तेज गेंदबाज टिटास साधू के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने सोमवार को श्रीलंका को 19 रन से हराकर एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। बल्लेबाजी के लिए कठिन पिच पर भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 116 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 97 रन ही बना सकी। चार दिन बाद अपना 19वां जन्मदिन मनाने जा रही साधू ने चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए। लेग स्पिनर देविका वैद्य ने चार ओवर में 15 रन देकर एक विकेट चटकाया। बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ और आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने खराब शुरूआत की लेकिन बाद में लय पकड़ ली। भारत शुरू से ही स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन क्रिकेट का स्तर और पिच दोनों खराब रहे। साधू ने पहले दो ओवर में ही तीन विकेट निकाल दिए जिनमें श्रीलंकाई कप्तान चामारी अटापट्टू का विकेट शामिल है। भारतीय महिला टीम को झूलन गोस्वामी के संन्यास के बाद एक तेज गेंदबाज की कमी खल रही है। साधू ने प्रतिभा की बानगी पेश की लेकिन कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ उसकी असल परीक्षा होगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दीप्ति से गेंदबाजी की शुरूआत कराई लेकिन अटापट्टू ने उसे आते ही छक्का और चौका जड़ा। दूसरे ओवर में साधू ने अनुष्का संजीवनी (1) को मिडआफ पर हरमनप्रीत के हाथों लपकवाया। उसने इसके बाद विष्मी गुणरत्ने (0) को आउट किया और अगले ओवर में अटापट्टू को रवाना किया। तीन विकेट 14 रन पर गंवाने के बाद हसिनी परेरा (25 रन) ने श्रीलंका को 50 रन के पार पहुंचाया। राजेश्वरी ने उनका विकेट लिया। निलाक्षी डिसिल्वा (23 रन) और ओषाडी रणसिंघे (19) ने पांचवें विकेट के लिए 38 रन जोड़े। पूजा वस्त्राकर ने डिसिल्वा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा जबकि दीप्ति ने रणसिंघे का विकेट लिया। इससे पहले भारत के लिए स्मृति मंधाना (45 गेंद में 46 रन) और जेमिमा रौड्रिग्ज (40 गेंद में 42 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़े।

## भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम को विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण

### ऐश्वर्य को कांस्य



**हांगझोउ।** भारतीय निशानेबाजों ने सोमवार को यहां एशियाई खेलो मे शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए टीम स्वर्ण पदक सहित तीन पदक जीते जिससे निशानेबाजी प्रतियोगिता मे भारत दो दिन मे पांच पदक जीत चुका है। विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल की अगुआई मे भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ मौजूदा एशियाई खेलो मे देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने इसके बाद व्यक्तिगत स्पर्धा मे कांस्य पदक जीता। उन्होने कांस्य पदक के मुकाबले मे रुद्रांक्ष को पछाड़ा जो चौथे स्थान पर रहे। आदर्श सिंह, अनीष भानवाला और विजयवीर सिद्धू की भारतीय तिकड़ी ने 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा मे 1718 अंक से इंडोनेशिया के साथ टाई रहने के बाद कांस्य पदक जीता। चीन ने 1765 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि दक्षिण कोरिया ने 1734 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। विजयवीर ने क्वालीफिकेशन मे 582 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए छह निशानेबाजो के फाइनल मे जगह बनाई। आदर्श (576) 14वे जबकि अनीष (560) 22वे स्थान पर रहते हुए फाइनल मे जगह बनाने मे नाकाम रहे। पुरुष व्यक्तिगत 25 मीटर के फाइनल मे विजयवीर 21 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए पदक जीतने मे नाकाम रहे। चीन के ली युएहोंग ने 33 अंक के साथ स्वर्ण जीता जबकि उनके हमवतन ल्यु एंगपैन (31) को रजत और कजाखस्तान के चिरयुकिन निकिता (26) को कांस्य पदक मिला। ऐश्वर्य ने तीसरे स्थान के शूट ऑफ मे रुद्रांक्ष को पछाड़कर 228.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। ऐश्वर्य पार्क हाजुन को पछाड़कर रजत पदक जीतने की दौड़ मे शामिल थे लेकिन अंतिम शॉट पर 9.8 अंक के साथ बाहर हो गए। दक्षिण कोरिया के इस निशानेबाज को अंततः रजत पदक जीता जबकि चीन के शेंग लिहाओ ने 253.3 अंक के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य ने कहा, मै अपने प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। मैने पूरी स्पर्धा के दौरान निरंतर प्रदर्शन किया, यहां तक कि क्वालीफिकेशन के दौरान भी। यह मेरे पहले एशियाई खेल है और इन खेलो में मेरा पहला पदक। उन्होंने कहा, कभी कभी निशाना खराब भी था और यह खेल का हिस्सा है। ऐश्वर्य ने स्वीकार किया कि कांस्य पदक के शूट ऑफ मे रुद्रांक्ष के खिलाफ वह दबाव मे थे। उन्होने कहा, शूट ऑफ के दौरान काफी दबाव था लेकिन मैने 10.8 अंक जुटाने मे सफल रहा।




## रोशिबिना देवी ने वुशु में कांस्य पदक सुनिश्चित किया, भानु प्रताप प्री-क्वार्टर, बालियान बाहर




**हांगझोउ (चीन)।** भारतीय खिलाड़ी नाओरेम रोशिबिना देवी ने महिलाओ की 60 किलोग्राम वुशु (सांडा) स्पर्धा के सेमीफाइनल मे पहुंच कर भारत के लिए एक और पदक पक्का कर लिया। रोशिबिना ने अंतिम चार मे पहुंच कर कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया। उन्होने क्वार्टरफाइनल मे अपनी शुरुआती प्रतिद्वंद्वी कजाखस्तान की ऐमान कार्शिगा को आसानी से पराजित किया। रोशिबिना देवी ने पिछले एशियाई खेलों में जकार्ता में इसी श्रेणी में कांस्य पदक अपने नाम किया था। वह दक्षिण एशियाई खेलो (2019) की स्वर्ण पदक विजेता है। पुरुषो के 60 किग्रा वर्ग मे सूर्य भानु प्रताप सिंह ने सांडा स्पर्धा मे उज्बेकिस्तान के इसलोमबेक खायदारोव को शिकस्त देकर अंतिम आठ में जगह बनाई। पिछले एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने तीन दौर तक चले मैच को 2-1 से जीता। भानु प्रताप ने विश्व वुशु चैम्पियनशिप में भी दो कांस्य पदक जीते है। पुरुषो के 65 किग्रा स्पर्धा में भारत के विक्रांत बालियान को हार का सामना करना पड़ा। बालियान करीबी मुकाबले में इंडोनेशिया के सैमुअल मारबन ने 2-1 से हराया।

## श्रीहरि छठे जबकि लिक्थि और पुरुषों की 4गुणा200 मीटर फ्रीस्टाइल टीम सातवें स्थान पर रही

हांगझोउ। भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज एशियाई खेलों मे सोमवार को पुरुषों के 50 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल मे छठे स्थान पर रहे। लगातार दूसरे दिन फाइनल में उतरने वाले नटराज ने 25.39 सेकंड का समय लिया। अगर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 24.40 सेकंड का समय लेते तो उन्हे कांस्य पदक मिल सकता था। रविवार को पुरुषो के 100 मीटर बैकस्ट्रोक के फाइनल मे भी वह छठे स्थान पर रहे थे। लिक्थि सेल्वराज पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा मे 1:01.62 सेकेंड के साथ सातवे स्थान पर रहे। उन्होने हीट मे 1:01.98 सेकेंड का समय लिया था। पुरुषो की 4x200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा मे भी भारतीय टीम सातवे स्थान पर रही। आर्यन नेहरा, अनीश गौड़ा, कुशाग्र रावत और तनिष जॉर्ज मैथ्यू की चौकड़ी ने 7:29.23 सेकेंड का समय लिया। आर्यन ने चारो मे सबसे कम 1:51.89 सेकेंड मे 200 मीटर की दूरी तय की। इससे पहले दिन मे पूर्व कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े (पुरुषो की 50 मीटर फ्रीस्टाइल), ओलंपियन माना पटेल (महिलाओ की 50 मीटर बैकस्ट्रोक), अनिल कुमार एस आनंद (पुरुषो की 50 मीटर फ्रीस्टाइल), देसिंघु धिनिधि (महिलाओ की 200 मीटर फ्रीस्टाइल) और हशिका रामचंद्र (महिलाओ की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले) फाइनल मे पहुंचने मे नाकाम रहे।

## विदित ने दो बाजियां जीती, महिलाओं ने किया निराश



**हांगझोउ।** भारत के तीसरी वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर विदित संतोष गुजराती ने एशियाई खेलों की शतरंज प्रतियोगिता में सोमवार को यहां पुरुषो की व्यक्तिगत स्पर्धा के तीसरे और चौथे दौर मे जीत दर्ज करके शानदार वापसी की। गुजराती ने तीसरे दौर मे थाईलैंड के प्रिन लाओहाविरापाप को और अगले दौर मे वियतनाम के ले तुआन मिन्ह को हराकर अपने अंको की संख्या तीन कर ली। वह अभी छठे स्थान पर है। भारत के ही एक अन्य खिलाड़ी चौथी वरीयता प्राप्त अर्जुन एरीगैसी के भी गुजराती की तरह तीन अंक है। यह दोनों खिलाड़ी चार दौर के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव और चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेई ई से आधा अंक पीछे है। एरिगैसी ने तीसरे दौर मे वियतनाम के न्गुएन न्गोक टूंग सोन को हराया और फिर ईरान के जीएम तबताबेई सैयदमोहम्मदमी से ड्रॉ खेला। महिला वर्ग मे पहले दो दौर मे जीत दर्ज करने वाली कोनेरू हंपी और डी हरिका अगले दो दौर मे केवल आधा अंक ही हासिल कर पाई। चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त होउ यिफान ने भारतीयों को ज्यादा नुकसान पहुंचाया। उन्होंने तीसरे दौर मे हरिका और अगले दौर मे हम्पी को हराया। हम्पी ने तीसरे दौर में चीनी खिलाड़ी झू जिनर के खिलाफ अपनी बाजी ड्रा कराई जबकि हरिका ने चौथे दौर मे उज्बेकिस्तान की निलुफर याकूबबेवा से ड्रा खेला। इन दोनो खिलाड़ियों के चार दौर के बाद समान 2.5 अंक है।

## सिंगापुर के खिलाफ पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने पर ध्यान देगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**हांगझोउ।** पहले मैच मे बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों मे मंगलवार को जब पूल ए के अपने दूसरे मैच मे सिंगापुर से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य पेनल्टी कार्नर को गोल मे बदलने की अपनी दर मे सुधार करना होगा। स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार भारत ने अपने पहले मैच मे उज़्बेकिस्तान को 16-0 से करारी शिकायत दी थी लेकिन हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम जानती है कि उसे किन क्षेत्रो मे सुधार करना है। विशेष कर जब पेनल्टी कार्नर की बात आती है तो भारतीय टीम ने कुछ अच्छे ड्रग फ्लिकर होने के बावजूद मौके गंवाए। इन खिलाड़ियों मे हरमनप्रीत, वरुण कुमार, अमित रोहिदास और संजय शामिल है। हरमनप्रीत को पहले मैच मे विश्राम दिया गया था। इन खिलाड़ियो की मौजूदगी के बावजूद उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत 14 पेनल्टी कॉर्नर में से केवल पांच पर ही गोल कर पाया था। सिंगापुर के खिलाफ अगले मैच से पहले मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के लिए यह चिंता का विषय होगा। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि हरमनप्रीत मंगलवार को मैच मे खेलेंगे और उनके कौशल को देखते हुए पेनल्टी कार्नर को गोल मे बदलने का मुख्य जिम्मा उन्ही का होगा। उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए सकारात्मक पहलू उसकी अग्रिम पंक्ति का प्रदर्शन रहा। भारत मे 16 मे से 10 मैदानी गोल किए थे। ललित उपाध्याय ने अग्रिम पंक्ति मे शानदार खेल दिखाकर चार गोल दागे जबकि मनदीप सिंह ने तीन गोल किए।

### एशियाई खेलों पदक तालिका

| देश- | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 39 | 21 | 9 | 69 |
| द.कोरिया | 10 | 10 | 13 | 33 |
| जापान | 5 | 14 | 12 | 31 |
| उज्बेकिस्तान | 4 | 4 | 6 | 14 |
| हांगकांग | 3 | 4 | 7 | 14 |
| भारत | 2 | 3 | 6 | 11 |
| ताइपे | 2 | 1 | 3 | 6 |

## बास्केटबॉल : भारतीय पुरुष टीम ने मलेशिया को हराया, महिला टीम हारी

**हांगझोउ।** भारतीय टीमो के लिए बास्केटबॉल कोर्ट पर मिला जुला दिन रहा जब पुरुष टीम ने मलेशिया को हरा दिया लेकिन महिला टीम उजबेकिस्तान से हार गई। पुरुषो के वर्ग मे भारत के सहज प्रताप सिंह सेखों ने दस अंक बनाए जिसकी मदद से पूल सी में भारत ने मलेशिया को 20 . 16 से मात दी। अब भारतीय टीम का सामना बुधवार को मकाउ से होगा। महिला वर्ग मे भारत को पूल ए के मैच मे उजबेकिस्तान ने 19 . 14 से हराया। भारत की वैष्णवी ने नौ अंक बनाए लेकिन टीम को जीत नही दिला सकी। महिला टीम अब दुनिया की नंबर एक टीम चीन से खेलेगी।

## जूडो खिलाड़ी गरिमा चौधरी एशियाई खेलों से बाहर

**हांगझोउ।** भारतीय जूडो खिलाड़ी गरिमा चौधरी सोमवार को यहां महिला 70 किग्रा वर्ग केप्री क्वार्टर फाइनल मे फिलिपीन्स की रयोको सेलिनास के खिलाफ इप्पोन से हारकर एशियाई खेलो से बाहर हो गईं। तेइस साल की रयोको ने नॉकआउट दौर मे गरिमा को सिर्फ दो मिनट दो सेकेंड मे इप्पोन के जरिए 10-0 से हराया। गरिमा तीसरी बार एशियाई खेलो मे हिस्सा ले रही है। वह 2010 मे रेपेचेज दौर मे हार गईं थी जबकि जकार्ता मे 2018 मे उन्हे प्री क्वार्टर फाइनल मे शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

## भारत सैफ अंडर-19 के सेमीफाइनल में

**काठमांडू।** भारत ने सोमवार को यहां दशरथ स्टेडियम मे भूटान को 2-1 से हराकर सैफ अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। मध्यांतर तक दोनों टीमे 1-1 से बराबरी पर थी। जिग्मे नामग्एल ने 20वे मिनट मे भूटान को बढ़त दिलाई लेकिन भारत ने ग्वग्मसार गोयारी और रिकी मीतेई के गोल से वापसी की और अपने ग्रुप मे शीर्ष पर रहकर अंतिम चार मे जगह बनाई।

# बोपन्ना और युकी की अप्रत्याशित हार



## अंकिता और रुतुजा प्री क्वार्टर फाइनल मे

**भाषा।** हांगझोउ

**एक बड़े उलटफेर** में स्वर्ण पदक के दावेदार शीर्ष वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी सोमवार को टेनिस पुरूष युगल में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गए। भांबरी खेल के आखिरी हिस्से में लय हासिल करने के लिए जूझते नजर आए। उजबेकिस्तान के सर्जेइ फोमिन और खुमोयुन सुल्तानोव ने यह मुकाबला 2- 6, 6-3, 10- 6 से जीता। यह हार भारतीय जोड़ी को बहुत खलेगी क्योंकि बोपन्ना युगल में शीर्ष दस खिलाड़ियों में है और भांबरी भी शीर्ष सौ में हैं जबकि उजबेक टीम शीर्ष 300 में भी नहीं है। दूसरे सेट में 3 -4 स्कोर पर भांबरी ने डबलफाल्ट किया जिससे एक ब्रेक प्वाइंट गंवा दिया। बैकहैंड पर उनके कमजोर शॉट से उजबेक टीम ने बढत बना ली। सुपर टाइब्रेकर में उजबेक टीम ने 3-0 की बढ़त बना ली और जल्दी ही इसे 5-1 कर लिया। बोपन्ना की सर्विस पर शानदार सर्विस रिटर्न के दम पर यह बढ़त 6-1 की हो गई। फोमिन ने बैकहैंड पर विनर लगाकर चार मैच प्वाइंट बनाए। भारतीय जोड़ी ने पहला मैच प्वाइंट बचा लिया लेकिन सुल्तानोव ने विनर लगाकर मुकाबला जीता। भारतीय कोच जीशान अली ने कहा कि बोपन्ना को मैच में भांबरी से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। इस स्तर पर ऐसे मैच में इतनी गलतियां नहीं कर सकते। आपको मौकों को भुनाना आना चाहिए। रोहन ने अच्छा खेला लेकिन उसे अपने साथी से सहयोग नहीं मिला जो इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। बोपन्ना ने पिछले सप्ताह अपने करियर का आखिरी डेविस कप मैच खेला था। 43 साल के बोपन्ना आखिरी बार एशियाई खेलों में चुनौती पेश कर रहे है। वह 2018 में दिविज शरण के साथ पुरुष एकल का स्वर्ण जीत चुके है।

## मुक्केबाजी में दीपक और निशांत प्री-क्वार्टर फाइनल में



**हांगझोउ।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया और निशांत देव ने सोमवार को यहां एशियाई खेलो की मुक्केबाजी प्रतियोगिता मे अपने-अपने वजन वर्गो के प्री क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। दीपक ने पुरुषो की 51 किग्रा मे मलेशिया के मुहम्मद अब्दुल कय्यूम बिन अरिफिन को 5-0 से हराया, जबकि निशांत ने पुरुषो के 71 किग्रा के पहले दौर मे नेपाल के दीपेश लामा पर इसी अंतर से जीत दर्ज की। महिलाओ के 66 किग्रा भार वर्ग मे हालांकि अरुंधति चौधरी को पहले दौर मे ही हार का सामना करना पड़ा। भारत की यह युवा मुक्केबाज चीन की विश्व चैंपियन यांग लियु के सामने किसी तरह से चुनौती पेश नही कर पाई और 0-5 से हार गई। पिछली बार के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल को हराकर टीम मे जगह बनाने वाले दीपक ने शुरू से ही दमदार मुक्के जड़े और अपने प्रतिद्वंद्वी को किसी तरह से कोई मौका नही दिया। उनका अगला मुकाबला 2021 के विश्व चैंपियन जापानी खिलाड़ी तोमोया सुबोइ से होगा। मई मे विश्व चैंपियनशिप मे कांस्य पदक जीतने के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता मे खेल रहे निशांत ने नेपाल के मुक्केबाज के खिलाफ अपनी पहुंच का अच्छा फायदा उठाया। उनके ताकतवर मुक्कों के सामने लामा पस्त दिखे।

## भारतीय महिला रग्बी टीम लगातार चार हार के बाद आठवें स्थान पर रही

**हांगझोउ।** भारतीय महिला रग्बी टीम एशियाई खेलो मे बेहद निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए चार मैचो मे से एक भी जीत दर्ज करने मे नाकाम रही। भारत को पूल एफ के अपने तीसरे मैच मे सोमवार को यहां विश्व रैंकिंग मे 35 वे स्थान पर काबिज सिंगापुर ने 15-0 से हराया। इससे पहले रविवार को टीम को हांगकांग ने 38-0 और जापान ने 45-0 के बड़े अंतर से हराया था। भारतीय टीम इस तरह ग्रुप चरण के मैचों में एक भी अंक नही बना सकी। सातवे और आठवे स्थान के मैच मे भी भारतीय टीम ने निराश किया। टीम को कजाखस्तान ने 24-7 से शिकस्त दी। भारतीय टीम ने पहली बार 2010 ग्वांगझोउ एशियाई खेलो मे भाग लिया था। टीम तब सातवे स्थान पर रही थी।

## भारत को महिला हैंडबॉल में जापान ने हराया

**हांगझोउ।** भारतीय महिला हैंडबॉल टीम को एशियाई खेलो के अपने शुरूआती मैच मे सोमवार को यहां जापान से हार का सामना करना पड़ा। जापान ने ग्रुप बी के इस मुकाबले को 41-13 के बड़े अंतर से अपने नाम किया। भारत के लिए सिर्फ मोनिका अपने खेल से प्रभावित कर सकी। मोनिका ने चार गोल कर भारत को मैच के चौथे मिनट मे बढ़त दिला दी थी। जापान ने हालांकि इसके बाद शानदार वापसी करते हुए 30 मिनट के पहले हाफ मे 21-4 की बढ़त बना ली। टीम ने दूसरे हाफ मे भी 20 अंक बनाकर भारत पर एकतरफा जीत दर्ज की।

# भारत को नौकायन में दो और कांस्य, पांच पदक के साथ अभियान खत्म किया

**हांगझोउ।** भारत के नौकायन खिलाड़ियों ने दो स्पर्धाओं में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कांस्य पदक जीते और सोमवार को यहां एशियाई खेलों की वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में अपने अभियान का अंत पांच पदक के साथ किया। भारत ने पिछले सत्र की तुलना में अपने पदकों की संख्या में इजाफा किया जब वह तीन पदक जीतने में सफल रहा था। हालांकि भारत इस बार स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहा जबकि जकार्ता में पांच साल पहले



नौकायन में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक मिले थे। भारत यहां कुल पांचवें स्थान पर रहा जो 2018 के प्रदर्शन से एक स्थान बेहतर है। चीन की टीम 11 स्वर्ण और दो रजत पदक के साथ शीर्ष पर रही जबकि उज्बेकिस्तान दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। दिन की शुरुआत जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार और आशीष गोलियान की टीम ने पुरुष फोर स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ की जिसके बाद सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जाकर खान और सुखमीत सिंह ने पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स में कांस्य पदक अपने नाम किया।

# मुश्किल समय में बने रहें सकारात्मक : अय्यर



**भाषा।** इंदौर

**जब किसी** को बार-बार चोटों से जूझना पड़ता है तो संदेह पैदा हो सकता है, लेकिन श्रेयस अय्यर का कहना है कि यह अपनी क्षमताओं पर उनका अटूट विश्वास था जिसने उन्हें अकेलेपन के दौर से उबरने में मदद की। भारत ने एशिया कप जीता जिसमें अय्यर ने पीठ की सर्जरी के कारण छह महीने बाद वापसी की लेकिन टूर्नामेंट के बीच में पीठ में ऐंठन के कारण उन्हें दो सप्ताह के दौरान केवल एक बार बल्लेबाजी करने का मौका मिला। हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ भारत के शुरुआती मैच में उन्होंने नौ गेंद पर 14 रन बनाए जिससे उन्हें बहुत आत्मविश्वास मिला और वह एक और मौके का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। आखिरकार पिछले हफ्ते मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में यह मौका आया लेकिन वह रन आउट हो गए। विश्व कप के लिए भारत के मध्यक्रम में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहे अय्यर ने हालांकि रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में दबाव के बीच शतक जड़ा।अय्यर ने 90 गेंदों पर 105 रन की मैच विजई पारी खेलने के बाद कहा, मैं मजबूती से वापसी करने के लिए बेताब था। मैं पिछले मैचों में मिली शुरूआत को अच्छी पारी में बदलने का इंतजार कर रहा था। आज मुझे मौका मिला, मैं आभारी हूं। ईमानदारी से कहूं तो मैं अपनी क्षमताओं पर संदेह नहीं कर रहा था क्योंकि मुझे पता था कि मैं नेट में शानदार बल्लेबाजी कर रहा हूं।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप के लिए किट रिलीज़ किया

**मुंबई।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आज भारत में आयोजित होने वाले 2023 आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए अपनी प्लेइंग किट से पर्दा हटाया है। अपैरल पार्टनर एसीआईसीएस ने खिलाड़ियों की पोशाक तैयार की है जिसमें इसमें फर्स्ट नेशंस डिज़ाइन शामिल हैए जो ऑस्ट्रेलिया की सभी अंतर्राष्ट्रीय प्लेइंग किट पर दिखाई देगा। इस प्लेइंग किट में ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी और मौजूदा सीए पार्टनर,एचसीएल टेक का लोगो भी स्लीव पर नज़र आएगा। एचसीएल टेक पहली बार किसी आईसीसी कार्यक्रम में आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलिया की टीम प्रायोजक बन गई हैए जिसका लोगो ट्रेनिंग किट पर भी दिखाई देगा। एचसीएल टेक 2019 से ही सीए के डिजिटल असेट्स को बदलने में मदद करने वाला डिजिटल पार्टनर रहा है, जिसमें क्रिकेट कॉम एयू सीए लाइव ऐप और प्लेक्रिकेट शामिल है, साथ ही इसने कम्युनिटी क्रिकेट की प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने और व्यवस्थित करने में भी मदद की है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एग्जीक्यूटिव जनरल मैनेजर ब्रॉडकास्ट एंड कमर्शियल स्टेफ़नी बेल्ट्रेम ने कहा कि हमें एचसीएल टेक के साथ अपने मजबूत रिश्ते को आगे बढ़ते हुए बेहद खुशी हो रही है। एचसीएल टेक के चीफमार्केटिंग ऑफिसरए जिल कोरी ने कहा कि हम इस बात से बेहद उत्साहित हैं किए हमें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने और 2023 आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम की सहायता करने का अवसर मिला है। एचसीएल टेक ब्रांड पूरी दुनिया की स्पोर्टिंग कम्युनिटी के भीतर उद्देश्य आधारित भागीदारी का दूसरा नाम बन चुका हैए और हमारे लिए आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप एक शानदार अवसर है जिसके ज़रिये हम भ्ब्स्ज्मबी को प्रदर्शित कर सकते हैं और एक खेल के रूप में क्रिकेट का जश्न मना सकते हैं।

## तीसरे वनडे में वापसी करेंगे बुमराह, अभ्यास मैचों तक फिट हो सकते हैं अक्षर



**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक मैच का विश्राम लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे जबकि ऑलराउंडर अक्षर पटेल को विश्व कप से पहले अपनी चोट से उबरने के लिए कुछ और समय दिया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दोनो मैच मे अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम प्रबंधन को अभी उम्मीद है कि अक्षर सही समय पर फिट हो जाएंगे।बीसीसीआई के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, टीम प्रबंधन अक्षर को चोट से उबरने का पूरा मौका देना चाहता है। उनकी उंगली की चोट ठीक हो गई है और अगले कुछ दिनों में वह विश्व कप के लिए पूरी तरह फिट हो सकते है। विश्व कप मे भारत का पहला मैच आठ अक्टूबर को है और इसलिए इसमें अभी समय है। उन्होंने कहा, जहां तक अश्विन की बात है तो हम जानते है कि वह मैच फिट है और अच्छी लय मे है। यदि अक्षर समय पर फिट नही हो पाते है तो फिर अश्विन को उनकी जगह मिलेगी। यह भी पता चला है कि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को कुछ दिनों का विश्राम दिया जाएगा।सूत्रों ने कहा, टीम की रोटेशन नीति के अनुसार बुमराह को विश्राम दिया गया तथा अब वह कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव के साथ टीम मे वापसी करेंगे। पिछले कुछ समय से लगातार खेल रहे गिल के अलावा शार्दुल ठाकुर को भी तीन-चार दिन का विश्राम दिया जाएगा।

## बीसीसीआई एजीएमः डालमिया, धूमल आईपीएल संचालन समिति में बने रहेंगे

**नई दिल्ली /** बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष अविषेक डालमिया और इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) के वर्तमान अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल को सोमवार को गोवा मे आयोजित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) मे आईपीएल संचालन समिति (जीसी) मे फिर से चुना गया है। इस दौरान बीसीसीआई ने आम सभा को आईसीसी द्वारा मिलने वाले वार्षिक राजस्व मे 38 प्रतिशत से अधिक की कमाई और द्विपक्षीय श्रृंखला के अगले चक्र के दौरान मीडिया अधिकारों से प्रति मैच 67 करोड़ रुपए (लगभग) की कमाई के बारे मे अवगत कराया। भी नियमित फैसले लिए गए। क्रिकेट समितियो और उप-समितियो के लिए नामो की सूची पदाधिकारियों द्वारा तैयार की जाएगी। आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल और अविषेक डालमिया को इस टी20 लीग की संचालन समिति मे बरकरार रखा गया है। यह भी पता चला है कि लोकपाल-सह-आचरण अधिकारी अपने अनुबंध के अनुसार बने रहेंगे जो अगले साल समाप्त होने वाला है। राज्य इकाई के सूत्र ने कहा, लोकपाल-सह- आचरण अधिकारी जून 2024 तक बने रहेंगे। वह अपना पूरा अनुबंध पूरा करेंगे। भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा अब शीर्ष परिषद मे भारतीय क्रिकेटर संघ के प्रतिनिधि नही होंगे।

# खोखो में विध्यस्थली व एपी सेन की लड़कियां जीती



**लखनऊ।** प्रदेशीय विद्यालयीय प्रतियोगिता के अंतर्गत लखनऊ जनपदीय विद्यालयीय खो खो प्रतियोगिता 2023 14व् 9वर्षीय बालिका वर्ग का आयोजन क़्वीन्स इण्टर कॉलेज के प्रांगण में प्रधानाचार्य मनोज कुमार के द्वारा किया गया। 19 वर्षीय बालिका वर्ग के फाइनल मैच में विद्यास्थली कनार इण्टर कॉलेज मलिहाबाद ने ए पीसेन गर्ल्स इण्टर कॉलेज चारबाग़ को बेहद रोमांचक मैच में 8.6 अंको से मात देकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया व ए पी सेन गर्ल्स इण्टर कॉलेज चारबाग उपविजेता रही । वर्षीय बालिका वर्ग के फाइनल मैच में ए0 पी0 सेन इण्टर कॉलेज चारबाग़ ने माध्यमिक इण्टर कॉलेज तोपखाना को 7.5 अंको से मात देकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया । वही माध्यमिक विद्यालय को उप विजेता से ही संतोष करना पड़ा।

## लखनऊ जिला एथलेटिक्स टीम घोषित

***लखनऊ /*** आगामी 57वीं यूपी स्टेट वार्षिक जूनियर अंडर-18 एवं अंडर-20 पुरुष् महिलाद्ध एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए लखनऊ जिला एथलेटिक्स टीम की घोषणा कर दी गई। 57वीं यूपी स्टेट वार्षिक जूनियर अंडर.18 एवं अंडर20 एवं पुरुषध् महिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप आगामी 27 से 29 सितंबर तक भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ साई लखनऊ में आयोजित होगी। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए सचिव बीआर वरुण 9415027942 से संपर्क कर सकते है। टीम पुरुष अंडर 20 टीम -आयुष कुमार, उदयराज यादव, विकास कुमारए प्रथम त्रिपाठी, कुलदीप यादव, इंद्रजीत, पंकज यादवए अनुपम, चंद्रमणि त्रिपाठी,नरोत्तम कुमार। महिला अंडर 20 टीम-रशिका कुशवाहा, श्रेया यादव, प्रतीक्षा यादव, रूबी देवी, रागिनी सिंह, शैली श्रीवास्तव। पुरुष अंडर-18 टीम - जय सिंह, आशुतोष सैनी, प्रांशु पाल, जतिन कुमार, युवराज चौहान, नंदन वर्मा, हर्ष कुमार, अयाज खान, शैलेंद्र कुमार, सागर गुप्ता, अविनाश कुमार। महिला अंडर 18 टीम- तनप्रीत कौर, ओमनी यादव, यशस्वी दुबे, सृष्टि कश्यप,राजश्री पाठक, प्रज्ञा जैन, दिव्यांशी शर्माए मीमांशा त्रिपाठी।

## पाक के खिलाड़ियों को भारतीय वीजा जारी : आईसीसी

**भाष।** इंदौर

**पाकिस्तान** क्रिकेट टीम के सदस्यो को एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारतीय वीजा जारी कर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा राष्ट्रीय टीम की हैदराबाद यात्रा मे देरी पर वैश्विक संस्था के साथ गंभीर चिंता जताए जाने के कुछ घंटो बाद आईसीसी ने वीजा जारी होने की पुष्टि की।पाकिस्तान की टीम 27 सितंबर को तड़के भारत के लिए रवाना होगी। टीम को निर्धारित यात्रा से 48 घंटे से भी कम समय पहले वीजा मंजूरी मिल गई। पाकिस्तान 29 सितंबर को हैदराबाद मे न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलेगा।आईसीसी के एक प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, पाकिस्तान को वीजा जारी किया जा चुका है। वीजा जारी होने को लेकर हालांकि पाकिस्तानी खेमे मे असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोनः 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।